श्री

धवला-टीका-समन्वितः

षट्खण्डागमः

सत्कर्मान्तर्गत

मोक्षादिचतुर्दश-अनुयोगद्वार

पुस्तक १६

सम्पादक

हीरालाल जैन

श्रीभगवत्–पुष्पदन्त–भूतबलिप्रणीतः

षट्खंडागमः

श्रीवीरसेनाचार्य-विरचित-धवला-टीका-समन्वितः ।

तस्य

सत्कर्मान्तर्गतशेष-अष्टादश-अनुयोगद्वारेषु

हिन्दीभाषानुवाद-तुलनात्मकटिप्पण-प्रस्तावनानेकपरिशिष्टैः सम्पादितानि

मोक्षादि-चतुर्दशानुयोगद्वाराणि

सम्पादक :—

वैशाली-प्राकृत-जैनविद्यापीठस्य प्राचार्यैः

एम्. ए.; एल् एल्. बी.; डी. लिट्. इत्युपाधिधारी

हीरालालो जैनः

सहसम्पादकौ

पं० फूलचन्द्रः सिद्धान्तशास्त्री * पं० बालचन्द्रः सिद्धान्तशास्त्री

संशोधने सहायकः

डा० नेमिनाथ-तनय-आदिनाथ उपाध्यायः

एम्० ए०; डी० लिट्०

प्रकाशकः

श्रीमन्त सेठ शिताबराय लक्ष्मीचन्द्र

जैन-साहित्योद्धारक-फंड-कार्यालयः

विदिशा (म० प्र०)

वि० सं० २०१५] वीर-निर्वाण-संवत् २४८४ [ई० स० १९५८

मूल्यं द्वादशरूप्यकम्

प्रकाशक:

श्रीमन्त सेठ शिताबराय लक्ष्मीचन्द्र

जैन-साहित्योद्धारक-फंड-कार्यालय

विदिशा (म० प्र०)

मुद्रक —

पं० शिवनारायण उपाध्याय, बी० ए०

नया संसार प्रेस,

भदैनी, वाराणसी

THE

ṢAṬKHAṆḌĀGAMA

OF

PUṢPADANTA AND BHŪTABALI

WITH

THE COMMENTARY DHAVALĀ OF VĪRASENA

VOL. XVI

The Last Fourteen Anuyogadvaras, Moksha etc.

Edited
with translation, notes and indexes

BY

Dr. HIRALAL JAIN, M. A., LL. B., D. Litt.
Director, Prakrit Jain Institute, Vaishali

Assisted by

Pandit Phoolchandra,
Siddhanta Shastri.

Pandit Balchandra,
Siddhanta Shastri

With the cooperation of

Dr. A. N. Upadhye,
M. A., D. LITT.

Published by

Shrimant Seth Shitabrai Laxmichandra,
Jaina Sahitya Uddharaka Fund Karyalaya.
Vidisha (M. P.)

1958

Price rupees twelve only.

सम्पादकीय

मुझे आज बड़ी प्रसन्नता है कि जिस षट्खंडागम और उसकी टीका धवलाका सम्पादन प्रकाशन कार्य आजसे बीस वर्ष पूर्व सन् १९३८ में प्रारंभ हुआ था, वह आज प्रस्तुत भागके साथ संपूर्णताको प्राप्त हो रहा है। किन्तु ज्ञानकी दृष्टिसे यह कार्य केवल हमारे कर्तव्यकी प्रथम सीढ़ी मात्र है। इस प्रकाशनके द्वारा इस महान् शास्त्रीय रचनाका मूल पाठ, उसका मूलानुगामी अनुवाद, यत्र तत्र विशेष स्पष्टीकरण व तुलनात्मक टिप्पण तथा कुछ ऐतिहासिक विवेचन व पारिभाषिक शब्दोंकी सूचियाँ मात्र प्रस्तुत की जा सकी हैं। हमारे विचारके अनुसार अभी इसके सम्बन्धमें विशेष रूपसे निम्न कार्य अवशिष्ट हैः—

१—इसके मूल पाठका एक बार सावधानीसे मूडविद्रीकी तीन उपलभ्य ताड़पत्रीय प्रतियोंसे मिलान व पाठभेदोंका अंकन। इस कार्यके लिये उक्त प्रतियोंके फोटोका भी उपयोग किया जा सकता है।

२—इसके विषयका समस्त जैन कर्मसिद्धान्तसम्बन्धी दिगम्बर और श्वेताम्बर तथा वैदिक व बौद्ध साहित्यके साथ तुलनात्मक अध्ययन व पाश्चात्य दर्शन प्रणालीसे उसका विवेचन।

३—सूत्रों और टीकाका प्राकृत भाषासम्बन्धी अध्ययन।

मुझे आशा है कि वर्तमान युगकी बढ़ती हुई ज्ञानपिपासा तथा विशेष अध्ययनकी ओर अभिरुचि व प्रोत्साहन को देखते हुए उक्त प्रवृत्तियोंको हाथ लगानेमें विलम्ब न होगा।

यद्यपि प्रत्येक भागके साथ भूमिकामें ग्रन्थसम्बन्धी ऐतिहासिक विवरण व विषय परिचय दिया गया है एवं परिशिष्टोंमें शब्द सूचियाँ, तथापि मेरा विचार था कि प्रस्तुत अन्तिम भागमें उक्त समस्त सामग्रीका पुनरावलोकन सहित संकलन दे दिया जाय। तदनुसार पारिभाषिक शब्दसूची संकलित करके इस भागके साथ प्रस्तुत की जा रही है। प्रस्तावनात्मक सामग्रीका भी संकलन कार्य चालू किया गया था। किन्तु इसी बीच मेरा स्वास्थ्य गिरने लगा और मुझे डाक्टरोंका आदेश मिला कि कुछ कालके लिये कठोर मानसिक व शारीरिक परिश्रम त्यागकर विश्राम किया जाय, नहीं तो प्रकृति और अधिक बिगड़नेका भय है। इस कारण उस सुविस्तृत भूमिकाका विचार छोड़कर एवं इस प्रकाशनमें अधिक विलम्ब उचित न समझकर इस भागको प्रकाशित किया जा रहा है। यदि विधि अनुकूल रहा तो उक्त कार्य भविष्यमें कभी पूर्ण करनेका प्रयत्न किया जायगा। आवश्यक ऐतिहासिक व विषय-परिचयसम्बन्धी जानकारी भिन्न भिन्न भागोंमें संगृहीत है ही।

इस समय स्वभावतः मेरी स्मृति इस सम्पादन प्रकाशनके गत बीस वर्षके इतिहास पर जा रही है। सफल और धन्य है वह श्रीमन्त सेठ सिताबराय लक्ष्मीचन्द्र जी, भेलसा, की सम्पत्ति जिसके थोड़ेसे दानसे यह महान् शास्त्रोद्धारका कार्य हो सका। वे गजरथ महोत्सव कराने जा रहे थे कि मेरे परम सुहृत् बैरिस्टर जमुनाप्रसाद जैनने इटारसी परिषद्के अधिवेशनके समय उनकी सद्बुद्धिको यह मोड़ दिया। गजरथ आज भी चलाये जा रहे हैं और उनमें अपरिमित धन व्यय किया जा रहा है। पाठक विचार कर देखें कि आज दानकी प्रवृत्ति किस दिशामें सार्थक है। पश्चात् भेलसानिवासी श्रीमान् स्वर्गीय सेठ राजमल जी व श्रीमान् तखतमल जी (वर्तमान मध्य प्रदेशी मंत्रि-मण्डलके सदस्य) ने सेठ लक्ष्मीचन्द जी की उस

सद्बुद्धिको सुदृढ़ और व्यवस्थित करके दानकी रजिस्ट्री करा दी। सम्पादन कार्यके प्रारम्भमें अमरावती निवासी श्रीमान् स्वर्गीय सेठ पन्नालाल जीका साहाय्य व प्रोत्साहन कभी भूला नहीं जा सकता। उन्होंने मानो इसी कार्यके लिये अपने मन्दिर जीके शास्त्र भंडारमें इस आगमकी पूर्ण प्रतिलिपि कराकर मँगा रखी थी। उसे तुरन्त उन्होंने मेरे सुपुर्द कर दिया। उनका यह कार्य उस समय कम साहसका नहीं था, क्योंकि भ्रान्तिवश हमारी विद्वत्समाजका एक दल इन ग्रन्थोंके प्रकाशन ही नहीं किन्तु किसी गृहस्थके द्वारा इनके अध्ययनका भी कट्टर विरोधी था और उस विरोधने क्रियात्मक रूप धारण कर लिया था। सेठ पन्नालालजी व अमरावती जैन पंचायतके अनुसार कारंजा जैन आश्रम तथा सिद्धान्त भवन, आरा, के अधिकारियोंने भी हमें उनकी प्रतियोंका उपयोग करनेकी सुविधा प्रदान की। प्रकाशन सम्बन्धी कागज, छपाई आदि विषयक कठिनाइयोंके हल करनेमें पं० नाथूराम जी प्रेमीका वरद हस्त सदैव हमारे ऊपर रहा। यही नहीं, बीचमें आर्थिक कठिनाईको दूर करने, मुद्रण कार्य बम्बईमें कराने व अपने घर पर इसका दफ्तर रखनेमें भी वे नहीं हिचकिचाये।

मेरे सम्पादक सहयोगियोंमें से डा० ए० एन० उपाध्ये प्रारम्भसे अभी तक मेरे साथ हैं। पं० फूलचन्द्र जी शास्त्रीका सहयोग भी आदिसे, बीचमें कुछ वर्षोंके विच्छेदके पश्चात्, अभी भी मुझे मिल रहा है। पं० बालचन्द्र जी शास्त्रीका भी जबसे सहयोग प्राप्त हुआ तबसे अन्त तक निरन्तर निभता गया। स्वर्गीय पं० देवकीनन्दन जी शास्त्रीका भी आदिसे उनके देहावसान होने तक मुझे पूर्ण सहयोग मिलता रहा। पं० हीरालाल जी शास्त्रीका सहयोग इस कार्यके प्रारम्भमें बहुमूल्य रहा। किन्तु खेद है वह सहयोग अन्त तक न निभ सका। मैंने इन सब व्यक्तियों और घटनाओंका केवल संकेत मात्र किया है। तत्तत् सम्बन्धी आज सैकड़ों प्रिय-अप्रिय एवं साधक बाधक घटनाएँ मेरे स्मृति-पटल पर नाच रही हैं। किन्तु जिसका 'अन्त भला, वह सर्वांग भला' की उक्तिके अनुसार उस समस्त इतिहासमें मुझे माधुर्य ही माधुर्यका अनुभव हो रहा है।

जिन पुरुषोंका मैं ऊपर उल्लेख कर आया हूँ उन्हें किन शब्दोंमें धन्यवाद दूँ? बस यही एक भावना और प्रार्थना है कि जिन-वाणीकी सेवामें उन्होंने अपना जैसा तन, मन, धन लगाया है, वैसा ही वे आजन्म लगाते रहें जिससे उनके ज्ञानावर्णीय कर्मोंका क्षय हो और वे निर्मल ज्ञान प्राप्त कर पूर्ण आत्मकल्याण करनेमें सफल हों।

१-५-१९५८]

हीरालाल जैन

विषय-परिचय

कर्मप्रकृतिप्राभृतके कृति आदि २४ अनुयोगद्वारोंमें से प्रथम १० अनुयोगद्वारोंका संक्षिप्त परिचय यथास्थान कराया जा चुका है। यहाँ मोक्ष अनुयोगद्वारसे लेकर शेष १४ अनुयोगद्वारोंका परिचय कराया जाता है।

११ मोक्ष—मोक्ष अनुयोगद्वारका विचार नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चार निक्षेपों द्वारा करनेकी प्रतिज्ञा करके मात्र कर्मद्रव्यमोक्षका विशेष विचार प्रकृतमें किया गया है और शेष निक्षेपोंके व्याख्यानको सुगम बतलाकर छोड़ दिया गया है। कर्मप्रकृतियाँ मूल और उत्तरके भेदसे दो प्रकारकी हैं, इसलिए कर्मद्रव्यमोक्षके दो भेद हो जाते हैं—मूलप्रकृतिकर्मद्रव्य-मोक्ष और उत्तरप्रकृतिकर्मद्रव्यमोक्ष। ये दोनों भी देशमोक्ष और सर्वमोक्षके भेदसे दो दो प्रकारके हैं। किसी मूल या उत्तर प्रकृतिके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा एकदेशका अभाव होना देशमोक्ष है और किसी मूल या उत्तर प्रकृतिका प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा सर्वथा अभाव होना सर्वमोक्ष है, इसलिए देशमोक्ष और सर्वमोक्ष ये दोनों ही प्रकृतिमोक्ष, स्थितिमोक्ष, अनुभागमोक्ष और प्रदेशमोक्ष इन चार भागोंमें विभक्त हो जाते हैं। खुलासा इस प्रकार है—विवक्षित प्रकृतिकी निर्जरा होना या उसका अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमित होना प्रकृतिमोक्ष कहलाता है। प्रदेशमोक्षका विचार प्रकृतिमोक्षके ही समान है। किसी भी प्रकृतिकी विवक्षित स्थितिका अभाव चार प्रकारसे होता है—अपकर्षण द्वारा, उत्कर्षण द्वारा, संक्रमणद्वारा और अधःस्थितिगलन द्वारा; इसलिए इन चारोंमेंसे किसी एकके आश्रयसे विवक्षित स्थितिका अभाव होना स्थितिमोक्ष कहलाता है। स्थितिके जघन्यादि सब विकल्पोंमें स्थितिमोक्षका विचार इसी प्रकार कर लेना चाहिए। अनुभागमोक्ष भी स्थितिमोक्षके समान चार प्रकारसे होता है, इसलिए अनुभागके भी उत्कृष्टादि सब भेदोंमें उक्त प्रकारसे अनुभाग-मोक्षको घटित करके बतलाया गया है।

यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक प्रतीत होता है कि कर्मद्रव्यमोक्ष अनुयोद्वारमें सम्यग्दर्शन आदि गुणोंके द्वारा जीवके बन्धनसे मुक्त होने मात्रका विचार न करके प्रति समय बन्धको प्राप्त होनेवाले कर्मोंकी प्रकृति आदिका अभाव किस किस प्रकारसे होता रहता है इसका भी विचार किया गया है। जीवका कर्मोंसे छूटनेका क्रम एक प्रकारका ही है। यदि सम्यग्दर्शनादि गुणोंके द्वारा कर्मसे छुटकारा मिलता है तो नवीन बन्ध न होनेसे वह सर्वथा मुक्तिका कारण होता है इतना मात्र यहाँ विशेष है। इसी अभिप्रायको ध्यानमें रखकर नोआगमद्रव्यमोक्षके मोक्ष, मोक्षकारण और मुक्त ये तीन भेद किये गये हैं। जीव और कर्मोंका वियुक्त हो जाना मोक्ष है। सम्यग्दर्शन आदि मोक्षके कारण हैं और समस्त कर्मोंसे रहित अनन्त गुण युक्त शुद्ध बुद्ध आत्मा मुक्त है। मोक्ष अनुयोगद्वारमें इसका भी विस्तारके साथ विचार किया गया है।

१२ संक्रम—संक्रमका छह प्रकारका निक्षेप करके उसके आश्रयसे इस अनुयोगद्वारमें विचार किया गया है। क्षेत्र संक्रमका निर्देश करते हुए बतलाया है कि एक क्षेत्रका क्षेत्रान्तरको

प्राप्त होना क्षेत्रसंक्रम है। इस पर यह शंका की गई कि क्षेत्र निष्क्रिय होता है, इसलिए उसका अन्य क्षेत्रमें गमन कैसे हो सकता है। इसका समाधान वीरसेनस्वामीने इस प्रकार किया है कि जीव और पुद्गल सक्रिय पदार्थ हैं, इसलिए आधेयमें आधारका उपचार करनेसे क्षेत्रसंक्रम बन जाता है। कालसंक्रमका निर्देश करते हुए बतलाया है कि एक काल गत होकर नवीन कालका प्रादुर्भाव होना कालसंक्रम है। लोकमें हेमन्त ऋतु या ग्रीष्म ऋतु संक्रान्त हुई ऐसा व्यवहार भी देखा जाता है। यहाँ विवक्षित क्षेत्र और विवक्षित कालमें स्थित द्रव्यकी क्षेत्र और काल संज्ञा रख कर भी क्षेत्रसंक्रम और कालसंक्रम घटित कर लेना चाहिए, ऐसा वीरसेनस्वामीने सूचित किया है।

इस प्रकार संक्षेपसे छह निक्षेपोंका विचार करनेके पश्चात् विवक्षित अनुयोगद्वारमें कर्म-संक्रमको प्रकृत बतलाकर उसके चार भेद किये हैं—प्रकृतिसंक्रम, स्थितिसंक्रम, अनुभाग-संक्रम और प्रदेशसंक्रम। एक प्रकृतिका अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रान्त होना यह प्रकृतिसंक्रम है। इस विषयमें विशेष नियम ये हैं। यथा—किसी भी मूलप्रकृतिका अन्य मूलप्रकृतिरूपसे संक्रमण नहीं होता। उदाहरणार्थ, ज्ञानावरणका दर्शनावरणरूपसे संक्रमण नहीं होता। इसीप्रकार अन्य मूल प्रकृतियोंके विषयमें भी जानना चाहिए। उत्तर प्रकृतियोंकी अपेक्षा जिस मूल कर्मकी जितनी उत्तर प्रकृतियाँ हैं उनमें परस्पर संक्रमण होता है। उदाहरणार्थ, ज्ञानवरणकी पाँच उत्तर प्रकृतियाँ हैं, इसलिए उनका परस्परमें संक्रमण होता है। इसी प्रकार अन्य मूल प्रकृतियोंमेंसे जिसकी जितनी उत्तर प्रकृतियाँ हों उनके परस्पर संक्रमणके विषयमें यह नियम जानना चाहिये। मात्र दर्शनमोहनीयका चारित्रमोहनीयमें और चारित्रमोहनीयका दर्शनमोहनीयमें संक्रमण नहीं होता तथा चार आयुओंका भी परस्पर संक्रमण नहीं होता इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए।

भागहारकी दृष्टिसे संक्रमके पाँच भेद हैं—अधःप्रवृत्तसंक्रम, विध्यातसंक्रम, उद्वेलना-संक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम। इनमेंसे प्रकृतमें इन अवान्तर भेदोंकी दृष्टिसे संक्रमका विचार न करके वीरसेन स्वामीने बन्धके समय होनेवाले इस संक्रमका स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, काल, अन्तर और अल्पबहुत्व इन अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर उत्तरप्रकृतिसंक्रमका विचार किया है।

स्वामित्वका निर्देश करते हुए बतलाया है कि पाँच ज्ञानवरण, नौ दर्शनावरण, बारह कषाय और पाँच अन्तरायका अन्यतर सकषाय जीव संक्रामक होता है। असाताका बन्ध करने-वाला जीव साताका संक्रामक होता है और साताका बन्ध करनेवाला सकषाय जीव असाताका संक्रामक होता है। दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयका परस्पर संक्रम नही होता यह तो स्पष्ट ही है। दर्शनमोहनीयके संक्रमके विषयमें यह नियम है कि सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव दर्शनमोहनीयका संक्रामक नहीं होता। सम्यक्त्वका मिथ्यादृष्टि जीव संक्रामक होता है। मात्र सम्यक्त्वका एक आवलि प्रमाण सत्कर्म शेष रहने पर उसका संक्रम नहीं होता। मिथ्यात्वका सम्यग्दृष्टि जीव संक्रामक होता है। मात्र जिस सम्यग्दृष्टिके एक आवलिसे अधिक सत्कर्म विद्यमान है ऐसा जीव इसका संक्रामक होता है। यही नियम सम्यग्मिथ्यात्वके लिए भी लागू करना चाहिए। पर इसका संक्रामक मिथ्यादृष्टि और सम्य-ग्दृष्टि दोनों होते हैं। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका उपशम और क्षय क्रियाका अन्तिम समय प्राप्त होने तक कोई भी जीव संक्रामक होता है। पुरुषवेद और तीन संज्वलनका उपशम और क्षयका प्रथम समय प्राप्त होने तक कोई भी जीव संक्रामक होता है। संज्वलन लोभका ऐसा जीव संक्रामक होता है जिस उपशामक और क्षपकने संज्वलन लोभके अन्तरका अन्तिम समय नहीं प्राप्त किया है। तथा जो अक्षपक और अनुपशामक है वह भी इसका

संक्रामक होता है। चारों आयुओंका संक्रम नहीं होता ऐसा स्वभाव है। यशःकीर्तिको छोड़कर सब नामकर्मकी प्रकृतियोंका सकषाय जीव संक्रामक होता है। मात्र जिसके एक आवलिसे अधिक सत्कर्म विद्यमान हैं ऐसा जीव इनका संक्रामक होता है। यशःकीर्तिका संक्रामक तब तक होता है जब तक पर भवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंका बन्ध करता है। उच्चगोत्रका संक्रामक नीचगोत्रका बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव होता है। मात्र एक आवलिसे अधिक सत्कर्मके रहते हुए उच्चगोत्रका संक्रामक होता है। नीचगोत्रका संक्रामक उच्च-गोत्रका बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव होता है। इस प्रकार सब प्रकृतियोंके स्वामित्वको जान कर काल आदि अनुयोगद्वारोंका विचार कर लेना चाहिए। मूलमें इनका विचार किया ही है, इसलिए विस्तार भयसे यहाँ उनका अलग अलग निर्देश नहीं करते हैं।

इस प्रकार प्रकृतिसंक्रमका विचार कर आगे प्रकृतिस्थानसंक्रमकी सूचना करते हुए बतलाया गया है कि ज्ञानावरणीय, वेदनीय, गोत्र और अन्तरायका एक एक ही संक्रमस्थान है। दर्शनावरणके नौ प्रकृतिक और छह प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान हैं। मोहनीयके संक्रमस्थानोंका विचार कषायप्राभृतमें विस्तारके साथ किया है। नामकर्मकी पिण्डप्रकृतियोंके आश्रयसे स्थान-समुत्कीर्तना करनी चाहिए। इस प्रकार अलग अलग प्रकृतियोंके संक्रमस्थान जानकर उनके आश्रयसे स्वामित्व और काल आदि सब अनुयोगद्वारोंका विचार करनेकी सूचना करके यह प्रकरण समाप्त किया गया है।

आगे स्थितिसंक्रमका निर्देश करके उसकी प्ररूपणा इस प्रकार की है। स्थितिसंक्रम दो प्रकारका है—मूलप्रकृतिस्थितिसंक्रम और उत्तरप्रकृतिस्थितिसंक्रम। स्थितिसंक्रम तीन प्रकारसे होता है। यथा—स्थितिका अपकर्षण होने पर स्थितिसंक्रम होता है, स्थितिका उत्कर्षण होने पर स्थितिसंक्रम होता है और स्थितिके अन्य प्रकृतिको प्राप्त कराने पर भी स्थितिसंक्रम होता है। अपकर्षण की अपेक्षा संक्षेपमें स्थितिसंक्रमका विचार इस प्रकार है—उदयावलिके भीतरकी सब स्थितियोंका अपकर्षण नहीं होता। उदयावलिके बाहर जो एक समय अधिक उदयावलिप्रमाण स्थिति है उसका अपकर्षण होता है। अपकर्षण होकर उसका एक समय कम आवलिके दो बटे तीन भागप्रमाण स्थितिको अस्थिापनारूपसे रखकर एक अधिक तृतीय भागमें निक्षेप होता है। इससे आगेकी स्थितियोंका अपकर्षण होने पर एक आवलिप्रमाण अतिस्थापना प्राप्त होने तक उसकी वृद्धि होती है और निक्षेप उतना ही रहता है। इससे आगे अतिस्थापना अवस्थितरूपसे एक आवलिप्रमाण ही रहती है और निक्षेप उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है। उत्कर्षणके विषयमें यह नियम है कि उदयावलिके भीतरकी सब स्थितियोंका उत्कर्षण नहीं होता। एक समय अधिक उदयावलिकी अन्तिम स्थितिका उत्कर्षण होता है। किन्तु उसका नहीं बँधनेवाली स्थितिमें निक्षेप न होकर बँधनेवाली जघन्य स्थितिसे लेकर ऊपरकी सब स्थितियोंमें निक्षेप होता है। यह विधि उत्कर्षणको प्राप्त होनेवाली नीचेकी स्थितियोंकी कही है। ऊपरकी स्थितियोंका उत्कर्षण किस प्रकार होता है इसका विचार करने पर यदि यह जीव सत्कर्मसे एक समय अधिक स्थितिका बन्ध करता है तो पूर्वबद्ध कर्मकी अन्तिम स्थितिका उत्कर्षण नहीं होता, क्योंकि यहाँ पर अतिस्थापना और निक्षेपका अभाव है। पूर्वबद्ध कर्मकी द्विचरम स्थितिका भी उत्कर्षण नहीं होता, क्योंकि यहाँ पर भी अतिस्थापना और निक्षेप सम्भव नहीं हैं। इस प्रकार पूर्वबद्ध कर्मकी एक आवलि और एक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिके नीचे जाने तक जितने भी स्थितिविकल्प हैं उनका उत्कर्षण सम्भव नहीं। कारण वही है। हाँ उससे नीचे एक स्थितिके जाने पर जो स्थितिविकल्प स्थित है उसका उत्कर्षण हो सकता है और वैसी अवस्थामें एक आवलिप्रमाण अतिस्थापना होती है तथा

शेष आवलिका असंख्यातवाँ भाग निक्षेप होता है। इस प्रकार संक्षेपमें उत्कर्षणका निर्देश करके आगे निक्षेप और अतिस्थापनाका अल्पबहुत्व बतलाया गया है।

आगे उत्तरप्रकृतिसंक्रमके प्रमाणानुगमका निर्देश करते हुए वह उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्यके भेदसे चार प्रकारका बतलाया है। उदाहरणार्थ मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट स्थिति-संक्रम दो आवलि कम तीस कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण होता है, क्योंकि किसी भी प्रकृतिका बन्ध होने पर एक आवलि काल तक उसका संक्रमण नहीं होता, इसलिए एक आवलि तो यह कम हो जाती है। इसके बाद उदयावलिको छोड़कर शेष स्थितिका अन्य बन्धको प्राप्त होनेवाली प्रकृतिमें संक्रमण होता है, इसलिए एक आवलि यह कम हो जाती है। इस प्रकार उक्त दो आवलियोंको छोड़कर शेष सब स्थिति संक्रमणसे प्राप्त हो सकती है, इसलिए मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट संक्रमस्थिति दो आवलि कम तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण कही है। पर उस समय उस कर्मकी स्थिति आवलि कम तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण होती है, इसलिए उसका यत्स्थितिसंक्रम एक आवलि कम तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण कहा है। इस प्रकार मूलमें मात्र मतिज्ञानावरणका उदाहरण देकर शेष कर्मोंके विषयमें उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाके समान उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमके जाननेकी सूचना की है और जिन कर्मोंमें उत्कृष्ट स्थितिउदीरणासे भेद है उनका अलगसे निर्देश कर दिया है सो विचार कर उसे घटित कर लेना चाहिए। स्वतन्त्ररूपसे विचार किया जाय तो उसका तात्पर्य इतना ही है कि जो बन्धसे उत्कृष्ट स्थितिवाली प्रकृतियाँ हैं उनका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम दो आवलिकम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है और उत्कृष्ट यत्स्थितिसंक्रम एक आवलि कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है। परन्तु जो बन्धोत्कृष्ट स्थितिवाली प्रकृतियाँ न होकर संक्रमोत्कृष्ट स्थितिवाली प्रकृतियाँ हैं उनका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम तीन आवलि कम उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है और उत्कृष्ट यत्स्थितिसंक्रम दो आवलि कम उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है। मात्र दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंमें तथा आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिमें जो विशेषता है उसे अलगसे जान लेना चाहिए। चारों आयुओंका जो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध है वही उनका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम है, क्योंकि एक आयुका अन्य आयुमें संक्रम नहीं होता। मात्र इनकी यत्स्थिति एक आवलि कम उत्कृष्ट आबाधासहित अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कही है। इनकी उत्कृष्ट यत्स्थिति इतनी कैसे कही है इस विषयको श्वेताम्बर कर्मप्रकृतिकी टीका में स्पष्ट किया है। उसका भाव यह है कि आयुबन्ध होते समय बन्धावलिप्रमाण काल जानेपर आयुबन्धके प्रथम समयमें बँधे हुए कर्मका उत्कर्पण होने पर उसकी अबाधा सहित उत्कृष्ट यत्स्थिति उक्त कालप्रमाण प्राप्त होती है। यह एक समाधान है। तथा 'अथवा' कहकर दूसरा समाधान इसप्रकार किया है कि बन्धावलिके बाद आयुकी निर्व्याघात-रूप अपवर्तना (अपकर्षण) भी सर्वदा सम्भव है, इसलिए उसकी अपेक्षा पूर्वोक्त प्रमाण यत्स्थिति जान लेनी चाहिए। अभिप्राय इतना ही है कि पूर्वकोटिकी आयुवाले मनुष्यके प्रथम त्रिभागमें परभवसम्बन्धी उत्कृष्ट आयुका बन्ध होने पर उसकी निषेक रचना तो नरकायु और देवायुकी तेतीस सागरप्रमाण तथा तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी तीन पल्यप्रमाण ही रहती है। आबाधा-काल पूर्वकोटिका त्रिभाग इससे अलग है इसलिए इनका जो स्थितिबन्ध है वही स्थितिसंक्रम है। पर इनके बन्धके प्रथम समयसे लेकर एक आवलि काल जानेपर इन निषेकस्थितियोंमें बन्ध होते समय उत्कर्षण और बन्ध होते समय या बन्ध समयके बाद भी अपकर्पण होने लगता है। यतः इस उत्कर्षण और अपकर्षणमें एक स्थितिसे प्रदेश समूह उठकर दूसरी स्थितिमें निक्षिप्त होते समय स्थितिके परिमाणमें अबाधाकाल भी गर्भित है। पर यह उत्कर्षण और अपकर्षण बन्धके प्रथम समयसे लेकर एक आवलिकाल तक सम्भव नहीं है। यही कारण है कि आयुकर्मकी

यत्स्थिति कहते समय नरकायु आदिकी अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें एक आवलिकम उत्कृष्ट आबाधाकाल भी सम्मिलित कर लिया है।

इसप्रकार उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमके प्रमाणका अनुगम करनेके बाद जघन्य स्थितिसंक्रमके प्रमाणका निर्देश किया है। खुलासा इसप्रकार है—पाँच ज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण आदि चार दर्शनावरण, सम्यक्त्व, संज्वलन लोभ, चार आयु और पाँच अन्तराय इनकी एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थिति शेष रहने पर उदयावलिसे उपरितन एक समयमात्र स्थितिका अपकर्षण होता है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थितिप्रमाण है और यत्स्थितिसंक्रम समयाधिक एक आवलिप्रमाण है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, नरकगतिद्विक, तिर्यञ्चगतिद्विक, एकेन्द्रिय आदि चार जाति, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण इनकी क्षपणा होनेके अन्तिम समयमें जघन्य स्थिति पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होती है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम उक्त प्रमाण कहा है। परन्तु क्षपणाके अन्तिम समयमें इनके उदयावलिमें स्थित निषेकोंका संक्रम नहीं होता, इसलिए उक्त कालमें उदयावलिके मिला देनेपर इनकी यत्स्थिति उदयावलि अधिक पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होती है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी यत्स्थिति उदयावलि अधिक न कहकर अन्तर्मुहूर्त अधिक कहनी चाहिए, क्योंकि इन दोनों प्रकृतियोंकी क्षपणाकी समाप्ति अन्तरकरणमें रहते हुए होती है और अन्तरकरणका काल उस समय अन्तर्मुहूर्त शेष रहता है इसलिए यह स्पष्ट है कि अन्तरकरणमें इनके प्रदेशोंका अभाव होनेसे यत्स्थिति इतनी बढ़ जाती है। निद्रा और प्रचलाकी स्थिति दो आवलि और एक आवलिका असंख्यातवाँ भाग शेष रहनेपर इनकी मात्र उपरितन एक स्थितिका संक्रम होता है ऐसा स्वभाव है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थिति और यत्स्थितिसंक्रम आवलिका असंख्यातवाँ भाग अधिक दो आवलि होता है। हास्यादि छहकी क्षपणाके अन्तिम समयमें जघन्य स्थिति संख्यात वर्षप्रमाण होती है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम संख्यात वर्ष-प्रमाण होता है। पर इनकी क्षपणाकी समाप्ति भी अन्तरकरणमें रहते हुए होती है और उस समय अन्तरकरणका काल अन्तर्मुहूर्त शेष रहता है, इसलिए इनकी यत्स्थिति अन्तर्मुहूर्त अधिक संख्यात वर्ष होती है। क्रोधसंज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध दो महीना प्रमाण होता है, मान-संज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध एक महीनाप्रमाण होता है, मायासंज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध अर्ध मासप्रमाण होता है और पुरुषवेदका जघन्य स्थितिबन्ध आठ वर्षप्रमाण होता है। इन प्रकृतियोंके उक्त स्थितिबन्धमेंसे अलग अलग अन्तमुहूर्तप्रमाण अबाधाकालके कम कर देनेपर उनके जघन्य स्थिति संक्रमका प्रमाण आ जाता है जो क्रमशः अन्तर्मुहूर्त कम दो माह, अन्तर्मुहूर्त कम एक माह, अन्तमुहूर्त कम अर्धमास और अन्तर्मुहूर्त कम आठ वर्षप्रमाण होता है। तथा इनका यस्थितिसंक्रम क्रमसे दो आवलि कम दो माह, दो आवलि कम एक माह, दो आवलि कम अर्धमास और दो आवलि कम आठ वर्षप्रमाण होता है, क्योंकि अपना अपना जघन्य स्थितिबन्ध होनेपर उसका एक आवलि काल तक संक्रम नहीं होता, इसलिए अपने अपने जघन्य स्थितिबन्धमेंसे एक आवलि तो यह कम हो गई और संक्रम प्रारम्भ होने पर वह एक आवलि काल तक होता रहता है, इसलिए एक आवलि यह कम हो गई। अतः इन प्रकृतियोंके जघन्य यत्स्थितिसंक्रमका प्रमाण अपने अपने जघन्य स्थितिबन्धमेंसे दो आवलि कम करने पर जो प्रमाण शेष रहे उतना प्राप्त होता है। अब रहीं शेष प्रकृतियाँ सो उनकी जघन्य स्थिति सयोगि-केवलीके अन्तिम समयमें अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होती है, इसलिए वहाँ पर उसमेंसे उदयावलिप्रमाण स्थितिको छोड़कर शेष स्थितिका संक्रमण सम्भव होनेसे उनका जघन्य स्थितिसंक्रम उदयावलि

कम अन्तर्मुहूर्तप्रमाण और यत्स्थितिसंक्रम उदयावलिसहित अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होता है। यहाँपर मूलमें इन प्रकृतियोंकी यत्स्थिति तथा स्त्यानगृद्धित्रिक आदि बत्तीस प्रकृतियोंकी यत्स्थिति नहीं बतलाई गई है। किन्तु वह सम्भव है, इसलिए हमने उसका अलगसे निर्देश कर दिया है। तथा मूलमें देवगति आदिका जघन्य स्थितिसंक्रम बतलाते समय जो प्रकृतियाँ परिगणित की गई हैं उनमें तीन आङ्गोपाङ्ग भी परिगणित किये जाने चाहिए, क्योंकि इनका जघन्य स्थितिसंक्रम भी सयोगिकेवलीके अन्तिम समयमें होता है। आगे जो जघन्य स्थितिसंक्रमका स्वामित्व कहा है उससे भी यह बात स्पष्ट हो जाती है।

इस प्रकार प्रमाणानुगमका निर्देश करनेके बाद जघन्य और उत्कृष्ट भेदोंका आश्रयकर स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर और अल्पबहुत्वका निर्देश करके भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि इन अनुयोगद्वारोंका संक्षेपमें निरूपण किया है।

इस प्रकार स्थितिसंक्रमका विचार कर आगे अनुभागसंक्रमका प्रकरण प्रारम्भ होता है। इसमें सब कर्मोंको देशघाति, सर्वघाति और अघाति इन भेदोंमें विभक्तकर इनके आदि स्पर्धक परस्परमें किनके समान हैं और किनके किस क्रमसे प्राप्त होते हैं यह बतलाकर उत्कर्षणसे प्राप्त होनेवाला अनुभाग अनुभागसंक्रम है, अपकर्षणसे प्राप्त होनेवाला अनुभाग अनुभागसंक्रम है और अन्य प्रकृतियोंमें संक्रमण होकर प्राप्त होनेवाला अनुभाग अनुभागसंक्रम है इस अर्थपदका निर्देश किया गया है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि मूल प्रकृतियोंमें उत्कर्षण और अपकर्षण इन दो प्रकारोंसे और उत्तर प्रकृतियोंमें यथासम्भव तीनों प्रकारोंसे अनुभागसंक्रम होता है।

आगे अपकर्षणसे प्राप्त होनेवाले अनुभागसंक्रमका निर्देश करते हुए बतलाया गया है कि आदि स्पर्धकका अपकर्षण नहीं होता, क्योंकि इसके नीचे जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाका अभाव है। इसीप्रकार जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाके अन्तर्गत जितने स्पर्धक हैं उनका अपकर्षण नहीं होता। मात्र इनके ऊपर जो स्पर्धक अवस्थित हैं उनका अपकर्षण होता है क्योंकि इनकी अतिस्थापना और निक्षेप पाये जाते हैं। इतना निर्देश करनेके बाद यहाँ प्रकृत विषयमें उपयोगी अल्पबहुत्व दिया गया है।

आगे उत्कर्षणके विषयमें यह नियम दिया है कि चरम स्पर्धक की स्थापना और निक्षेप का अभाव है, इसलिए जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाप्रमाण स्पर्धक नीचे सरककर जो स्पर्धक अवस्थित है उसका उत्कर्षण होता है। इसके आगे अपकर्षण और उत्कर्षणकी अपेक्षा निक्षेप और अतिस्थापनाका अल्पबहुत्व देकर अर्थपद समाप्त किया गया है।

आगे प्रमाणानुगम, स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचयय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर, सन्निकर्ष, स्वस्थान अल्पबहुत्व और परस्थान अल्पबहुत्वका निर्देश करके कुछ अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धिका विचारकर अनुभागसंक्रमप्रकरण समाप्त होता है।

आगे संक्रमस्थानोंको सत्कर्मस्थानोंके अनुसार जाननेकी सूचना कर प्रदेशसंक्रमके विषयमें कहा है कि एक उत्तर प्रकृतिके प्रदेशोंका अन्य सजातीय प्रकृतिमें संक्रमित होना प्रदेशसंक्रम कहलाता है। प्रदेशसंक्रम भी मूलप्रकृतियोंमें न होकर उत्तर प्रकृतियोंमें होता है। तदनुसार उत्तर प्रकृतिसंक्रमके पाँच भेद हैं—उद्वेलनसंक्रम, विध्यातसंक्रम, अधःप्रवृत्त संक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम। आगे ये संक्रम किस अवस्थामें और कहाँ होते हैं तथा किन प्रकृतियोंके कितने संक्रम होते हैं यह बतला कर इन संक्रमोंके अवहारकालके अल्पबहुत्वका निर्देश किया गया है। आगे

स्वामित्व आदि अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धिसंक्रमका निर्देश करते हुए इस प्रकरणको समाप्त किया गया है।

१३ लेश्या—लेश्याका निक्षेप चार प्रकारका है-नामलेश्या, स्थापनालेश्या, द्रव्यलेश्या और भावलेश्या। यहाँ इन नामलेश्या आदि निक्षेपोंका स्पष्टीकरण करते हुए तद्व्यतिरिक्त द्रव्यलेश्या के विषयमें लिखा है कि चक्षु इन्द्रियद्वारा ग्राह्य पुद्गलस्कन्धोंके कृष्ण आदि छह वर्णों की द्रव्यलेश्या संज्ञा है। यहाँ इनके उदाहरण भी दिये गये हैं। भावलेश्याके आगम और नोआगम ये भेद करके नोआगम भावलेश्याका वही लक्षण दिया है जो सर्वत्र प्रसिद्ध है। प्रकृतमें नैगमनयकी अपेक्षा नोआगमद्रव्यलेश्या और भावलेश्या प्रकृत है यह कहकर द्रव्यलेश्याके असंख्यात लोकप्रमाण भेद होने पर भी छह भेद ही क्यों किये गये हैं इसका स्पष्टीकरण किया गया है।

आगे शरीरके आश्रयसे किन जीवोंके कौन लेश्या होती है यह बतला कर छह शरीरोंकी द्रव्य लेश्याओंका अलग अलग विचार किया गया है। यद्यपि कृष्णादि द्रव्यलेश्याओंमें एक एक गुणकी मुख्यतासे नामकरण किया जाता है पर इसका यह अभिप्राय नहीं है कि इनमेंसे प्रत्येकमें एक एक गुण ही होता है, इसलिए आगे किस लेश्यामें किस क्रमसे कौन कौन गुण होते हैं इसका स्पष्टीकरण तालिका द्वारा कराया जाता है –

लेश्या नाम	१	२	३	४	५
कृष्णले०	शुक्ल	पीत	लाल	नील	कृष्ण
नीलले०	शुक्ल	पीत	लाल	कृष्ण	नील
कापोतले०	शुक्ल	पीत	कृष्ण	लाल	नील
कापोतले०	शुक्ल	कृष्ण	पीत	नील	लाल
कापोतले०	कृष्ण	शुक्ल	नील	पीत	लाल
पीतले०	कृष्ण	नील	शुक्ल	पीत	लाल
पद्मले०	कृष्ण	नील	शुक्ल	लाल	पीत
पद्मले०	कृष्ण	नील	लाल	शुक्ल	पीत
पद्मले०	कृष्ण	नील	लाल	पीत	शुक्ल
शुक्लले०	कृष्ण	नील	लाल	पीत	शुक्ल

इन लेश्याओंमेंसे जिसमें सर्व प्रथम गुणका निर्देश किया है वह उसमें सबसे स्तोक है और आगेके गुण उस लेश्यामें उत्तरोत्तर अनन्तगुणे हैं। कापोत और पद्मलेश्या तीन तीन प्रकारसे निष्पन्न होती हैं। शेष लेश्याएँ एक ही प्रकारसे निष्पन्न होती हैं। तथा कापोत लेश्यामें द्विस्थानिक अनुभाग होता है और शेष लेश्याओंमें द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक अनुभाग होता है।

मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योगसे उत्पन्न हुए जीवके संस्कारविशेषका नाम भावलेश्या है। द्रव्यलेश्याके समान ये भी छह प्रकारकी होती हैं। उनमेंसे कापोत लेश्या तीव्र होती है, नीललेश्या तीव्रतर होती है और कृष्णलेश्या तीव्रतम होती है। पीतलेश्या मन्द होती है, पद्मलेश्या मन्दतर होती है और शुक्ललेश्या मन्दतम होती है। ये छहों लेश्याएँ षट्स्थानपतित हानि-वृद्धिको लिए हुए होती हैं। तथा इनमें भी कापोतलेश्या द्विस्थानिक अनुभागको लिए हुए होती है और शेष पाँच लेश्याएँ द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक अनुभागको लिए हुए होती हैं। इस प्रकार इस अधिकारमें लेश्याओंका उक्त प्रकारसे वर्णन करके अन्तमें तीव्रता और मन्दताकी अपेक्षा अल्पबहुत्व बतला कर यह अधिकार समाप्त किया गया है।

१४ लेश्याकर्म—कृष्णादि लेश्याओंमेंसे जिसके आलम्बनसे मारण और विदारण आदि जिस प्रकारकी क्रिया होती है उसके अनुसार उसका वह लेश्याकर्म माना गया है। उदाहरणार्थ कृष्णलेश्यासे परिणत हुआ जीव निर्दय, कलहशील, रौद्र, अनुबद्धवैर, चोर, चपल, परस्त्रीमें आसक्त, मधु, मांस और सुरामें विशेष रुचि रखनेवाला, जिन शासनके सुननेमें अतत्पर और असंयमी होता है। इसी प्रकार अन्य लेश्याओंका अपने अपने नामानुरूप कर्म जानना चाहिए। इस प्रकार इस अधिकारमें लेश्याकर्मका विचार किया गया है।

१५ लेश्यापरिणाम—कौन लेश्या किस रूपसे अर्थात् किस वृद्धि या हानिरूपसे परिणत होती है इस बातका विचार इस अधिकारमें किया गया है। इसमें बतलाया है कि कृष्णलेश्यामें षट्स्थानपतित संक्लेशकी वृद्धि होने पर उसका अन्य लेश्यामें संक्रमण न होकर स्वस्थानमें ही संक्रमण होता है। मात्र विशुद्धिकी वृद्धि होने पर उसका अन्य लेश्यामें भी संक्रमण होता है और स्वस्थानमें भी संक्रमण होता है। इतना अवश्य है कि कृष्णलेश्यामेंसे नीललेश्यामें आते समय नियमसे अनन्तगुणहानि होती है। नीललेश्यामें संक्लेशकी वृद्धि होने पर स्वस्थान-संक्रमण भी होता है और नीलसे कृष्णलेश्यामें भी संक्रमण होता है। तथा विशुद्धि होने पर स्वस्थान संक्रमण भी होता है और नीललेश्यासे कापोतलेश्यामें भी संक्रमण होता है। मात्र नीललेश्यासे कृष्ण लेश्यामें जाते समय संक्लेशकी अनन्तगुणी वृद्धि होती है और नीलसे कापोत लेश्यामें आते समय संक्लेशकी अनन्तगुणी हानि होती है। इसी प्रकार शेष चार लेश्याओंमें भी परिणामका विचार कर लेना चाहिए। इस प्रकार इस अधिकारमें परिणामका विचार कर तीव्रता और मन्दताकी अपेक्षा संक्रम और प्रतिग्रहके अल्पबहुत्वका विचार करते हुए इस अधिकारको समाप्त किया गया है।

१६ सातासात—इस अनुयोगद्वारका यहाँ पर पाँच अधिकारोंके द्वारा विचार किया गया है वे पाँच अधिकार ये हैं—समुत्कीर्तना, अर्थपद, पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व। समुत्कीर्तनामें बतलाया गया है कि एकान्त सात और अनेकान्त सातके भेदसे सात दो प्रकारका है। तथा इसी प्रकार एकान्त असात और अनेकान्त असातके भेदसे असात भी दो प्रकारका है। अर्थपदका निर्देश करते हुए बतलाया है कि जो कर्म सातरूपसे बद्ध होकर यथावस्थित रहते हुए वेदा जाता है वह एकान्त सातकर्म है और इससे अन्य अनेकान्त सातकर्म है। इसी प्रकार जो कर्म असातरूपसे बद्ध होकर यथावस्थित रहते हुए वेदा जाता है वह एकान्त असात कर्म है और इससे अन्य अनेकान्त असातकर्म है। पदमीमांसामें इनके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य पदोंके अस्तित्वकी सूचना मात्र की गई है। स्वामित्वमें इन उत्कृष्ट आदि भेद रूप एकान्त सात आदिके स्वामित्वका निर्देश किया गया है। तथा अन्तमें प्रमाणका विचार कर अल्पबहुत्वका निर्देश करते हुए इस अनुयोगद्वारको समाप्त किया गया है।

१७ दीर्घ-ह्रस्व—इसमें दीर्घको प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके भेदसे चार प्रकारका बतला कर उनका बन्ध, उदय और सत्त्वकी अपेक्षा विचार किया गया है। सर्व प्रथम मूलप्रकृतिदीर्घके प्रकृतिस्थानदीर्घ और एकैकप्रकृतिस्थानदीर्घ ये दो भेद करके प्रकृतिस्थानका विचार करते हुए बतलाया है कि आठ प्रकृतियोंका बन्ध होने पर प्रकृतिदीर्घ और उनसे न्यून प्रकृतियोंका बन्ध होने पर नोप्रकृतिदीर्घ होता है। इसी प्रकार उदय और सत्त्वकी अपेक्षा प्रकृतिदीर्घ और नोप्रकृतिदीर्घको घटित करके बतला कर उत्तर प्रकृतियोंमेंसे किस मूलकर्मकी उत्तर प्रकृतियोंमें बन्धादिकी अपेक्षा प्रकृतिदीर्घ सम्भव नहीं है और किसकी उत्तर प्रकृतियोंमें प्रकृतिदीर्घ और नोप्रकृतिदीर्घ सम्भव है यह बतलाया गया है। आगे स्थितिदीर्घ, अनुभागदीर्घ और प्रदेशदीर्घको भी बतलाया गया है।

आगे दीर्घके समान ह्रस्वके भी चार भेद करके उनका विचार किया गया है। उदाहरणार्थ बन्धकी अपेक्षा प्रकृतिह्रस्वका निर्देश करते हुए बतलाया है कि एक एक प्रकृतिका बन्ध करनेवालेके प्रकृतिह्रस्व होता है और इससे अधिकका बन्ध करनेवालेके नोप्रकृतिह्रस्व होता है। इस प्रकार मूल और उत्तर प्रकृतियोंका आलम्बन लेकर बन्ध, उदय और सत्त्वकी अपेक्षा दीर्घ और ह्रस्वके विचार करनेमें इस अनुयोगद्वारकी प्रवृत्ति हुई है।

१८ भवधारणीय—इस अनुयोगद्वारमें भवके ओघभव, आदेशभव और भवग्रहणभव ये तीन भेद करके बतलाया है कि आठ कर्म और आठ कर्मोंके निमित्तसे उत्पन्न हुए जीवके परिणामको ओघभव कहते हैं। चार गति नामकर्म और उनसे उत्पन्न हुए जीवके परिणामको आदेशभव कहते हैं। इसके अनुसार आदेशभव चार प्रकारका है—नारक भव, तिर्यञ्चभव, मनुष्यभव और देवभव। तथा भुज्यमान आयु गलकर नई आयुका उदय होने पर प्रथम समयमें उत्पन्न हुए व्यञ्जन संज्ञावाले जीवके परिणामको या पूर्वशरीरका त्याग होकर नूतन शरीरके ग्रहणको भवग्रहणभव कहते हैं। प्रकृतमें भवग्रहणभवका प्रकरण है। यद्यपि जीव अमूर्त है फिर भी उसका कर्मके साथ अनादि सम्बन्ध होनेसे संसार अवस्थामें वह मूर्तभावको प्राप्त हो रहा है, इसलिए अमूर्त जीवका मूर्त कर्मके साथ बन्ध बन जाता है। ऐसा यह जीव शेष कर्मोंके द्वारा न धारण किया जाकर आयुकर्मके द्वारा धारण किया जाता है, अतएव भवधारणीय आयुकर्म ठहरता है। इसका पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्वको आलम्बन लेकर विस्तारसे विचार वेदना अनुयोगद्वारमें किया है, इसलिए उस सब व्याख्यानको वहाँसे जान लेना चाहिए। इस प्रकार भवग्रहणभवके व्याख्यान करनेमें यह अनुयोगद्वार चरितार्थ है।

१९ पुद्गलात्त—इसमें पुद्गलके चार निक्षेप करके प्रकृतमें नोआगमतद्व्यतिरिक्त द्रव्यपुद्गलका विचार करते हुए बतलाया गया है कि पुद्गलात्त अर्थात् पुद्गलोंका आत्मसात्कार छह प्रकारसे होता है—ग्रहणसे, परिणामसे, उपभोगसे, आहारसे, ममत्वसे और परिग्रहसे। इनका खुलासा करते हुए बतलाया है कि हाथ और पैर आदिसे ग्रहण किये गये दण्ड आदि पुद्गल ग्रहणसे आत्तपुद्गल हैं। मिथ्यात्व आदि परिणामोंसे अपने किये गये पुद्गल परिणामसे आत्तपुद्गल हैं। उपभोगसे अपने किये गये गन्ध और ताम्बूल आदि पुद्गल उपभोगसे आत्तपुद्गल हैं। खान-पानके द्वारा अपने किये गये पुद्गल आहारसे आत्तपुद्गल हैं। अनुरागसे ग्रहण किये गये पुद्गल ममत्वसे आत्तपुद्गल हैं और स्वाधीन पुद्गल परिग्रहसे आत्तपुद्गल हैं। इन सबका वर्णन इस अनुयोगद्वारमें किया गया है। अथवा पुद्गलात्तका अर्थ पुद्गलात्मा है। पुद्गलात्मासे रूपादि गुणवाला पुद्गल लिया गया है। अतः उसके गुणोंकी षट्स्थानपतित वृद्धि आदिका इस अनुयोगद्वारमें विचार किया गया है।

२० निधत्त-अनिधत्त—इस अनुयोगद्वारमें बतलाया है कि जिस प्रदेशाग्रका उत्कर्षण और अपकर्षण तो होता है पर उदीरणा और अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमण नहीं होता उसकी निधत्त संज्ञा है। प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके भेदसे निधत्त भी चार प्रकारका है और अनिधत्त भी चार प्रकारका है। इस विषयमें यह नियम है कि दर्शनमोहनीयकी उपशामना या क्षपणा करते समय मात्र दर्शनमोहनीय कर्म अनिवृत्तिकरणमें अनिधत्त हो जाता है। अनन्तनुबन्धीकी विसंयोजना करते समय मात्र अनन्तानुबन्धीचतुष्क अनिवृत्तिकरणमें अनिधत्त हो जाता है और चारित्रमोहनीयकी उपशामना और क्षपणा करते समय अनिवृत्ति-करण गुणस्थानमें सब कर्म अनिधत्त हो जाते हैं। तथा अपने अपने निर्दिष्ट स्थानके पूर्व दर्शनमोहनीय, अनन्तानुबन्धीचतुष्क और शेष सब कर्म निधत्त और अनिधत्त दोनों प्रकारके होते हैं। यह अर्थपद है, इसके अनुसार चौबीस अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर इस अनुयोग-द्वारका कथन करना चाहिए।

२१ निकाचित-अनिकाचित—इस अनुयोगद्वारमें बतलाया है कि जिस प्रदेशाग्रका न तो अपकर्षण होता है, न उत्कर्षण होता है, न अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमण होता है और न उदीरणा होती है। जिसके ये चारों नहीं होते उसकी निकाचित संज्ञा है। यह प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके भेदसे चार प्रकारका है। इसके विषयमें भी यह नियम है कि पूर्वोक्त प्रकार से अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करने पर सब कर्म अनिकाचित हो जाते हैं। किन्तु इसके पूर्व वे निकाचित और अनिकाचित दोनों प्रकारके होते हैं। इन निकाचित और अनिकाचित प्रदेशाग्रोंकी भी चौबीस अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे प्ररूपणा करनी चाहिए। यहाँ उपशान्त, निधत्त और निकाचितके सन्निकर्षका कथन करते हुए बतलाया है कि जो प्रदेशाग्र अप्रशस्त उपशामनारूपसे उपशान्त है वह न निधत्त है और न निकाचित है। जो निधत्त प्रदेशाग्र है वह न उपशान्त है और न निकाचित है। तथा जो निकाचित प्रदेशाग्र है वह न उपशान्त है और न निधत्त है। आगे अधःप्रवृत्तसंक्रमके साथ इन तीनोंके अल्पबहुत्वका निर्देश करके यह अनुयोगद्वार समाप्त किया गया है।

२२ कर्मस्थिति—इस अनुयोगद्वारके विषयमें दो उपदेशोंका निर्देश करके यह अनुयोगद्वार समाप्त किया गया है। पहला उपदेश नागहस्तिके मतके अनुसार निर्दिष्ट किया है और दूसरा उपदेश आर्यमंक्षुके मतका निर्देश करता है। नागहस्तिक्षमाश्रमणका कहना है कि कर्मस्थिति अनुयोगद्वारमें कर्मोंकी जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिके प्रमाणका कथन किया जाता है और आर्यमंक्षुका कहना है कि इसमें कर्मस्थितिके भीतर सञ्चित हुए सत्कर्मकी प्ररूपणा की जाती है।

२३ पश्चिमस्कन्ध—इस अनुयोगद्वारमें तीन भवोंमेंसे भवग्रहणभवको प्रकृत बतला कर चरम भवमें जीवके सब कर्मोंकी बन्धमार्गणा, उदयमार्गणा, उदीरणामार्गणा, संक्रममार्गणा और सत्कर्ममार्गणा इन पाँच मार्गणाओंका विचार किया जाता है यह बतलाया गया है। इसके आगे जो जीव सिद्ध होता है उसकी अन्तर्मुहूर्त आयु शेष रह जाने पर तेरहवें गुणस्थानमें कर्मोंकी और आत्मप्रदेशोंकी किस क्रमसे क्या क्या क्रिया होती है तथा चौदहवें गुणस्थानमें यह जीव किसरूपसे कितने कालतक अवस्थित रहकर कर्मोंसे मुक्त होकर सिद्ध होता है यह बतलाया गया है। इसप्रकार इन सब बातोंका विवेचन करनेके बाद यह अनुयोगद्वार समाप्त किया गया है।

२४ अल्पबहुत्व—इस अनुयोगद्वारके प्रारम्भमें यह सूचना की है कि नागहस्ति भट्टारक इसमें सत्कर्मका विचार करते हैं। वीरसेन स्वामीने इस उपदेशको प्रवृत्तमान बतला कर इसके अनुसार सत्कर्मके प्रकृतिसत्कर्म, स्थितिसत्कर्म, अनुभागसत्कर्म और प्रदेशसत्कर्म ये चार भेद करके सर्वप्रथम मूल और उत्तर प्रकृतियोंकी अपेक्षा सत्कर्मका विचार किया है। उसमें भी मूल प्रकृतियोंके स्वामित्वकी सूचनामात्र करके उत्तरप्रकृतियोंके स्वामित्वको विस्तारसे बतला कर एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, काल, अन्तर और स्वामित्वको स्वामित्वके बलसे जान लेनेकी सूचना करके स्वस्थान और परस्थान दोनों प्रकारके अल्पबहुत्वोंमें से परस्थान अल्पबहुत्वका ओघसे और चारों गतियोंके साथ असंज्ञी मार्गणामें विचार किया है। भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि यहाँ पर नहीं हैं, अतः इनके विषयमें इतनी मात्र सूचना देकर प्रकृतिस्थानसत्कर्मके विषयमें लिखा है कि मोहनीयका कषायप्राभृतके अनुसार जानना चाहिए और शेष कर्मोंकी प्रकृतिस्थानप्ररूपणा सुगम है।

स्थितिसत्कर्मका विचार करते हुए मूलप्रकृतिस्थितिसत्कर्मका वर्णन सुगम कहकर उत्तर प्रकृतियोंके स्थितिसत्कर्मका जघन्य और उत्कृष्ट अद्धाच्छेद तथा जघन्य और उत्कृष्ट स्वामित्वका विस्तारसे विचार कर तथा एक जीवकी अपेक्षा काल आदि अनुयोगद्वारोंको स्वामित्वके बलसे जाननेकी सूचनामात्र करके अल्पबहुत्व दिया गया है।

यहाँ पर अद्धाच्छेदका विचार करते हुए 'जट्ठिदि' और 'जाओ ट्ठिदीओ' ये शब्द आये हैं। प्रायः अनेक स्थानों पर 'जं ट्ठिदि' भी मुद्रित है। पर उससे 'जट्ठिदि'का ही ग्रहण करना चाहिए। इन शब्दों द्वारा दो प्रकारकी स्थितियोंका निर्देश किया गया है। 'जट्ठिदि' शब्द 'यत्स्थिति' का द्योतक है और 'जाओ ट्ठिदीओ'से स्थितिगत निषेकोंका परिमाण लिया गया है। उदाहरणस्वरूप पाँच निद्राओंकी उत्कृष्ट यत्स्थिति पूरी तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण बतलाई है और निषेकोंके अनुसार स्थितियाँ एक समय कम तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण बतलाई हैं। अभिप्राय इतना है कि पाँच निद्राओंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होते समय उदय नहीं होता, इसलिए पूरी स्थिति तीस कोड़ाकोड़ी सागर होकर भी उस समय सब निषेक एक कम तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण होते हैं, क्योंकि अनुदयवाली प्रकृतियोंका एक निषेक उदय समयके पूर्व स्तिवुक संक्रमणके द्वारा अन्य प्रकृतिरूप परिणत होता रहता है, इसलिए इनकी यत्स्थिति तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण होकर भी निषेकोंके अनुसार स्थिति एक समय कम होती है। यहाँ बन्धके समय आबाधा कालके भीतर प्राक्तनबद्ध कर्मोंके निषेकका सत्त्व होनेसे एक समय कम तीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण निषेक बन जाते हैं इतना विशेष जानना चाहिए। यहाँ पर विशेष नियम इस प्रकार जानना चाहिए—

१—जिन कर्मोंका स्वोदयसे स्थितिबन्ध होता है उनकी यत्स्थिति और निषेकोंके परिमाणके अनुसार स्थिति समान होती है। बन्धोत्कृष्ट स्थितिके समान ही उनका दोनों प्रकारका उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म होता है।

२—जिन कर्मोंका परोदयमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उनकी उत्कृष्ट यत्स्थिति तो बन्धोत्कृष्ट स्थितिके ही समान होती है। मात्र निषेकोंके परिमाणके अनुसार उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म बन्धोत्कृष्ट स्थितिसे एक समय कम होता है।

३—जिन कर्मोंका स्वोदयमें उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमसे उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म प्राप्त होता है उनकी उत्कृष्ट यत्स्थितिसत्कर्म और निषेकोंके परिमाणके अनुसार उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म तज्जातीय कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे एक आवलि कम होता है। मात्र सम्यक्त्वका उक्त दोनों प्रकारका

उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म अन्तर्मुहूर्त कम जानना चाहिए, क्योंकि मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होकर अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्व प्राप्त होनेपर मिथ्यात्वकी अन्तर्मुहूर्त कम उत्कृष्ट स्थितिका सम्यक्त्वरूपसे संक्रमण होता है।

४—जिन कर्मोंका परोदयमें उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमसे उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म प्राप्त होता है उनकी उत्कृष्ट यत्स्थिति तज्जातीय कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे एक आवलि कम होती है और निषेकोंके परिमाणके अनुसार उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म तज्जातीय कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे एक समय अधिक एक आवलि कम होता है। मात्र सम्यग्मिथ्यात्वका उक्त दोनों प्रकारका उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म मिथ्यात्वके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे अन्तर्मुहूर्त कम जानना चाहिए। कारणका कथन स्पष्ट है।

५—चारों आयुओंका उत्कृष्ट अबाधा काल सहित उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उत्कृष्ट यत्स्थिति-सत्कर्म होता है और अपने अपने निषेकोंके परिमाणके अनुसार निषेकगत उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म होता है।

इसीप्रकार जघन्य स्थितिसत्कर्मके विषयमें भी अलग अलग प्रकृतियोंको ध्यानमें रखकर नियम घटित कर लेने चाहिए।

अनुभागसत्कर्मका विचार करते हुए पहले क्रमसे स्पर्धकप्ररूपणा, घातिसंज्ञा और स्थान-संज्ञाका प्ररूपण करके जघन्य और उत्कृष्ट स्वामित्व और कुछ मार्गणाओंमें अल्पबहुत्वका विचार किया गया है।

अनुभागसत्कर्मके पश्चात् प्रदेश उदीरणाके आश्रयसे अल्पबहुत्व बतलाते हुए मूल और उत्तर प्रकृतियोंका आलम्बन लेकर वह बतलाया गया है। आगे उत्तरप्रकृतिसंक्रम, मोहनीय सम्बन्धी प्रकृतिस्थानसंक्रम, जघन्य स्थितिसंक्रम, अनुभागसंक्रम, जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिके आश्रयसे प्रदेशसंक्रम और स्वतन्त्ररूपसे प्रदेशसंक्रमके अल्पबहुत्वका विचार करके प्रदेशसंक्रम अधिकारको पूर्ण किया गया है।

इसके पश्चात् पहले कहे गये लेश्या, लेश्यापरिणाम, लेश्याकर्म, सात-असात, दीर्घ-ह्रस्व, भवधारण, पुद्गलात्त, निधत्त-अनिधत्त, निकाचित-अनिकाचित, कर्मस्थिति और पश्चिमस्कन्ध इन अनुयोगद्वारोंका पुनः पृथक्-पृथक् उल्लेख करके अलग अलग सूचनाएँ दी गई हैं। अन्तमें महावाचक क्षमाश्रमणके अभिप्रायानुसार अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारके आश्रयसे सत्कर्मका विचार करते हुए उत्तरप्रकृतिसत्कर्म अल्पबहुत्वदण्डक, मोहनीय प्रकृतिस्थानसत्कर्म अल्पबहुत्व, उत्तर-प्रकृतिस्थितिसत्कर्म अल्पबहुत्व, उत्तरप्रकृतिअनुभागसत्कर्म अल्पबहुत्व और उत्तरप्रकृतिप्रदेश-सत्कर्म अल्पबहुत्व देकर अल्पबहुत्वके साथ चौबीस अनुयोगद्वार समाप्त करनेके साथ धवला समाप्त होती है।

विषय-सूची

मोक्खादि-सेस-अणियोगद्दाराणि

११

मोक्खाणियोगद्दारं

महुवरमहुवरवाउलवियसियसियसुरहिगंधमल्लेहि ।
मल्लिजिणमच्चिदूण य मोक्खणियोगो परूवेमो ॥१॥

मोक्खे त्ति अणियोगद्दारे मोक्खो णिक्खिवियव्वो— णाममोक्खो ट्ठवणमोक्खो दव्वमोक्खो भावमोक्खो चेदि मोक्खो चउव्विहो । णाममोक्खो ट्ठवणमोक्खो आगमदो दव्वमोक्खो आगम-णोआगमभावमोक्खो च सुगमो । जो सो णोआगमदो दव्वमोक्खो[1] सो दुविहो कम्ममोक्खो णोकम्ममोक्खो चेदि । णोकम्ममोक्खो सुगमो । कम्मदव्वमोक्खो चउव्विहो पयडिमोक्खो ट्ठिदिमोक्खो अणुभागमोक्खो पदेसमोक्खो चेदि । पयडिमोक्खो दुविहो मूलपयडिमोक्खो उत्तरपयडिमोक्खो चेदि । तत्थ एक्केक्को दुविहो देसमोक्खो सव्वमोक्खो चेदि । तत्थ अट्ठपदं— जा पयडी णिज्जरिज्जदि अण्णपयडिं वा संकामिज्जदि एसो पयडिमोक्खो णाम । एसो पयडिमोक्खो सुगमो,[2] पयडिउदय-पयडिसंकमेसु अंतब्भावादो । ठिदिमोक्खो दुविहो उक्कस्सो जहण्णो चेदि । एत्थ अट्ठपदं । तं जहा— ओकड्डिदा वि उक्कड्डिदा वि अण्णपयडिं संकामिदा

मधुको करनेवाले भ्रमरोंसे व्याकुल ऐसे विकसित, धवल और सुगन्धित पुष्पोंके द्वारा मल्लि जिनेन्द्रकी पूजा करके मोक्ष-अनुयोगद्वारकी प्ररूपणा करते हैं ॥१॥

मोक्ष इस अनुयोगद्वारमें मोक्षका निक्षेप करना चाहिये— वह मोक्ष नाममोक्ष, स्थापनामोक्ष, द्रव्यमोक्ष और भावमोक्षके भेदसे चार प्रकारका है । इनमें नाममोक्ष, स्थापनामोक्ष, आगमद्रव्यमोक्ष, आगमभावमोक्ष और नोआगमभावमोक्ष; ये सुगम हैं । जो नोआगमद्रव्यमोक्ष है वह दो प्रकारका है— कर्ममोक्ष और नोकर्ममोक्ष । इनमें नोकर्ममोक्ष सुगम है । कर्मद्रव्यमोक्ष चार प्रकारका है— प्रकृतिमोक्ष, स्थितिमोक्ष, अनुभागमोक्ष और प्रदेशमोक्ष । प्रकृतिमोक्ष दो प्रकारका है— मूलप्रकृतिमोक्ष और उत्तरप्रकृतिमोक्ष । उनमें प्रत्येक देशमोक्ष और सवमोक्षके भेदसे दो प्रकारका है । उनमें अर्थपद बतलाते हैं— जो प्रकृति निर्जराको प्राप्त होती है अथवा अन्य प्रकृतिमें सक्रान्त होती है, यह प्रकृतिमोक्ष कहलाता है । यह प्रकृतिमोक्ष सुगम है, क्योंकि, उसका अन्तर्भाव प्रकृति-उदय और प्रकृतिसंक्रममें होता है । स्थितिमोक्ष उत्कृष्ट और जघन्यके भेदसे दो प्रकारका है । यहां अर्थपद बतलाते हैं । वह इस प्रकार है— अपकर्षणको प्राप्त हुई,

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-का-ताप्रतिषु 'णोआगमदव्वमोक्खो' इति पाठः । २ मप्रतिपाठोऽयम् । अप्रतौ 'णाम सो सुगमो पयडि', काप्रतौ 'णाम पयडि', ताप्रतौ 'णाम एसो सुगमो, पयडि' इति पाठः ।

वि अधट्ठिदीए[1] णिज्जरिदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिमोक्खो[2]। एदेण अट्ठपदेण उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णट्ठिदिमोक्खो परूवेयव्वो। अणुभागमोक्खे[3] अट्ठपदं। तं जहा— ओकड्डिदो उक्कड्डिदो अण्णपयडिं संकामिदो अधट्ठिदि[4]गलणाए णिज्जिण्णो वा अणुभागो अणुभाग-मोक्खो। एदेण अट्ठपदेण उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णअणुभागमोक्खो परूवेयव्वो। पदेसमोक्खे[5] अट्ठपदं। तं जहा— अधट्ठिदि[6]गलणाए पदेसाणं णिज्जरा पदेसाणमण्ण-पयडीसु संकमो वा पदेसमोक्खो णाम। एसो वि उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्ण-भेदेण णेयव्वो।

णोकम्मदव्वमोक्खो सुगमो। अधवा, णोआगमदो दव्वमोक्खो मोक्खो मोक्ख-कारणं मुत्तो चेदि तिविहो। जीव-कम्माणं वियोगो मोक्खो णाम। णाण-दंसण-चर-णाणि मोक्खकारणं। सयलकम्मवज्जियो अणंतणाण-दंसण-वीरिय-चरण-सुह-सम्मत्तादि-गुणगणाइण्णो णिरामओ णिरंजणो णिच्चो कयकिच्चो मुत्तो णाम। एदेसिं तिण्णं पि णिक्खेव-णय-णिरुत्तिअणियोगद्दारेहि हेउगब्भेहि परूवणा कायव्वा। एवं कदे मोक्खणि-ओगद्दारं समत्तं होदि।

उत्कर्षणको प्राप्त हुई, अन्य प्रकृतिमें संक्रान्त हुई, और अधःस्थितिके गलनेसे निर्जराको भी प्राप्त हुई स्थितिका नाम स्थितिमोक्ष है। इस अर्थपदके आश्रयसे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य स्थितिमोक्षकी प्ररूपणा करना चाहिये। अनुभागमोक्षके सम्बन्धमें अर्थपदका कथन करते हैं। वह इस प्रकार है— अपकर्षणको प्राप्त हुआ, उत्कर्षणको प्राप्त हुआ, अन्य प्रकृतिमें संक्रान्त हुआ, और अधःस्थितिगलनके द्वारा निर्जराको भी प्राप्त हुए अनुभागको अनुभागमोक्ष कहा जाता है। इस अर्थपदके आश्रयसे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागमोक्षकी प्ररूपणा करना चाहिये। प्रदेशमोक्षके विषयमें अर्थपद कहते हैं। वह इस प्रकार है— अधःस्थितिगलनके द्वारा जो प्रदेशोंकी निर्जरा और प्रदेशोंका अन्य प्रकृतियोंमें संक्रमण होता है उसे प्रदेशमोक्ष कहा जाता है। इसको भी उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्यके भेदसे ले जाना चाहिये।

नोकर्मद्रव्यमोक्ष सुगम है। अथवा नोआगमद्रव्यमोक्ष मोक्ष, मोक्षकारण और मुक्तके भेदसे तीन प्रकारका है। जीव और कर्मका पृथक् होना मोक्ष कहलाता है। ज्ञान, दर्शन और चारित्र ये मोक्षकारण हैं। समस्त कर्मोंसे रहित; अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्तवीर्य, चारित्र, सुख और सम्यक्त्व आदि गुणगणोंसे परिपूर्ण; निरामय, निरंजन, नित्य और कृतकृत्य जीवको मुक्त कहा जाता है। इन तीनोंकी ही प्ररूपणा हेतुगर्भित निक्षेप, नय और निरुक्ति अनुयोगद्वारोंसे करना चाहिये। ऐसा करनेपर मोक्ष-अनुयोगद्वार समाप्त होता है।

---

१ ताप्रतौ 'अवट्ठिदा वि' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'वि ट्ठिदी ए (ट्ठि) दिमोक्खो' इति पाठः। ३ अ-काप्रत्योः 'अणुभागमोक्खो', ताप्रतौ 'अणुभागमोक्खो (क्खे)' इति पाठः। ४ अ-ताप्रत्योः 'अवट्ठिदि' इति पाठः। ५ काप्रतौ 'पदेसमोक्खो' इति पाठः। ६ अ-ताप्रत्योः 'अवट्ठिदि' इति पाठः।

१२

संकमाणियोगद्दारं

मुणिसुव्वयदेसयरं पणमिय मुणिसुव्वयं जिणं देवं।
संकममणिओगमिणं जहासुअं वण्णइस्सामो ॥१॥

संकमे त्ति अणिओगद्दारे संकमो णिक्खिवियव्वो। तं जहा— णामसंकमो ट्ठवणसंकमो दवियसंकमो खेत्तसंकमो कालसंकमो भावसंकमो चेदि छव्विहो संकमो। तत्थ संकमसद्दो णामसंकमो णाम। सो एसो त्ति अण्णस्स सरूवं बुद्धीए णिधत्तो ट्ठवणसंकमो णाम। दवियसंकमो दुविहो आगम-णोआगमदवियसंकमो चेदि। आगमदवियसंकमो सुगमो। णोआगमदवियसंकमो जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तदवियसंकमभेदेण तिविहो। जाणुगसरीर-भवियदव्वसंकमा सुगमा। तव्वदिरित्तसंकमो दुविहो णोकम्मसंकमो कम्मसंकमो चेदि। णोकम्मसंकमो जहा मट्टियाए घडसरूवेण परिणामो। कम्म-संकमो थप्पो।

एगक्खेत्तस्स खेत्तंतरगमणं खेत्तसंकमो णाम। किरियाविरहिदस्स खेत्तस्स कधं संकमो? ण, जीव-पोग्गलाणं सकिरियाणं आधेये आधारोवयारेण लद्धखेत्तववएसाणं[1] संकमुवलंभादो। ण च खेत्तस्स संकमववहारो अप्पसिद्धो, उड्ढलोगो संकंतो त्ति

मुनियोंके उत्तम चरित्रका उपदेश करनेवाले मुनिसुव्रत जिनेन्द्रको नमस्कार करके श्रुतके अनुसार संक्रम-अनुयोगद्वारका वर्णन करते हैं ॥ १ ॥

संक्रम इस अनुयोगद्वारमें संक्रमका निक्षेप किया जाता है। वह इस प्रकारसे— नामसंक्रम, स्थापनासंक्रम, द्रव्यसंक्रम, क्षेत्रसंक्रम, कालसंक्रम और भावसंक्रमके भेदसे संक्रम छह प्रकारका है। उनमें 'संक्रम' यह शब्द नामसंक्रम कहलाता है। 'वह यह है' इस प्रकार अन्यके स्वरूपको बुद्धिमें स्थापित करना, यह स्थापनासंक्रम है। द्रव्यसंक्रम दो प्रकारका है— आगमद्रव्यसंक्रम और नोआगमद्रव्यसंक्रम। इनमें आगमद्रव्यसंक्रम सुगम है। नोआगमद्रव्यसंक्रम ज्ञायकशरीर, भव्य और तद्व्यतिरिक्त द्रव्यसंक्रमके भेदसे तीन प्रकार है। इनमें ज्ञायकशरीर और भव्य द्रव्यसंक्रम सुगम हैं। तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यसक्रम दो प्रकारका है— नोकर्मसंक्रम और कर्मसंक्रम। नोकर्मसंक्रम— जैसे मिट्टीका घट स्वरूपसे परिणमन। कर्मसंक्रमको अभी स्थगित किया जाता है।

एक क्षेत्रके क्षेत्रान्तरको प्राप्त होनेका नाम क्षेत्रसंक्रम है।

शंका— क्षेत्र तो क्रियासे रहित है, फिर उसका क्षेत्रान्तरमें गमन कैसे सम्भव है?

समाधान— नहीं, क्योंकि आधेयमें आधारका उपचार करनेसे सक्रिय जीव और पुद्गलोंकी 'क्षेत्र' संज्ञा सम्भव है और उनका संक्रम पाया ही जाता है। दूसरे, क्षेत्रके संक्रमका व्यवहार अप्रसिद्ध भी नहीं है, क्योंकि, ऊर्ध्वलोक संक्रान्त हुआ, ऐसा व्यवहार पाया जाता है।

---

१ अ-काप्रत्योः 'बद्ध', ताप्रतौ 'ब (ल) द्ध' इति पाठः।

ववहारुवलंभादो । कालस्सपुव्वस्स पादुब्भावो कालसंकमो णाम । ण च एसो असिद्धो, संकंतो हेमंतो त्ति[1] ववहारुवलंभादो । संपहि उप्पण्णस्स कधं संकमो ? ण, पोग्गलाणं उप्पाद-वय-धुवभावाणमुवयारेण पत्तकालववएसाणं एयंतेण उप्पादाभावादो । अधवा, एगक्खेत्तम्हि ट्ठिददव्वस्स खेत्तंतरगमणं खेत्तसंकमो । एगकालम्मि ट्ठिददव्वस्स कालंतरगमणं कालसंकमो । कोधादिएगभावम्हि ट्ठिददव्वस्स भावंतरगमणं भावसंकमो ।

तत्थ कम्मसंकमे पयदं । सो चउव्विहो पयडिसंकमो ट्ठिदिसंकमो अणुभागसंकमो पदेससंकमो चेदि । तत्थ पयडिसंकमे अट्ठपदं– जा पयडी अण्णपयडिं णिज्जदि एसो पयडिसंकमो । एदेण अट्ठपदेण संकमे भण्णमाणे तत्थ मूलपयडिसंकमो णत्थि । कुदो ? साभावियादो । उत्तरपयडिसंकमे[2] सामित्तं– बंधे संकमो, अबंधे णत्थि । कुदो ? साभावियादो ।

पंचण्णं णाणावरणीयाणं संकामओ[3] को होदि ? अण्णदरो सकसाओ ? णवण्णं दंसणावरणीयाणं पंचण्णमंतराइयाणं च णाणावरणभंगो । सादस्स संकामओ[4] को होदि ? जो असादस्स बंधओ । असादस्स संकामओ को होदि ? जो सादस्स बंधओ

अपूर्व कालके प्रादुर्भावका नाम कालसंक्रम है । यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि हेमन्त ऋतु संक्रान्त हुई, ऐसा व्यवहार पाया जाता है ।

शंका— उत्पन्नका संक्रम कैसे हो सकता है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि उपचारसे काल संज्ञाको प्राप्त हुए पुद्गलोंके उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यके एकान्ततः उत्पादका अभाव है । अथवा एक क्षेत्रमें स्थित द्रव्यके क्षेत्रान्तर गमनको क्षेत्रसंक्रम, एक कालमें स्थित द्रव्यके कालान्तर गमनको कालसंक्रम, और क्रोधादिक एक किसी भावमें स्थित द्रव्यके भावान्तर गमनको भावसंक्रम समझना चाहिये ।

उनमें यहां कर्मसंक्रम प्रकृत है । वह चार प्रकारका है— प्रकृतिसंक्रम, स्थितिसंक्रम, अनुभागसंक्रम और प्रदेशसंक्रम । इनमेंसे प्रकृतिसंक्रमके विषयमें अर्थपदका कथन करते हैं— जो एक प्रकृति अन्य प्रकृतिस्वरूपताको प्राप्त करायी जाती है, यह प्रकृतिसंक्रम कहलाता है । इस अर्थपदके अनुसार संक्रमका कथन करनेपर मूलप्रकृतिसंक्रम सम्भव नहीं है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है । उत्तरप्रकृतिसंक्रममें स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है— बन्धके होनेपर संक्रम सम्भव है, बन्धके अभावमें वह सम्भव नहीं है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है ।

पांच ज्ञानावरणीय प्रकृतियोंका संक्रामक कौन होता है ? उनका संक्रामक अन्यतर सकषाय जीव होता है । नौ दर्शनावरणीय और पांच अन्तरायके संक्रमणकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । सातवेदनीयका संक्रामक कौन होता है ? जो असाताका बन्धक है वह साताका संक्रामक होता है । असाताका संक्रामक कौन होता है ? जो सकषाय जीव साताका बन्धक होता

---

१ काप्रतौ 'णाम एसो असिद्धो संकंतो होंतो त्ति' इति पाठः । २ अ-काप्रत्योः 'संकमो', ताप्रतौ 'संकमो (मे)' इति पाठः । ३ अप्रतौ 'संकमओ', का-ताप्रत्योः 'संकमो' इति पाठः । ४ मप्रतौ 'संकमओ' इति पाठः ।

सकसाओ। दंसणमोहणीयं चरित्तमोहणीए ण संकमदि, चरित्तमोहणीयं पि दंसण-मोहणीए ण संकमदि[1]। कुदो? साभावियादो। सम्मामिच्छाइट्ठी दंसणमोहणीयस्स असंकामगो। एवं सासणो वि[2]। सम्मत्तस्स णियमा मिच्छाइट्ठी संकामगो जस्स आवलिकाबाहिरसंतकम्ममत्थि। मिच्छत्तस्स संकामओ को होदि? सम्माइट्ठी जस्स आवलियबाहिरं मिच्छत्तस्स संतकम्ममत्थि। सम्मामिच्छत्तस्स संकामगो को होदि? सम्माइट्ठी मिच्छाइट्ठी वा जस्स आवलियबाहिरं संतकम्ममत्थि। बारसण्णं कसायाणं णाणावरणभंगो। इत्थिवेदस्स संकामओ को होदि? जाव इत्थिवेदो चरिम-समयअणुवसंतो चरिमसमयअक्खीणो वा। णवुंसयवेदस्स इत्थिवेदभंगो। पुरिसवेदस्स संकामगो को होदि? जाव पुरिसवेदो पढमसमयउवसंतो पढमसमयखीणो वा। तिण्णं संजलणाणं[3] पुरिसवेदभंगो। लोहसंजलणाए संकामओ को होदि? उवसामया खवगा च, जाव अंतरं चरिमसमयअकदं ति अक्खवय-अणुवसासओ च।

चदुण्णमाउआणं संकमो णत्थि। कुदो? साभावियादो। सव्वासिं पि णामपयडीणं

चदुण्णमाउआणं जहण्णाणुभागसंकामओ को होदि ? अप्पप्पणो जहण्णियाओ ट्ठिदीओ णिव्वत्तेदूण आवलियमदिक्कंतो। अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागसंकामओ को

कौन होता है ? जो सम्यग्मिथ्यात्वका क्षपक अन्तिम अनुभागकाण्डकमें वर्तमान है वह उसके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है। पुरुषवेद और तीन संज्वलन कषायोंके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? जो इन प्रकृतियोंका क्षपक इन्हींके अन्तिम समय-प्रबद्धोंकी अन्तिम फालियोंका क्षेपण कर रहा हो वह उनके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है। विशेष इतना है कि पुरुषवेदका संक्रामक पुल्लिंगसे उपस्थित हुआ जीव होता है, ऐसा कहना चाहिये। नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? नपुंसकवेदका क्षपक जो जीव नपुंसकवेदके उदयके साथ ही क्षपकश्रेणिपर आरूढ़ होकर नपुंसकवेदकी अन्तिम फालिका क्षेपण कर रहा हो वह उसके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है। स्त्रीवेदके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? जो स्त्रीवेदका क्षपक जीव अन्यतर वेदोदयके साथ क्षपकश्रेणिपर आरूढ़ होकर स्त्रीवेदके अन्तिम अनुभागकाण्डककी अन्तिम फालिका क्षेपण कर रहा हो वह स्त्रीवेदके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता हैं। छह नोकषायोंके जघन्य अनुभागसंक्रामककी प्ररूपणा स्त्रीवेदके समान है।

चार आयु कर्मोंके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? अपनी अपनी जघन्य स्थितियोंको रचकर बन्धावलीको वितानेवाला जीव उनके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है। अनन्तानुबन्धी कषायोंके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? विसंयोजना करके जो

तेइंदियो वा चउरिंदिओ वा पंचिंदिओ वा। एवमट्ठण्णं कसायाणं। क. पा. सु. पृ. ३५१, ४७-५०.
१ सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ? चरिमाणुभागखंडयं संछुहमाणओ। क. पा. सु पृ. ३५२, ५३-५४. × × × नियगचरमरसखंडे दिट्ठिमोहदुगे॥ क. प्र. २, ५७. २ अ-काप्रत्योः 'खवदि', ताप्रतौ 'खवदि (ओ)' इति पाठः। ३ अप्रतौ 'एदासिं' इति पाठः। ४ कोहसंजलणस्स जहण्णाणु-भागसंकामओ को होइ ? चरिमाणुभागबंधस्स चरिमसमयअणिल्लेवगो। एवं माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं। क. पा. सु. पृ. ३५३, ५७-५९. ५ इत्थिवेदस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ? इत्थिवेदक्खवगो तस्सेव चरिमाणुभागखंडए वट्टमाणओ। णवुंसयवेदस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ? णवुंसयवेदक्खवओ तस्सेव चरिमे अणुभागखंडए वट्टमाणओ। छण्णोकसायाणं जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ? खवगो तेसिं चेव छण्णोकसाय-वेदणीयाणं चरिमे अणुभागखंडए वट्टमाणओ। क. पा. सु. पृ. ३५३, ६३-६७.

होदि ? विसंजोएदूण जहण्णपरिणामेण पढमसमयसंजुत्तो । णिरयगइणामाए जहण्णाणुभागसंकामओ को होदि ? पढमदाए संजोएमाणओ । जहा णिरयगइणामाए तहा सव्वासिमुव्वेल्लमाणणामपयडीणं । उच्चागोदस्स जहण्णाणुभागसंकामगो को होदि ? संजोजेमाणओ[1] । एवं सामित्तं समत्तं ।

एयजीवेण कालो । तं जहा— पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-असादावेदणीय-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसायाणं उक्कस्साणुभागसंकामगो जह० अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण वि अंतोमुहुत्तं । अणुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं० ? जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं उक्कस्साणुभागसंकामओ जह०, अंतोमु०, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । अणुक्कस्साणुभागसंकामओ जहण्णुक्क० अंतोमु० ।

जघन्य परिणामसे संयुक्त होनेके प्रथम समय वर्तमान है वह उनके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है । नरकगति नामकर्मके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? सर्वप्रथम संयोजन करनेवाला जीव उसके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है । जैसे नरकगतिके जघन्य अनुभागसंक्रामकका कथन किया है वैसे ही उद्वेलयमान सभी नामप्रकृतियोंके जघन्य अनुभागसंक्रामकोंका कथन करना चाहिये । उच्चगोत्रके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? सर्वप्रथम संयोजन करनेवाला जीव उसका संक्रामक होता है । इस प्रकार स्वामित्वकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है । यथा— पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषाय; इनके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे भी अन्तर्मुहूर्त मात्र ही है । इनके अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छ्यासठ सागरोपम मात्र है । उनके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है ।

१ आऊग जहण्णठिई बंधिय जावत्थि संकमो ताव । उव्वलण-तित्थ-संजोयणा य पढमावलियं गंतुं ॥ क. प्र. २-५८ तथा नरकद्विक-मनुजद्विक-वैक्रियसप्तकाहारसप्तकोच्चैर्गोत्रलक्षणामेकविंशत्युद्वलनप्रकृतीनां तीर्थकरस्यानन्तानुबन्धिनां च जघन्यमनुभागं बद्ध्वा प्रथमावलिकां बन्धावलिकालक्षणां गत्वातिक्रम्य, बन्धावलिकायाः परतः इत्यर्थः । जघन्यमनुभागं संक्रमयति । कः संक्रमयतीति चेदुच्यते— वैक्रियिकसप्तक-देवद्विक-नरकद्विकानामसंज्ञिपंचेन्द्रियः, मनुष्यद्विकोच्चैर्गोत्रयोः सूक्ष्मनिगोदः, आहारसप्तकस्याप्रमत्तः, तीर्थकरस्याविरतसम्यग्दृष्टिः, अनन्तानुबन्धिनां पश्चात्कृतसम्यक्त्वो मिथ्यादृष्टिः संक्रमयतीति । मलय.

२ मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । अणुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । एवं सोलसकसाय-णवणोकसायाणं । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण वे छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । अणुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । क. पा. सु. पृ. ३५४, ६९–७९.

साद-जसकित्ति-उच्चागोदाणं मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-ओरालियसरीर-ओरालियसरीरअंगोवंग-बंधण-संघाद-पढमसंघडण आदावुज्जोवणामाओ मोत्तूण सेसाणं पसत्थणामपयडीणं च उक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं०? जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा। अणुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं०? उव्वेल्लमाणपयडीओ मोत्तूण सेसाण अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो वा। उव्वेल्लमाणाणं पयडीणमणुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं०? जह० पलिदो० असंखे० भागो, अथवा अट्ठवस्साणि सादिरेयाणि। उक्कस्सेण जो जस्स पयडिसंतकालो तच्चिरं कालं[1]।

आउआणं[2] जट्ठिदिं बंधमाणगो जमणुभागं णिव्वत्तेदि जाव तट्ठिदिं ण ओवट्टेदि ताव तत्तियं कालं सो अणुभागं होदि। एदेण बीजेण देव-णिरयाउआणं उक्कस्साणुक्कस्सअणुभागसंकामओ जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि। मणुस-तिरिक्खाउआणं उक्कस्साणुक्कस्सअणुभागसंकमो केवचिरं०? जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि। णवरि तिरिक्खाउअअणुक्कस्सअणुभागसंकमस्स उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा।

अप्पसत्थाणं णामपयडीणं णीचागोद-पंचंतराइयाणं च उक्कस्साणुभागसंकमो जह०

सातावेदनीय, यशकीर्ति, उच्चगोत्र तथा मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, औदारिकबन्धन, औदारिकसंघात, प्रथम संहनन, तथा आतप व उद्योतको छोड़कर शेष प्रशस्त नामप्रकृतियोंके भी उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल कितना है? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे कुछ कम पूर्वकोटि मात्र है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल कितना है? उक्त काल उद्वेल्यमान प्रकृतियोंको (आहारकद्विक, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, देवद्विक, नारकचतुष्क, उच्चगोत्र और मनुष्यद्विक) को छोड़कर शेष प्रकृतियोंका अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है। उद्वेल्यमान प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल कितना है? वह जघन्यसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग अथवा साधिक आठ वर्ष मात्र है। उत्कर्षसे जो जिसके प्रकृतिसत्त्वका काल है उतना काल उनके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका है।

आयु कर्मोंकी जिस स्थितिको बांधनेवाला जिस अनुभागकी रचना करता है व जब तक उस स्थितिका अपवर्तन नहीं करता है तब तक उतने मात्र काल उसके वह अनुभाग होता है। इस बीजपदके अनुसार देवायु व नारकायुके उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है। मनुष्यायु और तिर्यगायुके उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल कितना है? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तीन पल्योपम मात्र है। विशेष इतना है कि तिर्यंच आयुके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका काल उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है।

अप्रशस्त नाम प्रकृतियों, नीचगोत्र और पांच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका

---

१ अ-काप्रत्योः 'काल' इति पाठः। २ ताप्रतौ '-कम्मकालो। तच्चिरं कालं आउआणं।' इति पाठः।

उक्क० अंतोमुहुत्तं । अणुक्कस्सअणुभाग० केवचिरं० ? जह० अंतोमु०, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-ओरालियसरीर-ओरालियसरीर-अंगोवंग-बंधण-संघाद-पढमसंघडण-आदावुज्जोवाणं उक्कस्साणुभागसंकामगो केवचिरं० ? जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । एदेसिं चेव अणुक्कस्स-संकामगो केवचिरं० ? जह० अंतोमुहुत्तं । उक्क० आदावणामाए असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा, मणुसगइणामाए सपरिवाराए असंखेज्जा पोग्लगपरियट्टा, ओरालियसरीरस्स सपरिवारस्स पढमसंघडणस्स उज्जोवणामाए च अणादिओ अपज्जवसिदो, अणादिओ सपज्जवसिदो, सादिओ सपज्जवसिदो वा । [तत्थ जो सादिओ सपज्जवसिदो] तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । एवमुक्कस्साणुभागसंकमकालो समत्तो ।

जहण्णाणुभागसंकमकालो । तं जहा— पंचणाणावरण-छदंसणावरण-पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागसंकमो केवचिरं० ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । अजहण्णाणुभागसंकामओ केवचिरं० ? अणादिओ अपज्जवसिदो, अणादिओ सपज्जवसिदो वा । णिद्दाणिद्दा-पयला-पयला-थीणगिद्धि-सादासाद-मिच्छत्त-अट्ठकसायाणं जहण्णाणुभागसंकामओ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । अजहण्णाणुभागसंकामओ जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखेज्जा लोगा । सम्मत्त-चदुसंजलण-पुरिसवेदाणं जहण्णाणुभागसंकामओ केव० ? जहण्णुक्क० एगसमओ ।

काल जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका काल कितना है ? जघन्यसे वह अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, औदारिकबन्धन, औदारिक-संघात, प्रथम संहनन, आतप और उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है । इन्हींके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उत्कर्षसे वह आतप नामकर्मका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन, सपरिवार मनुष्यगति नामकर्मका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन, तथा सपरिवार औदारिकशरीर, प्रथम संहनन और उद्योत नामकर्मका अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित व सादि-सपर्यवसित भी है । उनमें जो सादि-सपर्यवसित काल है उसका प्रमाण जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन है । इस प्रकार उत्कृष्ट अनुभाग संक्रमका काल समाप्त हुआ ।

जघन्य अनुभागके संक्रमकालकी प्ररूपणा इस प्रकार है— पांच ज्ञानावरण, छह दर्शना-वरण और पांच अन्तरायके जघन्य अनुभागके संक्रमका काल कितना है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है । उनके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है । निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, साता-वेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उनके अजघन्य अनुभागके संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है । सम्यक्त्व, चार संज्वलन और पुरुषवेदके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्य और उत्कर्षसे एक समय

अजहण्णाणुभागसंकामओ चदुसंजलण-पुरिसवेदाणं अणादिओ अपज्जवसिदो, अणादिओ सपज्जवसिदो, सादिओ सपज्जवसिदो [वा]। तत्थ जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। सम्मत्तस्स जह० अंतोमु०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि।

अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागसंकामओ जह० एगसमओ, उक्क० चत्तारि समया। अजहण्णअणुभागसंकामओ अणादिओ अपज्जवसिदो, अणादिओ सपज्जवसिदो, सादिओ सपज्जवसिदो च। तत्थ जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जह० अंतोमु०, उक्कस्समुवड्ढपोग्गलपरियट्टं। अट्ठण्णं णोकसायाणं जहण्णाणुभागसंकामओ जहण्णुक्क० अंतोमुहुत्तं। अजहण्ण० अणादिओ अपज्जवसिदो, अणादिओ सपज्जवसिदो, सादिओ सपज्जवसिदो च। तत्थ जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकामओ केव०? जहण्णुक्क० अंतोमु०। अजहण्णस्स जह० अंतोमु०, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि।

आउआणं जहण्णाणुभागसंकामओ जह० एगसमओ, उक्क० चत्तारि समया। अजहण्ण० जह० अंतोमुहुत्तं[1]। देव-णिरयाउआणं अजहण्णाणुभागसंकमकालस्स कुदो

मात्र है। चार संज्वलन और पुरुषवेदके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित भी है। उनमें जो सादि-सपर्यवसित है उसका प्रमाण जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन है। सम्यक्त्वके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है।

अनन्तानुबन्धी कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय मात्र है। उनके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित भी है। उनमें जो सादि-सपर्यवसित है उसका प्रमाण जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन है। पुरुषवेदको छोड़कर शेष आठ नोकषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। उनके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित भी है। उनमें जो सादि-सपर्यवसित है उसका प्रमाण जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन है। सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है? वह जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। उसके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है।

आयु कर्मोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय मात्र है। उनके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है।

१ ताप्रतावतोऽग्रे 'उक्क० बेछावट्ठिसागरो० ।' इत्यधिकः पाठः।

अंतोमु० ? तण्ण, अजहण्णाणुभागसंकमस्स आदिं करिय पुणो अजहण्णाणुभागसंकमे अंतोमुहुत्तमच्छिय पुणो जहण्णाणुभागं मोत्तूण सेसाणुभागस्स घादं करिय एगसमय-जहण्णाणुभागं संकामिय बिदियादिसमएसु आवलियादीदं पुव्वबद्धाणुभागं संकममाणस्स तदुवलंभादो । उक्कस्सेण देव-णिरयाउआणं तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि, तिरिक्खाउअस्स असंखेज्जा लोगा ।

णामपयडीणं अणुव्वेल्लमाणियाणं[1] सुहाणमसुहाणं वा जहण्णाणुभागसंकामओ केव० ? जह० उक्क० च अंतोमुहुत्तं । अजहण्णाणुभागसंकामगो केव० ? जह० अंतोमु०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । एवं णीचागोदस्स । आहारसरीर-आहारसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं जहण्णाणुभागसंकामओ केव० ? जह० एगसमओ, उक्क० चत्तारि समया । अजहण्णाणुभागसंकामओ केवचिरं० ? जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पलिदोवमस्स असंखे० भागो । तित्थयरणामाए जहण्णाणुभागसंकामओ केव० ? जह० एगसमओ, उक्क० चत्तारि समया । अजहण्णाणुभागसंकामओ केवचिरं० ? जच्चिरं पयडिसंतकम्मं । सेसाणमुव्वेल्लमाणणामपयडीणमुच्चागोदस्स जहण्णाणुभागसंकामओ केव० ? जह० एगसमओ, उक्क०

शंका— देवायु और नारकायुके अजघन्य अनुभागके संक्रमका काल अन्तर्मुहूर्त कैसे है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि अजघन्य अनुभागसंक्रमकी आदि करके, फिर अजघन्य अनुभागसंक्रममें अन्तर्मुहूर्त रहकर, पुनः जघन्य अनुभागको छोड़कर शेष अनुभागका घात करके एक समयमें जघन्य अनुभागका संक्रम करके द्वितीयादि समयोंमें आवलिकातीत पूर्वबद्ध अनुभागका संक्रम करनेवालेके उक्त काल पाया जाता है ।

उक्त काल उत्कर्षसे देवायु और नारकायुका साधिक तेतीस सागरोपम, तथा तिर्यगायुका असंख्यात लोक मात्र है ।

अनुद्वेल्यमान शुभ और अशुभ नामप्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उनके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है । इसी प्रकार नीचगोत्रके भी अनुभागसंक्रमकालका कथन करना चाहिये । आहारशरीर, अहारशरीरांगोपांग, आहारबन्धन और आहारसंघातके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय मात्र है । इनके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । तीर्थंकर नामकर्मके जघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय मात्र है । उसके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? जितना काल प्रकृतिसत्कर्मका है उतना ही काल उसके अजघन्य अनुभागके संक्रमका भी है । शेष उद्वेल्यमान नामप्रकृतियों और उच्चगोत्रके जघन्य अनुभागके

१ अप्रतौ 'अणुव्वेम्माणियाणं' इति पाठः ।

चत्तारि समया। अजहण्णाणुभागसंकामगो केव० ? जह० पलिदो० असंखे० भागो अट्ठवस्साणि सादिरेयाणि, उक्क० अप्पप्पणो पयडिसंतस्स कालो। एवं जहण्णुक्कस्स-अणुभागसंकमकालो समत्तो।

एयजीवेण अंतरं। [तं] जहा— पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-असादावेदणीय-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-णिरय-तिरिक्ख-मणुस्साउआणं अप्पसत्थणामपयडीणं च णीचागोद-पंचंतराइयाणं च उक्कस्साणुभागसंकामयंतरं केव० ? जह० अंतोमुत्तं, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। साद-जसकित्ति-उच्चागोदाणं जासिं च णामपयडीणं खवगे परभवियणामबंधज्झवसाणस्स चरिमसमए उक्कस्साणुभागो बज्झदि तासिं च उक्कस्साणु-भागसंकामयंतरं णत्थि। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं उक्कस्समणुभागसंकामयंतरं जहण्णं जहण्णपयडिअंतरं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। देवाउअस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-वज्जरिसहसंघडण-उज्जोव-ओरालियचउक्काणं देवाउअभंगो। आदावणामाए अप्पसत्थणामपयडिभंगो। एवमुक्क-स्संतरं समत्तं।

जहण्णाणुभागसंकामयंतरं— पंचणाणावरणीय-छदंसणावरणीय-सम्मत्त-सम्मा-मिच्छत्त-चदुसंजलण-णवणोकसायाणं पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागसंकामयंतरं णत्थि।

संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय मात्र है। उनके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कितना है ? वह जघन्यसे पल्योपमके असं-ख्यातवें भाग और साधिक आठ वर्ष तथा उत्कर्षसे अपने अपने प्रकृतिसत्त्वके कालके समान है। इस प्रकार जघन्य व उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका काल समाप्त हुआ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकी प्ररूपणा की जाती है। यथा— पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शना-वरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, नारकायु, तिर्यगायु, मनुष्यायु, अप्रशस्त नामप्रकृतियों, नीचगोत्र और पांच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ? वह जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। साता-वेदनीय, यशकीर्ति और उच्चगोत्रका तथा जिन नामप्रकृतियोंका क्षपकके द्वारा परभविक नाम-कर्मोंके बन्धाध्यवसानके अन्तिम समयमें उत्कृष्ट अनुभाग बांधा जाता है उनके भी उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका अन्तर नहीं होता। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल जघन्य प्रकृतिअन्तरके समान तथा उत्कृष्ट उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। उक्त अन्तरकाल देवायुका जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वज्रर्षभसंहनन, उद्योत और औदारिकचतुष्कका उक्त अन्तरकाल देवायुके समान है। आतप नामकर्मके इस अन्तरकालकी प्ररूपणा अप्रशस्त नाम-प्रकृतियोंके समान है। इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर समाप्त हुआ।

जघन्य अनुभाग संक्रामकके अन्तरकी प्ररूपणा की जाती है— पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, चार संज्वलन, नौ नोकषाय और पांच अन्तराय; इनके

णिद्दाणिद्दा - पयलापयला - थीणगिद्धि - सादासाद - मिच्छत्त - अट्ठकसाय- तिरिक्खाउआणं अणुव्वेल्लमाणपसत्थापसत्थणामपयडीणं णीचागोदस्स च जहण्णाणुभागसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। णिरय-देव-मणुस्साउआणं जहण्णाणु० जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। उव्वेल्लणपाओग्गाणं णामपयडीणं उच्चागोदस्स च जहण्णाणुभागसंकामयंतरं जह० पलिदो० असंखे० भागो, उक्क० मोत्तूण संजदपाओग्गाओ अवसेसाणं असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा, संजदपाओग्गाणं उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। तित्थयरणामाए जहण्णाणुभागसंकामयंतरं णत्थि। एवं अंतर समत्तं।

णाणाजीवेहि भंगविचओ दुविहो उक्कस्सपदभंगविचओ जहण्णपदभंगविचओ चेदि। तत्थ अट्ठपदं— जे[1] उक्कस्सअणुभागस्स संकामया ते अणुक्कस्स० असंकामया। जे अणुक्कस्सअणुभागस्स[2] संकामया ते उक्कस्सस्स असंकामया। एदेण अट्ठपदेण सव्वकम्माणं पि उक्कस्साणुभागस्स सिया सव्वे जीवा असंकामया, सिया असंकामया च संकामओ च, सिया असंकामया च संकामया च। अणुक्कस्सस्स वि विवरीएण तिण्णि-

जघन्य अनुभाग संक्रामकका अन्तरकाल सम्भव नहीं है। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, आठ कषाय और तिर्यंच आयु तथा अनुद्वेल्यमान प्रशस्त व अप्रशस्त नामप्रकृतियों एवं नीचगोत्रके जघन्य अनुभागके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है। अनन्तानुबन्धी कषायोंके जघन्य अनुभाग संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। नारकायु, देवायु और मनुष्यायुके जघन्य अनुभाग संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। उद्वेलन योग्य नामप्रकृतियों और उच्चगोत्रके जघन्य अनुभाग संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग है। उत्कर्षसे संयत योग्य प्रकृतियोंको छोड़कर शेष प्रकृतियोंका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन तथा संयत योग्य प्रकृतियोंका उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। तीर्थंकर नामकर्मके जघन्य अनुभाग संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। इस प्रकार अन्तरकालकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय दो प्रकार है— उत्कृष्ट-पद-भंगविचय और जघन्य-पद-भंगविचय। उनमें अर्थपद कहते हैं— जो उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक हैं वे अनुत्कृष्ट अनुभागके असंक्रामक होते हैं। जो अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक हैं वे उत्कृष्ट अनुभागके असंक्रामक होते हैं। इस अर्थपदके अनुसार सभी कर्मोंके उत्कृष्ट अनुभागके कदाचित् सब जीव असंक्रामक होते हैं, कदाचित् असंक्रामक बहुत और संक्रामक एक होता है, तथा कदाचित् असंक्रामक भी बहुत व संक्रामक भी बहुत होते हैं। अनुत्कृष्ट अनुभागके सम्बन्धमें भी विपरीत क्रमसे तीन भंग (कदाचित् सब जीव संक्रामक, कदाचित् संक्रामक बहुत और असंक्रामक एक,

१ अप्रतौ 'वे' इति पाटः। २ ताप्रतौ 'उ (अणु) क्कस्साणुभागस्स' इति पाठः।

भंगा वत्तव्वा । साद-जसकित्ति-उच्चागोदाणं उक्कस्साणुभागस्स णियमा अत्थि संकामया च असंकामया च । एदासिमणुक्कस्साणुभागस्स वि संकामया च असंकामया च णियमा अत्थि । सेसाणं कम्माणं छ भंगा । अपुव्वकरणे परभवियणामाणं बंधवोच्छेदम्मि जेसिं कम्माणं उक्कस्सबंधो भणिदो तेसिमुक्कस्सो वा अणुक्कस्सो वा बंधो तत्थ होदि, असंखेज्ज-लोगमेत्तअणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणं तत्थ संभवादो । तेणेदेसिं छ भंगा । एवमुक्कस्सपद-भंगविचओ समत्तो ।

जहण्णयस्स वि एदं चेव अट्ठपदं । एदेण अट्ठपदेण पंचणाणावरणीय-छदंसणा-वरणीय-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-अणंताणुबंधीणं चदुक्क-चदुसंजलण-णवणोकसाय - आउत्ति-उव्वेल्लमाणणामपयडि-उच्चागोद-पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागसंकामयाणं छ भंगा । थीणगिद्धितिय - सादासाद-मिच्छत्त - अट्ठकसाय-तिरिक्खाउअ-अणुव्वेल्लमाणणामपयडीणं णीचागोदस्स च जहण्णाणुभागस्स णियमा संकामया च असंकामया च । एवं णाणा-जीवेहि भंगविचओ समत्तो ।

णाणाजीवेहि कालो । तं जहा— साद-जसकित्ति-उच्चागोदाणं उक्कस्साणुभाग-संकामया केवचिरं० ? सव्वद्धा[1] । सेसाणं कम्माणं उक्कस्साणुभागसंकामया जह० अंतो-मुहुत्तं, उक्क० अप्पसत्थाणं कम्माणं पलिदो० असंखे० भागो । आउआणमुक्कस्साणुभाग-

तथा कदाचित् संक्रामक भी बहुत और असंक्रामक भी बहुत होते हैं ।) कहना चाहिये । सातावेदनीय, यशकीर्ति और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके नियमसे बहुत संक्रामक और बहुत असंक्रामक होते हैं । इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके भी बहुत संक्रामक और बहुत असंक्रामक होते हैं । शेष कर्मोंके छह भंग हैं । अपूर्वकरण गुणस्थानमें परभविक नामकर्मोंकी बन्धव्यु-च्छित्तिके हो जानेपर जिन कर्मोंका उत्कृष्ट बन्ध कहा गया है उनका वहां उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट बन्ध होता है, क्योंकि, वहां असंख्यात लोक मात्र अनुभागबन्धाध्यवसानस्थानोंकी सम्भावना है । इस कारण इनके छह भंग होते हैं । इस प्रकार उत्कृष्ट-पद-भंगविचय समाप्त हुआ ।

जघन्य अनुभाग संक्रमके भी विषयमें यही अर्थपद है । इस अर्थपदके अनुसार पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धिचतुष्क, चार संज्वलन, नौ नोकषाय, तीन आयु, उद्वेल्यमान नामप्रकृतियां, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंके छह भंग होते हैं । स्त्यानगृद्धि आदि तीन, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, आठ कषाय, तिर्यगायु, अनुद्वेल्यमान नामप्रकृतियों और नीचगोत्रके जघन्य अनुभागके नियमसे संक्रामक बहुत और असंक्रामक भी बहुत होते हैं । इस प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय समाप्त हुआ ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा इस प्रकार है— सातावेदनीय, यशकीर्ति और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकोंका काल कितना है ? नाना जीवोंकी अपेक्षा उनका सर्वकाल है । शेष कर्मोंके उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे अप्रशस्त कर्मोंका पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । आयु कर्मोंके उत्कृष्ट अनुभाग

१ अ-काप्रत्योः 'सव्वद्धं' इति पाठः ।

संकामयाणं कालो जह० अंतोमु०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० भागो। जासिं परभविय-णामाणं बंधज्झवसाणस्स चरिमसमए खवओ उक्कस्साणुभागं णिव्वत्तेदि तासिं णाम-पयडीणं उक्कस्साणुभागसंकामयकालो जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। पसत्थाणं णामपयडीणं अक्खवयपाओग्गाणं उक्कस्साणुभागसंकमकालो जह० अंतोमु०, उक्क० पलिदो० असंखेभागो। एवमुक्कस्सकालो समत्तो।

एत्तो णाणाजीवेहि जहण्णाणुभागसंकामयकालो। तं जहा— पंचणाणावरण-छ-दंसणावरण-सम्मत्त-पुरिसवेद-चदुसंजलण-पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागसंकामयाणं कालो जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जा समया। अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागसंकामया जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो। सम्मामिच्छत्त-अट्ठणोकसायाणं जहण्णाणुभागसंकामया जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। तिण्णमाउआणं जहण्णाणुभागसंकाम-याणं जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो। तिरिक्खाउस्स जहण्णा-जहण्णस्स सव्वद्धा। णिरय-देव-मणुसगइणामाणं तप्पाओग्गआणुपुव्वीणामाणं वेउव्विय-सरीर-वेउव्वियसरीरंगोवंग-बंधण-संघादणामाणं जहण्णाणुभागसंकामयाणं० जह० एग-समओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो। एवमुच्चागोदस्स। आहारसरीर-आहार[1]सरीरअंगोवंग-

संक्रामकोंका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र है। जिन परभविक नामकर्मोंके बन्धाध्यवसानके अन्तिम समयमें क्षपक जीव उत्कृष्ट अनुभागकी रचना करता है उन नामप्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पूर्वकोटिपृथक्त्व प्रमाण है। अक्षपक योग्य प्रशस्त नामप्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है। इस प्रकार उत्कृष्ट कालकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

यहां नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य अनुभाग संक्रामकोंके कालकी प्ररूपणा की जाती है। यथा— पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सम्यक्त्व पुरुषवेद, चार संज्वलन और पांच अन्तरायके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात समय मात्र है। अनन्तानुबन्धी कषायोंके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है। सम्यग्मिथ्यात्व और आठ नोकषायोंके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। तीन आयु कर्मोंके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है। तिर्यगायुके जघन्य व अजघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल सर्वकाल है। नरकगति, देवगति और मनुष्यगति नामकर्मों, तत्प्रायोग्य आनुपूर्वी नामकर्मों, वैक्रियिकशरीर वैक्रियिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकबन्धन और वैक्रियिकसंघात नामकर्मोंके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है। इसी प्रकार उच्चगोत्रके सम्बन्धमें कहना चाहिये। आहारशरीर, आहारशरीरांगोपांग,

१ अप्रतौ 'आहारसरीरस्साहार', काप्रतौ 'आहारसरीरस्स आहार' इति पाठः।

बंधण-संघाद-तित्थयराणं जहण्णाणुभागसंकामया जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जा समया । सेसाणमणुव्वेल्लमाणणामपयडीणं णीचागोदस्स जहण्णाणुभागसंकामयाणं सव्वद्धा । एवं कालो समत्तो ।

णाणाजीवेहि अंतरं । तं जहा— पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-असादावेदणीय-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-आउचउक्काणं जसकित्तिं मोत्तूण सव्वणामपयडीणं णीचागोद-पंचंतराइयाणं च उक्कस्साणुभागसंकामयंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । साद-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-जसकित्ति-उच्चागोदाणं उक्कस्साणुभागसंकामयंतरं णत्थि । एवमुक्कस्साणुभागसंकामयंतरं समत्तं ।

जहण्णाणुभागसंकामयंतरं । तं जहा— पंचणाणावरणीय-छदंसणावरणीय-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-लोहसंजलण-इत्थिवेद-छण्णोकसाय-पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागसंकामयंतरं जह० एयसमओ, उक्क० छम्मासा । तिण्णिसंजलण-पुरिसवेदाणमंतरं एवं चेव । णवरि उक्क० वस्सं सादिरेयं । एवं णवुंसयवेदस्स । णवरि उक्कस्समंतरं संखेज्जाणि वस्साणि । अणंताणुबंधीणं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । तिण्णमाउआणमंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । जाओ णामपयडीओ सादियसंतकम्माओ तासि णामपयडीणं जहण्णाणुभागसंकामयंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असं०

आहारबन्धन, आहारसंघात और तीर्थंकरके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात समय मात्र है। शेष अनुद्वेल्यमान नामप्रकृतियों और नीचगोत्रके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका काल सर्वकाल है। इस प्रकार कालप्ररूपणा समाप्त हुई।

नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरकी प्ररूपणा की जाती है। यथा— पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय और चार आयु कर्मोंके तथा यशकीर्तिको छोड़कर सब नामप्रकृतियों, नीचगोत्र और पांच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकोंका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है। सातावेदनीय सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, यशकीर्ति और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकोंका अन्तर नहीं होता। इस प्रकार उत्कृष्ट अनुभाग संक्रामकोंका अन्तरकाल समाप्त हुआ।

जघन्य अनुभाग संक्रामकोंके अन्तरकालकी प्ररूपणा इस प्रकार है— पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, संज्वलन लोभ, स्त्रीवेद, छह नोकषाय और पांच अन्तरायके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास मात्र है। तीन संज्वलन और पुरुषवेदका भी अन्तरकाल इसी प्रकार ही है। विशेष इतना है कि इनका उक्त अन्तरकाल उत्कर्षसे साधिक एक वर्ष मात्र है। इसी प्रकार नपुंसकवेदके सम्बन्धमें कहना चाहिये। विशेष इतना है कि उत्कृष्ट अन्तरकाल संख्यात वर्ष मात्र है। अनन्तानुबन्धी कषायोंका वह अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है। तीन आयु कर्मोंका वह अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है। जो नामप्रकृतियां सादि सत्कर्मवाली हैं उन नामप्रकृतियोंके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र

लोगा । एवमुच्चागोदस्स वि । सेसाणं णामपयडीणं णीचागोद-तिरिक्खाउअ-मिच्छत्त-अट्ठकसाय-सादासाद-णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं जहण्णाणुभागसंकामयाणं णत्थि अंतरं । एवमंतरं समत्तं ।

सण्णियासो । तं जहा—मदिआवरणस्स उक्कस्साणुभागसंकामगो सुदावरणस्स । तं तु छट्ठाणपदिदं[1] । एवं जाणिदूण णेयव्वं ।

जहण्णसण्णियासो । तं जहा— मदिआवरणस्स जो जहण्णाणुभागसंकामगो सेसाणं चदुण्णं णाणावरणीयाणं णियमा जहण्णाणुभागस्स संकामओ, दसणावरणस्स चउव्विहस्स णियमा जहण्णाणुभागसंकामगो, णिद्दा-पयलाणं णियमा असंकामओ, पंचण्णमंतराइयाणं णियमा जहण्णा, सेसाणं जेसिं संतकम्ममत्थि तेसिं णियमा अजहण्णसंकामओ । एवं सण्णियासो समत्तो ।

एत्तो अप्पाबहुगं दुविहं सत्थाणे परत्थाणे चेदि । चउसट्ठिवदियो जो दंडओ तेण पयदं । सो दुविहो उक्कस्सपदे जहण्णपदे चेदि । उक्कस्सेण जहा अणुभागबंधे भणिदो तहा उक्कस्सए अणुभागसंकमे[2] कायव्वो । णवरि सम्मामिच्छत्तादो सम्मत्ते

है । इसी प्रकार उच्चगोत्रकी भी प्ररूपणा करना चाहिये । शेष नामप्रकृतियों, नीचगोत्र, तिर्यगायु, मिथ्यात्व, आठ कषाय, सातावेदनीय, असातावेदनीय, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिके जघन्य अनुभाग संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है । इस प्रकार अन्तरकालकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

संनिकर्षकी प्ररूपणा की जाती है । यथा— मतिज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका संक्रामक श्रुतज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका संक्रामक होता है । वह षट्स्थानपतित होता है । इस प्रकार जानकर आगे भी ले जाना चाहिये ।

जघन्य अनुभाग संक्रमके संनिकर्षकी प्ररूपणा इस प्रकार है— जो मतिज्ञानावरणके जघन्य अनुभागका संक्रामक है वह नियमसे शेष चार ज्ञानावरण प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है, वह चार प्रकार दर्शनावरणके नियमसे जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है, निद्रा और प्रचलाका नियमसे असंक्रामक होता है, पांच अन्तराय प्रकृतियोंके नियमसे जघन्य अनुभागका संक्रामक होता है, शेष प्रकृतियोंमें जिनका सत्त्व है उनके नियमसे अजघन्य अनुभागका संक्रामक होता है । इस प्रकार संनिकर्षकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

यहां स्वस्थान और परस्थानके भेदसे अल्पबहुत्व दो प्रकारका है । चौंसठ पदवाला जो अल्पबहुत्वदण्डक है वह यहां प्रकृत है । वह दो प्रकार है— उत्कृष्ट पद विषयक और जघन्य पद विषयक । उत्कृष्ट पदकी अपेक्षा जैसे अनुभागबन्धके विषयमें उक्त अल्पबहुत्व-दण्डकका कथन किया गया है वैसे ही उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमके विषयमें भी उसका कथन करना चाहिये । विशेष इतना है कि सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा सम्यक्त्वमें 'अनन्तगुणहीन'

---

१ ताप्रतौ 'छट्ठाणं पदिदा' इति पाठः । २ प्रतिषु 'अणुभागसंकमो' इति पाठः ।

अणंतगुणहीणमिदि णिद्दावयाणि पदिदाणि कादव्वाणि । एदं वदिरित्तं उक्कस्सबंधादो संकमे उक्कस्से ।

जहण्णेण सव्वमंदाणुभागो[1] लोहसंजलणो । माया० अणंतगुणो । माणो अणंतगुणो । कोधो अणंतगुणो । पुरिस० अणंतगुणो । सम्मत्ते० अणंतगुणो । सम्मामिच्छत्ते अणंतगुणो । मणपज्जव० दाणंतराइय० अणंतगुणो । ओहिणाणावरण० लाहंतराइय० अणंतगुणो । सुद० अचक्खुदं० भोगंतराइय० अणंतगुणो । चक्खु० अणंतगुणो । मदि० परिभोगंतराइय० अणंतगुणो । केवलणाण-केवलदंसणावरण-वीरियंतराइय० अणंतगुणो । पयला० अणंतगुणो । णिद्दा० अणंतगुणो । हस्स० अणंतगुणो । रदि० अणंतगुणो । दुगुंछा० अणंतगुणो । भय० अणंतगुणो । सोग० अणंतगुणो । अरदि० अणंतगुणो । इत्थि० अणंतगुणो । णवुंस० अणंतगुणो । अणंताणुबंधिमाणे० अणंतगुणो । कोधे० विसेसाहियो । माया० विसे० । लोहे विसे० । वेउव्वियसरीर० अणंतगुणो । तिरिक्खाउअ० अणंतगुणो । मणुस्साउ० अणंतगुणो । णिरयगई० अणंतगुणो । मणुमगई० अणंतगुणो । देवगई० अणंतगुणो । उच्चागोद० अणंतगुणो । णिरयाउ० अणंतगुणो । देवाउ० अणंतगुणो । ओरालिय० अणंतगुणो । तेजा० अणंतगुणो । कम्मइय० अणंत-

---

इस प्रकार निद्रापक पतितोंको करना चाहिये, अर्थात् सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इन दो अबन्ध प्रकृतियोंके भी अल्पबहुत्वको यहां अनन्तगुणहीनक्रमसे कहना चाहिये । यह उत्कृष्ट बन्धकी अपेक्षा उत्कृष्ट संक्रममें भेद है ।

जघन्य पदकी अपेक्षा संज्वलन लोभ सर्वमन्द अनुभागवाला है । संज्वलन माया अनन्तगुणी है । संज्वलन मान अनन्तगुणा है । संज्वलन क्रोध अनन्तगुणा है । पुरुषवेदमें वह अनन्तगुणा है । सम्यक्त्वमें अनन्तगुणा है । सम्यग्मिथ्यात्वमें अनन्तगुणा है । मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायमें अनन्तगुणा है । अवधिज्ञानावरण और लाभान्तरायमें अनन्तगुणा है । श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायमें अनन्तगुणा है । चक्षुदर्शनावरणमें अनन्तगुणा है । मतिज्ञानावरण और परिभोगान्तरायमें अनन्तगुणा है । केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण और वीर्यान्तरायमें अनन्तगुणा है । प्रचलामें अनन्तगुणा है । निद्रामें अनन्तगुणा है । हास्यमें अनन्तगुणा है । रतिमें अनन्तगुणा है । जुगुप्सामें अनन्तगुणा है । भयमें अनन्तगुणा है । शोकमें अनन्तगुणा है । अरतिमें अनन्तगुणा है । स्त्रीवेदमें अनन्तगुणा है । नपुंसकवेदमें अनन्तगुणा है । अनन्तानुबन्धी मानमें अनन्तगुणा है । अनन्तानुबन्धी क्रोधमें विशेष अधिक है । अनन्तानुबन्धी मायामें विशेष अधिक है । अनन्तानुबन्धी लोभमें विशेष अधिक है । वैक्रियिकशरीरमें अनन्तगुणा है । तिर्यंचआयुमें अनन्तगुणा है । मनुष्यायुमें अनन्तगुणा है । नरकगतिमें अनन्तगुणा है । मनुष्यगतिमें अनन्तगुणा है । देवगतिमें अनन्तगुणा है । उच्चगोत्रमें अनन्तगुणा है । नारकायुमें अनन्तगुणा है । देवायुमें अनन्तगुणा है । औदारिकशरीरमें अनन्तगुणा है । तैजसशरीरमें अनन्तगुणा है । कार्मण-

---

१ ताप्रतौ 'उक्कस्से० जहण्णेण । सव्वमंदाणुभागो' इति पाठः ।

गुणो । तिरिक्खगई० अणंतगुणो । णीचागोद० अणंतगुणो । अजसकित्ति० अणंतगुणो । पयलापयला० अणंतगुणो । णिद्दाणिद्दा० अणंतगुणो । थीणगिद्धि० अणंतगुणो । अपच्च-क्खाणमाणे० अणंतगुणो । कोधे० विसेसाहिओ । माया० विसेसा० । लोभे० विसे० । पच्चक्खाणमाणे अणंतगुणो । कोधे विसेसा० । मायाए० विसे० । लोभे० विसे० । असाद० अणंतगुणो । जसकित्ति० अणंतगुणो । साद० अणंतगुणो । मिच्छत्त० अणंत-गुणो । आहार० अणंतगुणो । एवमोघो समत्तो ।

णिरयगईए सव्वमंदाणुभागं सम्मत्तं । सम्मामिच्छत्त० अणंतगुणो । अणंताणुबंधि-माणे० अणंतगुणो । कोधे० विसे० । माया० विसे० । लोभे० विसे० । तिरिक्खाउ० अणंतगुणो । मणुस्साउ० अणंतगुणो । णिरयाउ० अणंतगुणो । ओरालिय० अणंतगुणो । वेउ० अणंतगुणो । तेजा० अणंतगुणो । कम्मइय० अणंतगुणो । हस्स० अणंतगुणो । रदि० अणंतगुणो । णिरयगई० अणंतगुणो । तिरिक्खगई० अणंतगुणो । मणुसगई० अणंतगुणो । देवगई० अणंतगुणो । णीचागोद० अणंतगुणो । अजसगित्ति० अणंतगुणो । पयला० अणंत-गुणो । णिद्दा० अणंतगुणो । पयलापयला० अणंतगुणो । णिद्दाणिद्दा० अणंतगुणो । दुगुंछा० अणंतगुणो । भय० अणंतगुणो । सोग० अणंतगुणो । अरदि० अणंतगुणो । पुरिसवेद०

शरीरमें अनन्तगुणा है । तिर्यग्गतिमें अनन्तगुणा है । नीचगोत्रमें अनन्तगुणा है । अयश-कीर्तिमें अनन्तगुणा है । प्रचलाप्रचलामें अनन्तगुणा है । निद्रानिद्रामें अनन्तगुणा है । स्त्यानगृद्धिमें अनन्तगुणा है । अप्रत्याख्यानावरण मानमें अनन्तगुणा है । अप्रत्याख्यानावरण क्रोधमें विशेष अधिक है । अप्रत्याख्यानावरण मायामें विशेष अधिक है । अप्रत्याख्यानावरण लोभमें विशेष अधिक है । प्रत्याख्यानावरण मानमें अनन्तगुणा है । प्रत्याख्यानावरण क्रोधमें विशेष अधिक है । प्रत्याख्यानावरण मायामें विशेष अधिक है । प्रत्याख्यानावरण लोभमें विशेष अधिक है । असातावेदनीयमें अनन्तगुणा है । यशकीर्तिमें अनन्तगुणा है । साता-वेदनीयमें अनन्तगुणा है । मिथ्यात्वमें अनन्तगुणा है । आहारशरीरमें अनन्तगुणा है । इस प्रकार ओघ अल्पबहुत्व समाप्त हुआ है ।

नरकगतिमें सबसे मन्द अनुभागवाली सम्यक्त्व प्रकृति है । उससे सम्यग्मिथ्यात्वमें वह अनन्तगुणा है । अनन्तानुबन्धी मानमें अनन्तगुणा है । अनन्तानुबन्धी क्रोधमें विशेष अधिक है । अनन्तानुबन्धी मायामें विशेष अधिक है । अनन्तानुबन्धी लोभमें विशेष अधिक है । तिर्यगायुमें अनन्तगुणा है । मनुष्यायुमें अनन्तगुणा है । नारकायुमें अनन्तगुणा है । औदारिकशरीरमें अनन्तगुणा है । वैक्रियिकशरीरमें अनन्तगुणा है । तैजसशरीरमें अनन्तगुणा है । कार्मणशरीरमें अनन्तगुणा है । हास्यमें अनन्तगुणा है । रतिमें अनन्तगुणा है । नरकगतिमें अनन्तगुणा है । तिर्यंचगतिमें अनन्तगुणा है । मनुष्यगतिमें अनन्तगुणा है । देवगतिमें अनन्तगुणा है । नीचगोत्रमें अनन्तगुणा है । अयशकीर्तिमें अनन्तगुणा है । प्रचलामें अनन्त-गुणा है । निन्द्रामें अनन्तगुणा है । प्रचलाप्रचलामें अनन्तगुणा है । निद्रानिद्रामें अनन्तगुणा है । जुगुप्सामें अनन्तगुणा है । भयमें अनन्तगुणा है । शोकमें अनन्तगुणा है । अरतिमें

अणंतगुणो। इत्थिवेद० अणंतगुणो। णवुंसय० अणंतगुणो। मणपज्ज० अणंतगुणो। थीणगिद्धि० अणंतगुणो। दाणंतराइयं[1]० अणंतगुणो। ओहिणाण० ओहिदंसण० लाहंतराइय० अणंतगुणो। सुदणाण० अचक्खुदंसण० भोगंतराइय० अणंतगुणो। चक्खु० अणंतगुणो। आभिणिबोहिय० परिभोगंतराइय० अणंतगुणो। अपच्चक्खाणमाणे० अणंतगुणो। कोहे० विसेसाहिओ। माया० विसे०। लोभे० विसे०। पच्चक्खाण-माणे० अणंतगुणो। कोहे० विसे०। माया० विसे०। लोभे० विसे०। संजलणमाणे० अणंतगुणो। कोहे० विसे०। माया० विसे०। लोभे० विसे०। केवलणाण० केवलदंसण० असाद० वीरियं० अणंतगुणो। उच्चागोद० अणंतगुणो। अजसकित्ति० अणंतगुणो। साद० अणंतगुणो। मिच्छत्त० अणंतगुणो। आहारसरीर० अणंतगुणो। एवं णिरयगईए जहण्णओ अणुभागसंकमदंडओ समत्तो।

तिरिक्खगईए सव्वमंदाणुभागं सम्मत्तं। सम्मामिच्छत्त० अणंतगुणो। अणंताणु-बंधिमाणे अणंतगुणो। कोधे० विसे०। माया० विसे०। लोभे० विसे०। वेउव्विय-सरीर० अणंतगुणो। तिरिक्खाउ० अणंतगुणो। मणुस्साउ० अणंतगुणो। णिरयगई० अणंतगुणो। मणुसगई० अणंतगुणो। देवगई० अणंतगुणो। उच्चागोद० अणंतगुणो।

अनन्तगुणा है। पुरुषवेदमें अनन्तगुणा। स्त्रीवेदमें अनन्तगुणा है। नपुंसकवेदमें अनन्तगुणा है। मनःपर्ययज्ञानावरणमें अनन्तगुणा है। स्त्यानगृद्धिमें अनन्तगुणा है। दानान्तरायमें अनन्तगुणा है। अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायमें अनन्तगुणा है। श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायमें अनन्तगुणा है। चक्षुदर्शनावरणमें अनन्तगुणा है। आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तरायमें अनन्तगुणा है। अप्रत्या-ख्यानावरण मानमें अनन्तगुणा है। अप्रत्याख्यानावरण क्रोधमें विशेष अधिक है। अप्रत्या-ख्यानावरण मायामें विशेष अधिक है। अप्रत्याख्यानावरण लोभमें विशेष अधिक है। प्रत्याख्यानावरण मानमें अनन्तगुणा है। प्रत्याख्यानावरण क्रोधमें विशेष अधिक है। प्रत्याख्यानावरण मायामें विशेष अधिक है। प्रत्याख्यानावरण लोभमें विशेष अधिक है। संज्वलन मानमें अनन्तगुणा है। संज्वलन क्रोधमें विशेष अधिक है। संज्वलन मायामें विशेष अधिक है। संज्वलन लोभमें विशेष अधिक है। केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, असाता-वेदनीय और वीर्यान्तरायमें अनन्तगुणा है। उच्चगोत्रमें अनन्तगुणा है। अयशःकीर्तिमें अनन्त-गुणा है। सातावेदनीयमें अनन्तगुणा है। मिथ्यात्वमें अनन्तगुणा है। आहारशरीरमें अनन्त-गुणा है। इस प्रकार नरकगतिमें जघन्य अनुभागसंक्रमदण्डक समाप्त हुआ।

तिर्यंचगतिमें सम्यक्त्व प्रकृति सबसे मन्द अनुभागवाला है। उससे सम्यग्मिथ्यात्वमें वह अनन्तगुणा है। अनन्तानुबन्धी मानमें अनन्तगुणा है। अनन्तानुबन्धी क्रोधमें विशेष अधिक है। अनन्तानुबन्धी मायामें विशेष अधिक है। अनन्तानुबन्धी लोभमें विशेष अधिक है। वैक्रियिकशरीरमें अनन्तगुणा है। तिर्यगायुमें अनन्तगुणा है। मनुष्यायुमें अनन्तगुणा है। नरकगतिमें अनन्तगुणा है। मनुष्यगतिमें अनन्तगुणा है। देवगतिमें अनन्तगुणा है।

१ अ-काप्रत्योः 'थीणगिद्धि० दाणंतराइय०' इति पाठः।

णिरयाउ० अणंतगुणो। देवाउ० अणंतगुणो। ओरालिय० अणंतगुणो। तेजा० अणंतगुणो। कम्मइय० अणंतगुणो। हस्स० अणंतगुणो। रदि० अणंतगुणो। तिरिक्खगई० अणंतगुणो। णीचागोद० अणंतगुणो। अजसगित्ति० अणंतगुणो। पयला० अणंतगुणो। णिद्दा० अणंतगुणो। पयलापयला० अणंतगुणो। णिद्दा-णिद्दा अणंतगुणो। दुगुंछा० अणंतगुणो। भय० अणंतगुणो। सोग० अणंतगुणो। अरदि० अणंतगुणो। पुरिसवेद० अणंतगुणो। इत्थिवेद० अणंतगुणो। णवुंस० अणंत-गुणो। मणपज्जवणाण० अणंतगुणो। थीणगिद्धि० अणंतगुणो। दाणंतराइय[२]० अणंतगुणो। ओहिणाण० ओहिदंसण० लाहंतराइय० अणंतगुणो। सुदणाण० भोगंतराइय० अणंत-गुणो। चक्खु० अणंतगुणो। मदिणाण० परिभोगंतराइय० अणंतगुणो। अपच्चक्खाण-माणे० अणंतगुणो। कोधे० विसे०। माया० विसे०। लोभे० विसे०। पच्चक्खाणमाणे० अणंतगुणो। कोधे० विसे०। माया० विसे०। लोभे० विसे०। संजलणमाणे० अणंत-गुणो। कोधे० विसे०। माया० विसे०। लोहे० विसे०। केवलणाण० केवलदंसण० असाद० विरियंतराइय० अणंतगुणो। जसगित्ति० अणंतगुणो। साद० अणंतगुणो।

उच्चगोत्रमें अनन्तगुणा है। नारकायुमें अनन्तगुणा है। देवायुमें अनन्तगुणा है। औदा-रिकशरीरमें अनन्तगुणा है। तैजसशरीरमें अनन्तगुणा है। कार्मणशरीरमें अनन्तगुणा है। हास्यमें अनन्तगुणा है। रतिमें अनन्तगुणा है। तिर्यंचगतिमें अनन्तगुणा है। नीचगोत्रमें अनन्तगुणा है। अयशकीर्तिमें अनन्तगुणा है। प्रचलामें अनन्तगुणा है। निद्रामें अनन्तगुणा है। प्रचलाप्रचलामें अनन्तगुणा है। निद्रानिद्रामें अनन्तगुणा है। जुगुप्सामें अनन्तगुणा है। भयमें अनन्तगुणा है। शोकमें अनन्तगुणा है। अरतिमें अनन्तगुणा है। पुरुषवेदमें अनन्त-गुणा है। स्त्रीवेदमें अनन्तगुणा है। नपुंसकवेदमें अनन्तगुणा है। मनःपर्ययज्ञानावरणमें अनन्तगुणा है। स्त्यानगृद्धिमें अनन्तगुणा है। दानान्तरायमें अनन्तगुणा है। अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायमें अनन्तगुणा है। श्रुतज्ञानावरण और भोगान्तरायमें अनन्तगुणा है। चक्षुदर्शनावरणमें अनन्तगुणा है। मतिज्ञानावरण और परिभोगान्तरायमें अनन्तगुणा है। अप्रत्याख्यानावरण मानमें अनन्तगुणा है। अप्रत्याख्यानावरण क्रोधमें विशेष अधिक है। अप्रत्यानावरण मायामें विशेष अधिक है। अप्रत्याख्यानावरण लोभमें विशेष अधिक है। प्रत्याख्यानावरण मानमें अनन्तगुणा है। प्रत्याख्यानावरण क्रोधमें विशेष अधिक है। प्रत्याख्यानावरण मायामें विशेष अधिक है। प्रत्याख्यानावरण लोभमें विशेष अधिक है। संज्वलन मानमें अनन्तगुणा है। संज्वलन क्रोधमें विशेष अधिक है। संज्वलन मायामें विशेष अधिक है। संज्वलन लोभमें विशेष अधिक है। केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, असाता-वेदनीय और वीर्यान्तरायमें अनन्तगुणा है। यशकीर्तिमें अनन्तगुणा है। सातावेदनीयमें

---

१ अ-काप्रत्योः 'णीचागोद० अजसगित्ति०' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः 'मणपज्जवणाण० थीणगिद्धि० दाणंतराइय०' इति पाठः।

मिच्छत्त० अणंतगुणो । एवं तिरिक्खगईए जहण्णाणुभागसंकमदंडओ समत्तो ।

तिरिक्खजोणिणीसु सव्वाणि पदाणि जहा तिरिक्खगदीए कदाणि तहा कायव्वाणि । मणुसेसु ओघे अजहण्णाणुभागसंकमदंडयादो ताव णाणत्तं णत्थि जाव णिरयगइ त्ति । तदो णिरियगइणामादो देवगदि० अणंतगुणो । णिरयाउ० अणंतगुणो । देवाउ० अणंतगुणो । मणुसगई० अणंतगुणो । उच्चागोद० अणंतगुणो । ओरालिय० अणंतगुणो । एत्तो अवसेसाणि पदाणि जहा ओघजहण्णदंडए कदाणि तहा कायव्वाणि । एवं मणुस्सेसु जहण्णाणुभागसंकमदंडओ समत्तो ।

जहा मणुस्सेसु तहा मणुसिणीसु । जहा णेरइएसु तहा देवेसु देवीसु च । जहा तिरिक्खगईए तहा बेइंदिय-तेइंदिय-चतुरिंदिएसु । केण कारणेण जहा तिरिक्खगईए तहा विगलिंदिएसु त्ति भणिदं ? देवगइ-मणुसगइ-णिरयगइ-वेउव्वियसरीरचउक्क-उच्चागोदाणं संजुत्तपढमसमयजहण्णाणुभागसंतकम्मस्स विगलिंदिएसुवलंभादो, अणंताणुबंधिणो पुव्वं विसंजोइदसासणसम्माइट्ठिस्स दुसमयसंजुत्तस्स तस्स जहण्णाणुभागस्स विगलिंदिएसुवलंभादो च । तेण जहा तिरिक्खगदीए तहा विगलिंदिएसु त्ति सुहासियं ।

अनन्तगुणा है । मिथ्यात्वमें अनन्तगुणा है । इस प्रकार तिर्यंचगतिमें जघन्य अनुभागसंक्रमदण्डक समाप्त हुआ ।

जिस प्रकारसे तिर्यंचगतिमें सब पदोंकी प्ररूपणा की गयी है उसी प्रकारसे तिर्यंच योनिमतियोंमें भी उक्त सब पदोंकी प्ररूपणा करना चाहिये । मनुष्योंमें ओघनिरूपित अजघन्य-अनुभागसंक्रमदण्डककी अपेक्षा नरकगति नामकर्म तक कोई विशेषता नहीं है । तत्पश्चात् नरकगति नामकर्मकी अपेक्षा देवगति नामकर्ममें वह अनन्तगुणा । उससे नारकायुमें अनन्तगुणा है । देवायुमें अनन्तगुणा है । मनुष्यगति नामकर्ममें अनन्तगुणा है । उच्चगोत्रमें अनन्तगुणा है । औदारिकशरीरमें अनन्तगुणा है । यहां शेष पदोंकी प्ररूपणा जैसे ओघ जघन्य दण्डकमें की गयी है वैसे करना चाहिये । इस प्रकार मनुष्योंमें जघन्य अनुभागसंक्रमदण्डक समाप्त हुआ ।

उक्त प्ररूपणा जिस प्रकार मनुष्योंमें की गयी है उसी प्रकार मनुष्यनियोंमें भी करना चाहिये । उक्त दण्डककी प्ररूपणा जिस प्रकार नारकियोंमें की गयी है उसी प्रकार देवोंमें और देवियोंमें भी करना चाहिये । द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंमें तिर्यंचगतिके समान प्ररूपणा करना चाहिये ।

शंका— विकलेन्द्रिय जीवोंकी वह प्ररूपणा तिर्यंचगतिके समान किस कारणसे बतलायी है ?

समाधान— इसका कारण यह है कि देवगति, मनुष्यगति, नरकगति, वैक्रियिकशरीर-चतुष्क और उच्चगोत्रका संयुक्त होनेके प्रथम समयवर्ती जघन्य अनुभागसत्कर्म विकलेन्द्रिय जीवोंमें पाया जाता है, तथा सासादनसम्यग्दृष्टिमें पूर्व विसंयोजित अनन्तानुबन्धीका संयुक्त होनेके द्वितीय समयवर्ती वह जघन्य अनुभागसत्कर्म विकलेन्द्रिय जीवोंमें पाया जाता है । इस कारण विकलेन्द्रियोंकी जो वह प्ररूपणा तिर्यंचगतिके समान कही है, यह ठीक ही कहा गया है ।

एत्तो भुजगारसंकमे अट्ठपदं । तं जहा— जे एण्हिं अणुभागस्स फद्दया संकामिज्जंति ते जइ अणंतरविदिक्कंते समए संकामिदफद्दएहिंतो बहुआ होंति तो एसो भुजगारसंकमो। अह जइ तत्तो थोवा होंति तो एसो अप्पदरसंकमो । जदि तत्तियो तत्तियो चेव दोसु वि समएसु फद्दयाणं संकमो होदि तो एसो अवट्ठियसंकमो । एदेण अट्ठपदेण सामित्तं— मदिआवरणस्स भुजगारसंकमो कस्स ? जो संतकम्मस्स हेट्ठदो तेण समं वा बंधंतो अच्छिदो सो तदो उवरिमाणुभागं बंधिय बंधावलियादिक्कंतं संकममाणस्स भुजगारसंकमो। अप्पदरसंकमो अणुभागखंडयघादेण विणा णत्थि । जेण अणुभागखंडयं उक्कीरिज्जमाणमुक्किण्णं सो से काले अप्पदरसंकामओ । अवट्ठिदसंकामओ को होदि ? भुजगार-अप्पदर-अवत्तव्ववदिरित्तो । चत्तारिणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-सादासाद-मिच्छत्ताणं मदिआवरणभंगो । एवं सोलसकसाय-णवणोकसायाणं । णवरि एत्थ अवत्तव्वसंकामओ वि अत्थि । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं अत्थि अप्पदर-अवट्ठिद-अवत्तव्वसंकमो, भुजगारसंकमो णत्थि । चदुण्णमाउआणं सादिय-संतकम्मियाणं णामपयडीणं उच्चागोदाणं च णाणावरणभंगो । णवरि अवत्तव्वसंकमो वि अत्थि । तित्थयरणामाए अत्थि भुजगार-

यहां भुजाकार संक्रममें अर्थपदकी प्ररूपणा की जाती है। यथा— अनुभागके जो स्पर्धक इस समय संक्रमणको प्राप्त कराये जाते हैं वे यदि अनन्तर बीते हुए समयमें संक्रामित अनुभागस्पर्धकोंकी अपेक्षा बहुत हैं तो यह भुजाकार संक्रम कहलाता है। परन्तु यदि इस समयमें संक्रमणको प्राप्त कराये जानेवाले वे ही अनुभागस्पर्धक अनन्तर बीते हुए समयमें संक्रामित स्पर्धकोंकी अपेक्षा स्तोक हैं तो यह अल्पतर संक्रम कहा जाता है। यदि दोनों ही समयोंमें उतना उतना मात्र ही अनुभागस्पर्धकोंका संक्रम होता है तो यह अवस्थित संक्रम कहलाता है। [पूर्वमें असंक्रामक होकर संक्रम करना, इसे अवक्तव्य संक्रम कहा जाता है।] इस अर्थपदके अनुसार स्वामित्वका कथन करते हैं— मतिज्ञानावरणका भुजाकार संक्रम किसके होता है ? जो जीव सत्कर्मसे कम अथवा उसके बराबर ही अनुभागको बांधता हुआ स्थित है वह उससे अधिक अनुभागको बांधकर व बन्धावलीको बिताकर जब उसको संक्रान्त कर रहा हो तब उसके मतिज्ञानावरणका भुजाकार संक्रम होता है। अल्पतर संक्रम अनुभागकाण्डकघातके बिना नहीं होता। जो उत्कीर्ण किये जानेवाले अनुभागकाण्डकको उत्कीर्ण कर चुका है वह अनन्तर समयमें उसका अल्पतरसंक्रामक होता है। अवस्थितसंक्रामक कौन होता है ? भुजाकार, अल्पतर और अवक्तव्य संक्रामकसे भिन्न जीव अवस्थितसंक्रामक होता है। शेष चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, और मिथ्यात्वकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। इसी प्रकार सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। विशेष इतना है कि यहां अवक्तव्य संक्रामक भी होता है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य संक्रम होता है; उनका भुजाकार संक्रम नहीं होता। चार आयु कर्मों, सादिसत्कर्मिक नामप्रकृतियों और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। विशेष इतना है कि इनका

१ अप्रतौ 'तेजइय अणंतर' इति पाठः। २ अप्रतौ 'थोवो' इति पाठः।

अवट्ठिय-अवत्तव्वसंकमो, अप्पदरसंकामगो णत्थि । अणादिसंतकम्मियाणं णामपयडीणं णीचागोद-पंचंतराइयाणं णाणावरणभंगो ।

एयजीवेण कालो— णाणावरणस्स भुजगारसंकामओ जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । अप्पदरसंकामयाणं कालो जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । अवट्ठियसंकामयाणं जह० एयसमओ, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । णवदंसणावरणीय-सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-सव्वणामपयडीणं उच्च-णीचागोद-पंचंतराइयाणं च णाणावरणभंगो । णवरि आहारचउक्क० अवट्ठियस्स पलिदो० असंखे० भागो । एवं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं । णवरि अवट्ठिदस्स जह० अंतोमुहुत्तं । तित्थयरणामाए भुजगार० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । अवट्ठिय० जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । चदुण्णमाउआणं भुजगार० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । अप्पदर० जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । अवट्ठिय० जह० एगसमओ । उक्क० देव-णिरयाउआणं[1] तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि, मणुस-तिरिक्खाउआणं तिण्णिपलिदो० सादिरेयाणि ।

कालादो अंतरं णेयव्वं । णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं च साहेदूण णेयव्वं ।

अवक्तव्यसंक्रम भी होता है । तीर्थंकर नामकर्मका भुजाकार, अवस्थित और अवक्तव्य संक्रम होता है; किन्तु उसका अल्पतर संक्रामक नहीं होता । अनादिसत्कर्मिक नामप्रकृतियों, नीचगोत्र और पांच अन्तरायकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है ।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है— ज्ञानावरणके भुजाकारसंक्रामकका काल जघन्यसे एक समय व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । अल्पतरसंक्रामकोंका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है । अवस्थितसंक्रामकोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे साधिक दो छ्यासठ सागरोपम मात्र है । नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, सब नामप्रकृतियां, उच्चगोत्र, नीचगोत्र और पांच अन्तरायकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । विशेष इतना है कि आहारचतुष्कके अवस्थितसंक्रामकका काल पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । इसी प्रकार सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भी सम्बन्धमें कहना चाहिये । विशेष इतना है कि इनके अवस्थितसंक्रामकका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । तीर्थंकर नामकर्मके भुजाकारसंक्रामकका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उसके अवस्थितसंक्रामकका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है । चार आयु कर्मोंके भुजाकारसंक्रामकका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । इनके अल्पतरसंक्रामकका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है । अवस्थितसंक्रामकका काल जघन्यसे एक समय है । उत्कर्षसे वह देवायु और नारकायुका साधिक तेतीस सागरोपम तथा मनुष्य व तिर्यंच आयुका साधिक तीन पल्योपम मात्र है ।

कालके आश्रयसे अन्तरको भी ले जाना चाहिये । नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तरको भी सिद्ध करके ले जाना चाहिये ।

---

१ अप्रतौ 'देवणेरइयाणं आउअं' इति पाठः ।

एत्तो अप्पाबहुअं— णाणावरणस्स अप्पदर० थोवा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा। एवं णवदंसणावरणीय-सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसायाणं। णवरि सोलसक० - णवणोकसायाणं अवत्तव्व० थोवा। अप्पदर० अणंतगुणा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० संखे० गुणा। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं अप्पदर० थोवा। अवत्तव्व० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा।

णिरयाउअस्स अप्पदर० थोवा। अवत्तव्व० संखे० गुणा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा। देवाउअस्स णिरयाउअभंगो। मणुसाउअस्स अप्पदर० थोवा। अवत्तव्व० विसेसा०। भुजगार० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० संखे० गुणा। तिरिक्खाउअस्स अवत्तव्व० थोवा। अप्पदर० अणंतगुणा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० संखे० गुणा।

णिरयगईए अवत्तव्व० थोवा। भुजगार० असंखे० गुणा। अप्पदर० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा। देवगइ-वेउव्वियसरीराणं णिरयगइभंगो। मणुसगइ० अवत्तव्व० थोवा। अप्पदर० अणंतगुणा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवट्ठिद० संखे० गुणा।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है—ज्ञानावरणके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके भी प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करना चाहिये। विशेष इतना है कि सोलह कषाय और नौ नोकषायके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। अल्पतर अनुभाग संक्रामक अनन्तगुणे हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं।

नारकायुके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। देवायुके इस अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा नारकायुके समान है। मनुष्यायुके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक विशेष अधिक हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। तिर्यगायुके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। अल्पतर अनुभाग संक्रामक अनन्तगुणे हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं।

नरकगतिके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। देवगति और वैक्रियिकसरीरकी प्ररूपणा नरकगतिके समान है। मनुष्यगतिके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। अल्पतर अनुभाग संक्रामक अनंतगुणे हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। उच्चगोत्रकी

उच्चागोदस्स मणुसगइभंगो। अणादियसंतकम्मियाणं णामपयडीणं णीचागोद-पंचंतराइयाणं च णाणावरणभंगो। आहारसरीरस्स अवत्तव्व० थोवा। भुजगार० संखे० गुणा। अप्पदर० संखे० गुणा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा। तित्थयरस्स आहारभंगो। एवमणुभागभुजगारसंकमो समत्तो।

एत्तो पदणिक्खेवो— णाणावरणस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? जो तप्पाओग्गेण जहण्णाणुभागसंतकम्मेण उक्कस्ससंकिलेसं गदो[1] तदो उक्कस्सओ अणुभागो पबद्धो आवलियादिक्कंतस्स[2] उक्कस्सिया अणुभागसंकमवड्ढी अवट्ठाणं च। उक्कस्सिया हाणी कस्स? जो उक्कस्सादो अणुभागसंतकम्मादो उक्कस्समणुभागघादं करेदि तस्स अणुभागखंडए घादिदे[3] सेसाणुभागसंतकम्मं से काले संकामेंतस्स उक्कस्सिया हाणी अणुभागसंकमस्स। एवं सव्वेसिमप्पसत्थाणं कम्माणं। सादस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? समयाहियावलियअकसायस्स खवयस्स। उक्क० हाणी कस्स? जो उवसामयचरिमसमयसुहुमसांपराइएण बद्धमादाणुभागं मिच्छत्तं गंतूण उक्कस्सएण अणुभागखंडएण घादिय सेसं संकामेमाणओ[4] तस्स उक्कस्सिया हाणी। उक्कस्समवट्ठाणं वड्ढीए। जसकित्ति-उच्चागोदाणं सादभंगो।

प्ररूपणा, मनुष्यगतिके समान है। अनादिसत्कर्मिक नामप्रकृतियों, नीच गोत्र और पांच अन्तरायोंकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। आहारशरीरके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। अल्पतर अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। तीर्थंकर नामकर्मकी प्ररूपणा आहारशरीरके समान है। इस प्रकार अनुभागभुजाकारसंक्रम समाप्त हुआ।

यहां पदनिक्षेपकी प्ररूपणा करते हैं— ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है? जो तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागसत्कर्मके साथ उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ है और तत्पश्चात् जिसने उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध किया है उसके आवली मात्र कालके वीतनेपर उसकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमवृद्धि और अवस्थान भी होता है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मसे उत्कृष्ट अनुभागका घात करता है उसके अनुभागकाण्डकका घात कर चुकनेपर अनन्तर कालमें शेष अनुभागसत्कर्मका संक्रम करते समय उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमकी हानि होती है। इस प्रकार सब अप्रशस्त कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। सातावेदनीयकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है? वह एक समय अधिक आवली मात्र कालवर्ती अकषाय क्षपकके होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो चरम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक उपशामकके द्वारा बांधे गये सातावेदनीयके अनुभागको मिथ्यात्वको प्राप्त हो उत्कृष्ट अनुभागकाण्डक द्वारा घातकर शेष अनुभागका संक्रम कर रहा है उसके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। उसका उत्कृष्ट अवस्थान वृद्धिमें होता है। यशकीर्ति और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है।

१ अप्रतौ 'संकिलेसादो' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'पबद्धो [तस्स-] आवलियादिक्कंतस्स' इति पाठः। ३ अप्रतौ 'घादे', ताप्रतौ 'घादेदि' इति पाठः। ४ अप्रतौ 'से संकामेमाणओ' इति पाठः।

एत्थ अट्ठपदं— सादस्स उक्कस्सेण अणुभागघादं मिच्छाइट्ठी मज्झिमपरिणामो चेव कुणदि— सुविसुद्धो ण हणदि, अइसंकिलिट्ठो वि ण हणदि। कुदो ? साभावियादो। एवं सव्वेसिं पसत्थकम्माणं। अभवसिद्धियपाओग्गउक्कस्ससादाणुभागस्स अणंते भागे मज्झिमपरिणामेहि मिच्छाइट्ठी हणदि। जेत्तियमेत्तफद्दयाणि अभवसिद्धियपाओग्ग-उक्कस्साणुभागादो मज्झिमपरिणामेहि घादेदि सुहुमसांपराइएण णिव्वत्तिदउक्कस्साणु-भागं पि घादेमाणो तत्तियमेत्ताणि चेव फद्दयाणि घादेदि। एदेण कारणेण भव-सिद्धिएण वा अभवसिद्धिएण वा णिव्वत्तिदउक्कस्साणुभागे अणुभागखंडएण मिच्छा-इट्ठिणा मज्झिमपरिणामेण घादिदे[2] अणुभागसंकमस्स उक्क० हाणी होदि। एवं सव्वेसिं पसत्थकम्माणं। एवमुक्कस्ससामित्तं समत्तं।

मदिआवरणस्स जहण्णिया अणुभागसंकमवड्ढी कस्स ? जो सुहुमेइंदियो हद-समुप्पत्तियकमेण कदजहण्णाणुभागसंकमो अप्पणो जहण्णसंतकम्मादो पक्खेवुत्तरं बंधिय आवलियादिक्कंतं संकामेदि तस्स जहण्णिया वड्ढी। जह० हाणी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयछदुमत्थस्स। जहण्णमवट्ठाणं जहण्णवड्ढीए दादव्वं। एवं चउणाणावरण-चउदंसणावरणाणं पि वत्तव्वं। णिद्दा-पयलाणं पि मदिणाणावरणभंगो।

यहां अर्थपद— उत्कर्षसे सातावेदनीयके अनुभागघातको मध्यम परिणामवाला मिथ्या-दृष्टि ही करता है, उसका घात न अतिशय विशुद्ध जीव ही करता है और न अतिशय संक्लिष्ट भी। इसका कारण स्वभाव ही है। इस प्रकार सब प्रशस्त कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। अभव्य योग्य सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागके अनन्त बहुभागको मिथ्यादृष्टि जीव मध्यम परिणामोंके द्वारा घातता है। अभव्य योग्य उत्कृष्ट अनुभागमेंसे जितने मात्र स्पर्धकोंको वह मध्यम परिणामोंके द्वारा घातता है, सूक्ष्मसाम्परायिक द्वारा रचे गये उत्कृष्ट अनुभागका भी घात करनेवाला जीव उतने मात्र ही स्पर्धकोंको घातता है। इस कारण भव्य अथवा अभव्यके द्वारा रचित उत्कृष्ट अनुभागका मध्यम परिणाम युक्त मिथ्यादृष्टिके द्वारा अनुभागकाण्डक स्वरूपसे घात कर चुकनेपर अनुभागसंक्रमकी उत्कृष्ट हानि होती है। इसी प्रकार सब प्रशस्त कर्मोंके सम्बन्धमें कथन करना चाहिये। इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ।

मतिज्ञानावरणकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है ? हतसमुत्पत्तिकक्रमसे जघन्य अनुभागसत्कर्मको कर चुकनेवाला जो सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव अपने जघन्य सत्कर्मकी अपेक्षा प्रक्षेप अधिक बांधकर आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करता है उसके मतिज्ञानावरणकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि होती है। उसकी जघन्य हानि किसके होती है ? वह जिसके चरम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र काल शेष रहा है उसके होती है। जघन्य अवस्थान जघन्य वृद्धिमें देना चाहिये। इसी प्रकार चार ज्ञानावरण और चार दर्शनावरणके भी कहना चाहिये। निद्रा और प्रचलाकी भी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके

---

१ ताप्रतौ 'कम्माणं अभव–' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'घादेदि' इति पाठः।

णवरि जहण्णिया हाणी जत्थ जहण्णट्ठिदिसंकमो तत्थ वत्तव्वो ।

पंचण्णमंतराइयाणं मदिणाणावरणभंगो । णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं जह० अणुभागवड्ढी कस्स ? सुहुमेइंदियस्स हदसमुप्पत्तियकम्मेण कदजहण्णाणुभागसंतकम्मस्स पक्खेवुत्तरं बंधिय आवलियादीदं संकामेंतस्स । तं चेव वड्ढिदाणुभागं अंतोमुहुत्तेण घादिय संकामेंतस्स जह० हाणी । एगदरत्थावट्ठाणं । सम्मत्त० जहण्णिया हाणी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयअक्खीणदंसणमोहणीयस्स । जहण्णवड्ढी णत्थि । जहण्णमवट्ठाणं कस्स ? चरिमाणुभागखंडयबिदियफालीए वट्टमाणस्स । सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णिया हाणी कस्स ? चरिमसमयअणुभागखंडयस्स पढमसमए वट्टमाणस्स जह० हाणी । तस्सेव से काले जहण्णमवट्ठाणं । जहण्णवड्ढी णत्थि ।

अणंताणुबंधि० जहण्णिया वड्ढी कस्स ? अणंताणुबंधिचउक्कं विसंजोजिय दुसमयाहियावलियसंजुत्तस्स । हाणी अवट्ठाणं च कस्स ? अंतोमुहुत्तसंजुत्तस्स । तं जहा— अणंताणुबंधिणो विसंजोजिय संजुत्तो जदि वि उक्कस्सियाए वड्ढीए वड्ढदि तो वि जाव अंतोमुहुत्तं कालं ताव सुहुमेइंदियजहण्णाणुभागसंतकम्मादो हेट्ठदो चेव अणंताणुबंधीणमणुभागो होदि । सो तत्तो हेट्ठदो अच्छमाणो घादं पि गच्छदि । तदो तेण

ही समान है । विशेष इतना है कि जहांपर जघन्य स्थितिसंक्रम है वहांपर उसकी जघन्य हानि कहना चाहिये ।

पांच अन्तराय कर्मोंकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है ? वह हतसमुत्पत्तिकक्रमसे जघन्य अनुभागसत्कर्मको कर चुकनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवके प्रक्षेप अधिक बांधकर आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करते समय होती है । उसी वृद्धिगत अनुभागको अन्तर्मुहूर्तमें घातकर संक्रम करनेवालेके उसकी जघन्य हानि होती है । दोनोंमेंसे किसी भी एकमें जघन्य अवस्थान होता है । सम्यक्त्व प्रकृतिकी जघन्य अनुभागसंक्रमहानि किसके होती है ? वह जिसके चरम समयवर्ती अक्षीणदर्शनमोह होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र काल शेष है उसके होती है । उसकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि नहीं है । उसका जघन्य अवस्थान किसके होता है ? वह अन्तिम अनुभागकाण्डककी द्वितीय फालिमें वर्तमान जीवके होता है । सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य हानि किसके होती है ? चरम अनुभागकाण्डकके प्रथम समयमें वर्तमान जीवके उसकी जघन्य हानि होती है । उसीके अनन्तर समयमें उसका जघन्य अवस्थान होता है । उसकी जघन्य वृद्धि नहीं है ।

अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी विसंयोजना करके दो समय अधिक आवली संयुक्त जीवके अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि होती है । उनकी जघन्य हानि और अवस्थान किसके होते हैं ? वे उनकी विसंयोजना करके अन्तर्मुहूर्त संयुक्त जीवके होते हैं । यथा— अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके उससे संयुक्त जीव यद्यपि उत्कृष्ट वृद्धिके द्वारा वृद्धिगत होता है, तो भी उसके अन्तर्मुहूर्त काल तक सूक्ष्म एकेन्द्रियके जघन्य अनुभागसत्कर्मकी अपेक्षा हीन ही अनन्तानुबन्धी कषायोंका

अंतोमुहुत्तसंजुत्तेण तस्स अणंतभागे घादिदे जह० हाणी होदि त्ति सिद्धं । जहण्णमवट्ठाणं जहण्णहाणीए दादव्वं ।

तिण्णं संजलणाणं जह० हाणी कस्स ? खवयस्स चरिमसमयजहण्णाणुभागबंधं संकामेंतस्स जहण्णिया हाणी । वड्ढी अवट्ठाणं च कस्स ? सुहुमेइंदियस्स जहण्णाणुभागसंतकम्मियम्हि वत्तव्वं । पुरिसवेदस्स तिसंजलणभंगो । लोहसंजलणस्स जह० हाणी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स । वड्ढी अवट्ठाणं च कस्स ? सुहुमेइंदियस्स जहण्णसंतकम्मादो पक्खेवुत्तरं बंधमाणस्स । अट्ठण्णं णोकसायाणं जह० हाणी कस्स ? अपच्छिमअणुभागखंडयस्स पढमसमए वट्टमाणस्स जह० हाणी । वड्ढी अवट्ठाणं च कस्स ? सुहुमेइंदियस्स सगजहणाणुभागसंतकम्मादो पक्खेवुत्तरं बंधमाणस्स ।

णामाणं सादिसंताणं वड्ढी कस्स ? संजोजिदबिदियसमए जं बद्धं तमावलिया-दिक्कंतं संकामेंतस्स जह० वड्ढी । हाणि-अवट्ठाणाणं अणंताणुबंधिभंगो । अणादियणाम-पयडीणं वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि कस्स ? सुहुमेइंदियस्स सगजहण्णाणुभागसंतकम्मादो

अनुभाग होता है । वह उससे हीन रहकर घातको भी प्राप्त होता है । इसीलिये अन्तर्मुहूर्त संयुक्त उक्त जीवके द्वारा उसके अनन्त बहुभागका घात कर चुकनेपर उनकी जघन्य अनुभाग-संक्रमहानि होती है, यह सिद्ध है । जघन्य अवस्थान जघन्य हानिमें देना चाहिये ।

तीन संज्वलन कषायोंकी जघन्य हानि किसके होती है ? उनकी जघन्य हानि जघन्य अनुभागबन्धका संक्रमण करते हुए उसके अन्तिम समयमें वर्तमान क्षपकके होती है । उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान किसके होता है ? उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थानका कथन सूक्ष्म एकेन्द्रियके जघन्य अनुभागसत्कर्ममें करना चाहिये । पुरुषवेदकी प्ररूपणा उपर्युक्त तीन संज्वलन कषायोंके समान है । संज्वलन लोभकी जघन्य अनुभागसंक्रमहानि किसके होती है ? वह अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होनेमें जिसके एक समय अधिक आवली मात्र काल शेष है उसके होती है । उसकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान किसके होता है ? जघन्य सत्कर्मकी अपेक्षा प्रक्षेप अधिक बांधनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रियके उसकी जघन्य वृद्धि व अवस्थान होता है । आठ नोकषायोंकी जघन्य हानि किसके होती है । अन्तिम अनुभाग-काण्डकके प्रथम समयमें वर्तमान जीवके उनकी जघन्य हानि होती है । उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान किसके होता है ? अपने जघन्य अनुभागसत्कर्मसे प्रक्षेप अधिक अनुभाग-को बांधनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रियके उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान होता है ।

सादि सत्त्ववाली नामप्रकृतियोंकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है ? संयोजनके द्वितीय समयमें जो अनुभाग बांधा गया है आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करनेवालेके उनकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि होती है । उनकी हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा अनन्तानु-बन्धी कषायके समान है । अनादि सत्त्ववाली नामप्रकृतियोंकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि, हानि और अवस्थान किसके होते हैं ? अपने जघन्य अनुभागसत्कर्मसे प्रक्षेप अधिक

पक्खेवुत्तरं बंधिय आवलियादिकंतं संकमेंतस्स जह० वड्ढी । तं पक्खेवमंतोमुहुत्तेण घादिय संकामेंतस्स जह० हाणी । एगदरत्थ अवट्ठाणं । णीचागोदस्स अणादियणामपयडीणं भंगो । उच्चागोदस्स अणंताणुबंधिभंगो । एवं सामित्तं समत्तं ।

अप्पाबहुअं । तं जहा— णाणावरणस्स उक्क० हाणी थोवा । वड्ढी अवट्ठाणं च विसेसाहियं । णवदंसणावरणीय-असाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-अप्पसत्थणामपयडीणं णीचागोद-पंचंतराइयाणं च णाणावरणभंगो । सादस्स उक्कस्सिया हाणी थोवा । वड्ढी अवट्ठाणं च अणंतगुणं । सव्वासिं णामपयडीणं पसत्थाणं उच्चागोदस्स च सादभंगो । आदावणामाए णाणावरणभंगो । आउआणं उक्कस्सिया हाणी थोवा । वड्ढी अवट्ठाणं च विसेसाहियं । एवमुक्कस्सप्पाबहुअं[1] समत्तं ।

जहण्णपदणिक्खेवप्पाबहुअं । तं जहा— मदिआवरणस्स जह० हाणी थोवा । वड्ढी अवट्ठाणं च अणंतगुणं । चदुणाणावरण-छदंसणावरण-चदुसंजलण-णवणोकसाय-पंचंतराइयाणं मदिआवरणभंगो । थीणगिद्धितिय-सादासाद-मिच्छत्त-अट्ठकसायाणं वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि तिण्णि वि तुल्लाणि । अणंताणुबंधीणं वड्ढी थोवा । हाणि-अवट्ठाणाणि अणंतगुणाणि । सम्मत्तस्स हाणी थोवा । अवट्ठाणमणंतगुणं । सम्मामिच्छत्तस्स

अनुभागको बांधकर आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रियके उक्त प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि होती है । उस प्रक्षेपको अन्तमुहूर्तमें घातकर संक्रम करनेवालेके उनकी जघन्य हानि होती है । दोनोंमेंसे किसी भी एकमें उनका जघन्य अवस्थान होता है । नीचगोत्रकी प्ररूपणा अनादिक नामप्रकृतियोंके समान है । उच्चगोत्रकी प्ररूपणा अनन्तानुबन्धीके समान है । इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है । यथा— ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमहानि स्तोक है । वृद्धि और अवस्थान विशेष अधिक हैं । नौ दर्शनावरणीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, अप्रशस्त नामप्रकृतियां, नीचगोत्र और पांच अन्तरायके प्रकृत अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । सातावेदनीयकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । वृद्धि और अवस्थान अनन्तगुणे हैं । सब प्रशस्त नामप्रकृतियां और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है । आतप नामकर्मकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । आयु कर्मोंकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । वृद्धि व अवस्थान विशेष अधिक हैं । इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

जघन्य पदनिक्षेप विषयक अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं । यथा— मतिज्ञानावरणकी जघन्य हानि स्तोक है । वृद्धि और अवस्थान अनन्तगुणे हैं । चार ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, नौ नोकषाय और पांच अन्तरायकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । स्त्यानगृद्धित्रय, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व और आठ कषायोंकी वृद्धि, हानि और अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं । अनन्तानुबन्धी कषायोंकी वृद्धि स्तोक है । हानि व अवस्थान अनन्तगुणे हैं । सम्यक्त्व प्रकृतिकी हानि स्तोक है । अवस्थान अनन्तगुणा है । सम्यग्मिथ्यात्वकी

१ ताप्रतौ 'एवमप्पाबहुगं' इति पाठः ।

हाणि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि । चदुण्णमाउआणं वड्ढि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि थोवाणि । हाणी अणंतगुणा । सादियणामपयडीणं उच्चागोदस्स च आउचउक्कभंगो । अणादियणामपयडीणं णीचागोदस्स च सादभंगो । तित्थयरस्स हाणी णत्थि । वड्ढी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि । एवं पदणिक्खेवो समत्तो ।

वड्ढिसंकमे सामित्तं— छव्विहाए वड्ढीए को सामी ? अण्णदरो संकामो । छव्विहाए हाणीए को सामी ? अण्णदरो घादेंतवो । आउअवज्जाणं कम्माणं ठिदिघादेण विणा वि अणुभागा हम्मंति, चदुण्णमाउआणं पुण ट्ठिदिघादेण विणा णत्थि अणुभागघादो[1] । एवं सामित्तं समत्तं ।

एयजीवेण कालो— सव्वकम्माणं छव्विहाए हाणीए संकमस्स जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । णवरि जासिं कम्माणं अणुसमओवट्टणा अत्थि, तेसिमणंतगुणहाणिसंकमस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । पंचण्णं वड्ढिसंकमाणं जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो । अणंतगुणवड्ढिसंकमस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । अवट्ठियसंकमस्स भुजगारअवट्ठियसंकमभंगो[2] । एवं वड्ढिकालो समत्तो ।

एयजीवेण अंतरं— पंचवड्ढि-पंचहाणीणमंतरं केवचिरं० ? जह० एगसमओ

हानि और अवस्थान दोनों ही तुल्य हैं । चार आयु कर्मोंकी वृद्धि और अवस्थान दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं । हानि अनन्तगुणी है । सादिक नामप्रकृतियों और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा आयुचतुष्कके समान है । अनादिक नामप्रकृतियों और नीचगोत्रकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है । तीर्थंकर प्रकृतिकी हानि नहीं है । वृद्धि और अवस्थान दोनों ही तुल्य हैं । इस प्रकार पदनिक्षेप समाप्त हुआ ।

वृद्धिसंक्रममें स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है— छह प्रकारकी वृद्धिका स्वामी कौन है ? उसका स्वामी अन्यतर संक्रामक है । छह प्रकारकी हानिका स्वामी कौन है ? घात करनेवालोंमें अन्यतर जीव उसका स्वामी है । आयुको छोड़कर शेष कर्मोंके अनुभाग स्थितिघातके विना भी घाते जाते हैं । परन्तु चार आयु कर्मोंके अनुभागोंका घात स्थितिघातके विना नहीं होता । इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है— सब कर्मोंकी छह प्रकारकी हानिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है । विशेष इतना है कि जिन कर्मोंकी प्रतिसमय अपवर्तना होती है उनकी अनन्तगुणहानिसंक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उनके पांच वृद्धिसक्रमोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है । अनन्तगुणवृद्धिसंक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । अवस्थितसंक्रमका काल भुजाकार अवस्थित संक्रमके समान है । इस प्रकार वृद्धिकाल समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तर— पांच वृद्धियों और पांच हानियोंका अन्तरकाल कितना

१ ताप्रतौ 'अणुभागादो' इति पाठः । २ प्रतिषु 'संकमभागो' इति पाठः ।

अंतोमुहुत्तं[1], उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणंतगुणवड्ढि हाणि-अवट्ठाणाणं[2] भुजगारसंकम-भंगो। एवं वड्ढिअंतरं समत्तं।

णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं च भाणिदव्वाणि।

एत्थ अप्पाबहुअं। एदस्स साहणट्ठं इमा परूवणा। तं जहा— एयम्मि बंधट्ठाणे असंखेज्जा लोगा घादट्ठाणाणि। एत्तो पंचविहहाणीयो साहेयूण समाणिय अणंतभाग-वड्ढिसंकामयाणं गुणगारो असंखेज्जा लोगा त्ति वत्तव्वो। मदिआवरणस्स अणंतभाग-हाणिसंकामया थोवा। असंखेज्जभागहाणिसंकामया असंखे० गुणा। संखे० भागहाणि० संखे० गुणा। संखे० गुणहाणि० संखे० गुणा। असंखे० गुणहाणि० असंखे० गुणा। अणंतभागवड्ढि० असंखे० गुणा। असंखे० भगवड्ढि० असंखे० गुणा। संखेज्जभाग-वड्ढिसंकामया संखेज्जगुणा। संखे० गुणवड्ढि० संखे० गुणा। असंखे० गुणवड्ढि० असंखे० गुणा। अणंतगुणहाणि० असंखे० गुणा। अणंतगुणवड्ढि० असंखे० गुणा। अवट्ठिद० संखे० गुणा। एवं चदुणाणावरण-णवदंसणावरण-सादासाद-अणादिय-णामकम्माणं णीचागोद-पंचंतराइय-मिच्छत्ताणं च।

सोलसकसाय-णवणोकसायाणं अवत्तव्वसंकामया थोवा। अणंतभागहाणिसं० अणंत-

है? जघन्यसे वह एक समय और अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है। अनन्त-गुणवृद्धि, हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा भुजाकार संक्रमके समान है। इस प्रकार वृद्धिअन्तर समाप्त हुआ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तरका भी यहां कथन करना चाहिये।

यहां अल्पबहुत्वका प्रकरण है। इसकी सिद्धिके लिये यह प्ररूपणा है। यथा— एक बंधस्थानमें असंख्यात लोक प्रमाण घातस्थान होते हैं। यहां पांच प्रकारकी हानियोंको सिद्ध करके समाप्त कर अनन्तभागवृद्धि सक्रामकोंका गुणकार असंख्यात लोक मात्र है, ऐसा कहना चाहिये। मतिज्ञानावरणके अनन्तभागहानिसंक्रामक स्तोक हैं। असंख्यातभागहानिसंक्रामक असंख्यात-गुणे हैं। संख्यातभागहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। संख्यातगुणहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। असंख्यातगुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अनन्तभागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। असंख्यातभागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। संख्यातभागवृद्धिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। संख्यातगुणवृद्धिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अनन्तगुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अनन्तगुणवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थितसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार शेष चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, अनादिक नामकर्म, नीचगोत्र, पांच अन्तराय और मिथ्यात्वके भी विषयमें प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करना चाहिये।

सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामक स्तोक हैं। अनन्तभागहानिसंक्रामक

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'जह० अंतोमुहुत्तं' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'अवट्ठाणाणि' इति पाठः।

गुणा । सेसाणं णाणावरणभंगो ।

मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-उच्चागोदाणं णोकसायभंगो । देवगइ-देवगइ-पाओग्गाणुपुव्वी - णिरयगइ - णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी - वेउव्वियसरीर - वेउव्वियसरीर-अंगोवंग-बंधण-संघादाणं असंखे० भागहाणिसंकामया थोवा[1] । संखे० भागहाणि० संखे० गुणा । संखे० गुणहाणि० संखे० गुणा । असंखे० गुणहाणि० असंखे० गुणा । अणंत-भागवड्ढि० असंखे० गुणा । असंखे० भागवड्ढि० असंखे० गुणा । संखेज्जभागवड्ढि० संखे० गुणा । संखे० गुणवड्ढिसं० संखे० गुणा । असंखे० गुणवड्ढि० असंखे० गुणा । अवत्तव्व०असंखे०गुणा । अणंतगुणहाणि० असंखे०गुणा । अणंतगुणवड्ढि० असंखे०गुणा । अणंतभागहाणि० असंखे० गुणा । अवट्ठिय०असंखे० गुणा । एवं वड्ढिसंकमो समत्तो ।

जहा संतकम्मट्ठाणाणि तहा संकमट्ठाणाणि । पदेससंकमे अट्ठपदं— जं पदेसग्गं अण्णपयडिं संकामिज्जदि एसो पदेससंकमो । एदेण अट्ठपदेण मूलपयडिसंकमो णत्थि[2] । उत्तरपयडिसंकमे पयदं । उत्तरपयडिसंकमो पंचविहो— उव्वेलणसंकमो विज्झादसंकमो अधापमत्तसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि[3] । वुत्तं च—

उव्वेल्लण विज्झादो अधापमत्तो गुणो[4] य सव्वो य ।

अनन्तगुणे हैं । शेष पदोंकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है ।

मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा नोकषायोंके समान है । देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक-शरीरांगोपांग, वैक्रियिकबन्धन और वैक्रियिकसंघातके असंख्यातभागहानिसंक्रामक स्तोक हैं । संख्यातभागहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । संख्यातगुणहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । असंख्यात-गुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अनन्तभागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । असंख्यात-भागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । संख्यातभागवृद्धिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । संख्यातगुण-वृद्धिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवक्तव्यसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अनन्तगुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अनन्तगुणवृद्धिसंक्रामक असं-ख्यातगुणे हैं । अनन्तभागहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थितसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । इस प्रकार वृद्धिसंक्रम समाप्त हुआ ।

संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा सत्कर्मस्थानोंके समान है । प्रदेशसंक्रममें अर्थपद— जो प्रदेशाग्र अन्य प्रकृतिमें संक्रान्त किया जाता है इसका नाम प्रदेशसंक्रम है । इस अर्थपदके अनुसार मूलप्रकृतिसंक्रम नहीं है । उत्तरप्रकृतिसंक्रम प्रकरणप्राप्त है । उत्तरप्रकृतिसंक्रम पांच प्रकारका है— उद्वेलनसंक्रम, विध्यातसंक्रम, अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम । कहा भी है—

परिणाम वश जिनके द्वारा जीवोंका कर्म संक्रमणको प्राप्त होता है वे संक्रम पांच हैं—

१ ताप्रतौ '-पाओग्गाणुपुव्वि-वेउव्वियसरीरंगोवंग-' इति पाठः । २ अ-काप्रत्योः 'अत्थि', ताप्रतौ 'अ (ण) त्थि' इति पाठः । बंधे संकामिज्जदि णोबंधे णत्थि मूलपयडीणं । गो. क. ४१०. ३ जं दलियमन्नपगइं निज्जइ सो संकमो पएसस्स । उव्वलणो विज्झाओ अहापवत्तो गुणो सव्वो ।। क. प्र. २–६०. ४ प्रतिषु 'गुणे' इति पाठः ।

संकमइ[1] जेहि कम्मं परिणामवसेण जीवाणं[2] ॥ १ ॥

काओ पयडीओ केत्तिएहि संकमंति त्ति जाणावणट्ठं परूवणाए कीरमाणाए[3] एसा गाहा होदि—

बंधे अधापवत्तो विज्झाद अबंध अप्पमत्तंतो ।
गुणसंकमो दु एत्तो पयडीणं अप्पसत्थाणं[4] ॥ २ ॥

'बंधे अधापवत्तो' जत्थ जासिं पयडीणं बंधो संभवदि तत्थ तासिं पयडीणं बंधे संते असंते वि अधापवत्तसंकमो होदि । एसो णियमो बंधपयडीणं, अबंधपयडीणं णत्थि । कुदो ? सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेसु वि अधापवत्तसंकमुवलंभादो[5] । 'विज्झाद अबंधे' जासिं पयडीणं जत्थ बंधसंभवो णियमेण णत्थि तत्थ तासिं विज्झादसंकमो[6] । एसो वि णियमो मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति तावदेव धुव चेव होदि । 'गुणसंकमो दु एत्तो' अप्पमत्तादो उवरिमगुणट्ठाणेसु बंधविरहिदपयडीणं गुणसंकमो सव्वसंकमो च होदि । सव्वसंकमो होदि त्ति कधं णव्वदे ? तु-सद्दादो । 'अप्पसत्थाणं'

उद्वेलनसंक्रम, विध्यातसंक्रम, अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ॥ १ ॥

कौन प्रकृतियां कितने संक्रमणोंके द्वारा संक्रमणको प्राप्त होती हैं, यह बतलानेके लिये की जानेवाली प्ररूपणामें यह गाथा है—

बन्धके होनेपर अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। विध्यातसंक्रम अबन्ध अवस्थामें अप्रमत्त गुणस्थान पर्यन्त होता है । यहांसे अर्थात् अप्रमत्त गुणस्थानसे लेकर आगेके गुणस्थानोंमें बन्धरहित अप्रशस्त प्रकृतियोंका गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम भी होता है ॥ २ ॥

'बंधे अधापवत्तो' का स्पष्टीकरण करते हुए बतलाते हैं कि जहां जिन प्रकृतियोंका बन्ध सम्भव है वहां उन प्रकृतियोंके बन्धके होनेपर और उसके न होनेपर भी अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है । यह नियम बन्धप्रकृतियोंके लिये है, अबन्धप्रकृतियोंके लिये नहीं है; क्योंकि, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो अबन्ध प्रकृतियोंमें भी अधःप्रवृत्तसंक्रम पाया जाता है । 'विज्झाद अबंधे' का अर्थ करते हुए कहते हैं कि जिन प्रकृतियोंका जहां नियमसे बन्ध सम्भव नहीं है वहां उन प्रकृतियोंका विध्यातसंक्रम होता है । यह भी नियम मिथ्यादृष्टिसे लेकर अप्रमत्त गुणस्थान तक ही ध्रुव स्वरूपसे है । 'गुणसंकमो दु एत्तो' अर्थात् अप्रमत्त गुणस्थानसे आगेके गुणस्थानोंमें बन्धरहित प्रकृतियोंका गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम भी होता है ।

शंका— सर्वसंक्रम भी होता है, यह कहांसे जाना जाता है ?

समाधान— यह उपर्युक्त गाथामें प्रयुक्त 'तु' शब्दसे जाना जाता है ।

१ अप्रतौ 'संकमिय', काप्रतौ 'संकमय' इति पाठः । २ गो. क. ४०९. ३ अ-काप्रत्योः 'परूवणा कीरमाणा', ताप्रतौ 'परूवणाए कीरमाणा' इति पाठः । ४ बंधे अधापवत्तो विज्झादं सत्तगो त्ति दु अबंधे । एत्तो गुणो अबंधे पयडीणं अप्पसत्थाणं ॥ गो. क. ४१६. ५ मिच्छे सम्मिस्साणं अधापवत्तो मुहुत्तअंतो त्ति ॥ गो. क. ४१२. ६ जासिं न बंधो गुण-भवपच्चयओ तासि होइ विज्झाओ । क. प्र. २, ६८. ७ ताप्रतौ 'ताव देवधुव चेव' इति पाठः ।

एसा परूवणा अप्पसत्थपयडीणं कदा, ण पसत्थाणं; उवसम-खवगसेडीसु वि बंध-विरहियपसत्थपयडीणमधापवत्तसंकमदंसणादो। एदाओ पयडीओ एत्तिएहि भाग-हारेहि संकमंति त्ति जाणावणट्ठं एसा गाहा—

> उगुदाल तीस सत्त य वीसं एगेग बार तियचउक्कं।
> एवं चदु दुग तिय तिय चदु पण दुग तिग दुगं च बोद्धव्वं[1] ॥ ३ ॥

एदीए गाहाए वुत्तपयडीणं भागहाराणं च एसा संदिट्ठी—

३९	३०	७	२०	१	१	१२	४	४	४
१	४	२	३	३	४	५	२	३	२

। एवं ठविय एदिस्से गाहाए अत्थो वुच्चदे। तं जहा— पंचणाणावरण-चत्तारिदंसणावरण-सादावेयणीय-लोहसंजलण-पंचिंदियजादि-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंठाण-पसत्थवण्ण-रस-गंध-फास-अगुरुअलहुअ-परघाद-उस्सास-पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसकित्ति-णिमिण-पंचंतराइयाणं अधापवत्तसंकमो एक्को चेव। कुदो? पंचणाणावरण-चउदंसणावरण-पंचंतराइयाणं[3] मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति बंधो चेव। तेणेव एदासि-

यह प्ररूपणा 'अप्पसत्थाणं' अर्थात् अप्रशस्त प्रकृतियोंकी गयी है, न कि प्रशस्त प्रकृतियोंकी; क्योंकि, उपशम श्रेणि और क्षपक श्रेणिमें भी बन्धरहित प्रशस्त प्रकृतियोंका अधःप्रवृत्तसंक्रम देखा जाता है। ये प्रकृतियां इतने भागहारोंसे संक्रमणको प्राप्त होती हैं, यह बतलानेके लिये यह गाथा है—

उनतालीस, तीस, सात, बीस, एक, एक बारह और तीन चतुष्क (४, ४, ४); इन प्रकृतियोंके क्रमसे एक, चार, दो, तीन, तीन, चार, पांच, दो, तीन और दो; ये भागहार जानने चाहिये ॥ ३ ॥

इस गाथामें कही गयी प्रकृतियों और भागहारोंकी यह संदृष्टि है—

प्रकृति	३९	३०	७	२०	१	१	१२	४	४	४
भागहार	१	४	२	३	३	४	५	२	३	२

। इसे इस प्रकारसे स्थापित करके इस गाथाका अर्थ कहते हैं। यथा— पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, संज्वलन लोभ, पंचेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्ण रस गन्ध व स्पर्श, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तराय; इन उनतालीस प्रकृतियोंका एक अधःप्रवृत्तसंक्रम ही होता है, क्योंकि, पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके अन्तिम समय तक

१ उगुदाल-तीस-सत्तय-वीसे एक्केक्क-बार तिचउक्के। इगि-चदु-दुगु-तिग-तिग-चदु-पण-दुग-दुग-तिण्णि-संकमणा ॥ गो. क. ४१८. २ सुहुमस्स बंधघादी सादं संजलणलोह-पंचिंदी। तेजदु-सम-वण्णचऊ अगुरुग-परघाद-उस्सासं ॥ सत्थगदी तसदसय णिमिणुगदाले अधापवत्तो दु। गो. क. ४१९-२०. ३ ताप्रतौ 'णाणावरण-पंचंतराइयाणं' इति पाठः। ४ अप्रतौ '-इत्थि' इति पाठः।

मधापवत्तसंकमं मोत्तूण णत्थि अण्णसंकमो। बंधवोच्छेदे जादे वि संकमो णत्थि, पडिग्गहाभावादो। पंचिंदियजादि-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंठाण-पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-परघादुस्सास-पसत्थविहायगइ-तस- बादर-पज्जत्त - पत्तेयसरीर - थिरादिछक्क-णिमिणाणं बंधवोच्छेदे संते विज्झादो गुणसंकमो वा किण्ण जायदे? ण एस दोसो, पसत्थत्तादो। लोहसंजलणस्स अधापवत्तसंकमो चेव, बंधे संते चेव आणुपुव्विसंकमेण ओसारिदसंकमत्तादो[2]। एदासिं पयडीणं सव्वसंकमो किण्ण होदि? ण, परपयडिसंछोहणेण विणासाभावादो।

थीणगिद्धितिय-बारसकसाय-इत्थि-णवुंसयवेद-अरदि-सोग - तिरिक्खगदि - एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियजादि-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी - आदावुज्जोव - थावर-सुहुम-साहारणाणं तीसण्णं पयडीणं उव्वेल्लणेण विणा चत्तारि संकमा होंति[3]। तं जहा— थीणगिद्धि-

---

बन्ध ही है। इसीलिये इन प्रकृतियोंके अधःप्रवृत्तसंक्रमको छोड़कर अन्य संक्रम नहीं होते। बन्धव्युच्छित्तिके हो जानेपर उनका संक्रम नहीं होता, क्योंकि, प्रतिग्रह (जिनमें विवक्षित प्रकृतियां संक्रान्त होती हैं) प्रकृतियोंका यहां अभाव है।

शंका— पंचेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्ण गन्ध रस व स्पर्श, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर आदि छह और निर्माण; इनकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेपर विध्यात अथवा गुणसंक्रम क्यों नहीं होता ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, वे प्रशस्त प्रकृतियां हैं।

संज्वलन लोभका एक अधःप्रवृत्तसंक्रम ही होता है, क्योंकि, बन्धके होनेपर ही आनुपूर्वीसंक्रम (संज्वलन क्रोधका संज्वलन मान आदिमें, संज्वलन मानका संज्वलन माया आदिमें, इत्यादि) द्वारा उनका संक्रम होता है।

शंका— इन प्रकृतियोंका सर्वसंक्रम क्यों नहीं होता ?

समाधान— नहीं, क्योंकि अन्य प्रकृतियोंमें क्षेपण करके इनका विनाश नहीं होता।

स्त्यानगृद्धि आदि तीन, बारह कषाय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यग्गति, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणशरीर; इन तीस प्रकृतियोंके उद्वेलनके विना चार संक्रम होते हैं।

---

१ प्रतिषु 'थिरादिओजोछक्क' इति पाठः। २ अंतरकरणम्मि कए चरित्तमोहे णुपुव्विसंकमणं। अन्नत्थ सेसिगाणं च सव्वहिं सव्वहा बंधे॥ क. प्र. २, ४. × × × चरित्रमोहे पुरुषवेद-संज्वलनचतुष्टयलक्षणे। अत्र हि चरित्रमोहनीयग्रहणेनैता एव पंच प्रकृतयो गृह्यन्ते, न शेषाः; बन्धाभावात्। तत्रानुपूर्व्या (र्व्या) परिपाट्या संक्रमणं भवति, न त्वनानुपूर्व्या। तथा हि— पुरुषवेदं संज्वलनक्रोधादावेव संक्रमयति, नान्यत्र। संज्वलनक्रोधमपि संज्वलनमानादावेव, न तु पुरुषवेदे। संज्वलनमानमपि संज्वलनमायादावेव, न तु संज्वलनक्रोधादौ। संज्वलनमायामपि संज्वलनलोभ एव, न तु संज्वलनमानादाविति। मलय. ३ थीणति-बारकसाया संढित्थी अरइ सोगो य॥ तिरियेयारं तीसे उव्वेल्लणहीणचत्तारिसंकमणा। गो. क. ४२०-२१.

तिय - इत्थिवेद - तिरिक्खगइ - तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-उज्जोव-अणंताणुबंधिचउक्काणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सासणसम्माइट्ठि त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधुवलंभादो। सम्मामिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति ताव विज्झादसंकमो, तत्थ बंधाभावादो। सगसगअपुव्वखवगपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति ताव गुणसंकमो। चरिमफालीए सव्वसंकमो।

णउंसयवेद-एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियजादि-आदाव- थावर-सुहुम- साहारणाणं मिच्छाइट्ठिम्हि अधापवत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। सासणसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति ताव विज्झादसंकमो, अप्पसत्थत्ते संते बंधाभावादो। एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय-आदाव-थावर-सुहुम- साहारणाणं देव-णेरइयमिच्छाइट्ठीसु विज्झादसंकमो, तत्थ एदासिं बंधाभावादो। णवरि एइंदिय-आदाव-थावराणं ईसाणंता देवा अधापवत्तेण संकामया, तत्थ एदासिं बंधदंसणादो। अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति ताव एदासिं पयडीणं गुणसंकमो, अप्पसत्थत्ते तेसिं[1] बंधाभावादो। चरिमफालीए सव्वसंकमो, संछोहणेण णट्ठत्तादो।

अपच्चक्खाणचउक्कस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्माइट्ठि त्ति ताव अधा-

यथा— स्त्यानगृद्धित्रय, स्त्रीवेद, तिर्यग्गति, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, उद्योत और अनन्तानुबन्धिचतुष्कका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादनसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध पाया जाता है। सम्यग्मिथ्यादृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां उनके बन्धका अभाव है। अपूर्वकरण क्षपकके प्रथम समयसे लेकर अपने अपने अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक उनका गुणसंक्रम होता है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

नपुंसकवेद, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणशरीरका मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहांपर इनका बन्ध पाया जाता है। सासादनसम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि अप्रशस्तताके होनेपर वहां बन्धका अभाव है। एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण; इनका देव व नारक मिथ्यादृष्टियोंमें विध्यातसंक्रम होता है; क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। विशेष इतना है कि एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर इनके ईशान कल्प तकके देव अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा संक्रामक हैं; क्योंकि, उनमें इनका बन्ध देखा जाता है। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक इन प्रकृतियोंका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, अप्रशस्तताके होनेपर उनके बन्धका अभाव है, इनकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है, क्योंकि, उसका विनाश निक्षेपपूर्वक होता है।

अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कका मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम

१ अ-काप्रत्योः 'अप्पसत्थत्ते सिते इति पाठः।

पवत्तसंकमो, तत्थ बंधदंसणादो। उवरि जाव अप्पमत्तसंजदचरिमसमओ ताव विज्झाद-संकमो। उवरिमपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति ताव गुणसंकमो। कारणं सुगमं। चरिमफालीए सव्वसंकमो, परपयडिसंछोहणेण विणट्ठत्तादो।

पच्चक्खाणचदुक्कस्स अपच्चक्खाणचदुक्कभंगो। णवरि संजदासंजदो त्ति एदेसि-मधापवत्तसंकमो।

अरदि-सोगाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव पमत्तसंजदो त्ति ताव अधापवत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। अप्पमत्तसंजदम्हि विज्झादसंकमो, तत्थ बंधाभावादो। अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव अप्पणो चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति ताव गुणसंकमो, अप्पसत्था त्ति बंधाभावादो। चरिमफालीए सव्वसंकमो। कारणं सुगमं।

णिद्दा-पयला-अप्पसत्थवण्ण[2]-गंध-रस-फास-उवघादाणं अधापवत्तसंकमो गुणसंकमो चेदि दो चेव संकमा[3]। तं जहा— णिद्दा-पयलाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्व-करणस्स पढम-सत्तमभागो त्ति ताव अधापवत्तसंकमो, एत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। उवरिं जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमओ त्ति ताव गुणसंकमो, बंधाभावादो। अप्पसत्थ-वण्णचदुक्कस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणस्स छ-सत्तमभागा त्ति अधापवत्तसंकमो।

होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध देखा जाता है। आगे अप्रमत्तसंयतके अन्तिम समय तक उनका विध्यातसंक्रम होता है। ऊपर अपूर्वकरके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक उनका गुणसंक्रम होता है। इसका कारण सुगम है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है, क्योंकि, वह अन्य प्रकृतिमें प्रक्षिप्त होकर नष्ट होती है।

प्रत्याख्यानावरणचतुष्ककी प्ररूपणा अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कके समान है। विशेष इतना है कि संयतासंयत गुणस्थान तक इनका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है।

अरति और शोकका मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, उनमें इनका बन्ध पाया जाता है। अप्रमत्तसंयतमें इनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं है। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अपने अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां अप्रशस्तता होनेपर उनका बन्ध नहीं है। उनकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। इसका कारण सुगम है।

निद्रा, प्रचला तथा अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व, स्पर्श और उपघातके अधःप्रवृत्तसंक्रम और गुणसंक्रम ये दो ही संक्रम होते हैं। यथा— निद्रा और प्रचलाका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके प्रथम सप्तम भाग तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, यहां इनका बन्ध पाया जाता है। आगे सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, यहां उनका बन्ध नहीं है।

अप्रशस्त वर्णादि चारका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके सात भागोंमेंसे छठे भाग

१ अ-काप्रत्योः 'अप्पमत्तसंजदेहि' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः 'पयलायअप्पसत्थ' इति पाठः। ३ अ-काप्रत्योः 'संकमो' इति पाठः। णिद्दा पलया असुहं वण्णचउक्कं च उवघादे ॥ सत्तण्हं गुणसंकम-मधापवत्तो य × × ×। गो. क. ४२१-२२.

उवरि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमओ त्ति ताव गुणसंकमो। तत्तो[1] उवरि संकमो णत्थि, बंधाभावेण पडिग्गहाभावादो।

उवघादस्स वण्णचदुक्कभंगो। एदासिं सत्तण्णं पयडीणं विज्झादसंकमो णत्थि, खवग-उवसामियसेडीसु वोच्छिण्णबंधत्तादो। उव्वेल्लणसंकमो णत्थि, अणुव्वेल्लणपयडित्तादो। सव्वसंकमो णत्थि, परपयडिसंछोहणेण अविणट्ठत्तादो।

असादावेदणीय-पंचसंठाण-पंचसंघडण-अप्पसत्थविहायगइ-अपज्जत्त-अथिर-असुह-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्ति-णीचागोदाणं वीसण्णं पयडीणं अधापवत्तसंकमो, विज्झादसंकमो गुणसंकमो चेदि तिण्णिसंकमा[2]। तं जहा— असादावेदणीय-अथिर-असुहाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव पमत्तसंजदो त्ति ताव अधापमत्तसंकमो, एत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। अप्पमत्तसंजदम्मि विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। उवरि गुणसंकमो जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति, अप्पसत्थत्तादो। उवरि संकमो णत्थि, पडिग्गहाभावादो। हुंडसंठाण-असंपत्तसेवट्टसंघडणाणं मिच्छाइट्ठिम्हि अधापवत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। उवरि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति विज्झादसंकमो, बंधाभावादो।

तक इनका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। आगे सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है। इसके आगे उनका संक्रम नहीं है, क्योंकि, बन्धके न होनेसे उनकी प्रतिग्रह प्रकृतियोंका वहां अभाव है।

उपघातकी प्ररूपणा वर्णचतुष्कके समान है। इन निद्रा आदि सात प्रकृतियोंका विध्यातसंक्रम नहीं होता, क्योंकि, क्षपक और उपशामक श्रेणियोंमें इनकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। इनका उद्वलनसंक्रम भी नहीं होता, क्योंकि, वे उद्वेलन प्रकृतियोंसे भिन्न हैं। सर्वसंक्रम भी उनका सम्भव नहीं है, क्योंकि, अन्य प्रकृतियोंमें प्रक्षिप्त होकर उनका विनाश नहीं होता।

असातावेदनीय, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, अपर्याप्त, अस्थिर, अशुभ, दुभग, दुस्वर, अनादेय, अयशकीर्ति और नीचगोत्र; इन बीस प्रकृतियोंके अधःप्रवृत्तसंक्रम, विध्यातसंक्रम और गुणसंक्रम ये तीन संक्रम होते हैं। यथा— असातावेदनीय, अस्थिर और अशुभ इनका मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है; क्योंकि, यहां इनका बन्ध पाया जाता है। अप्रमत्तसंयतमें उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं होता। आगे सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, वे अप्रशस्त प्रकृतियां हैं। इससे आगे उनका संक्रम नहीं होता, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतियोंका अभाव है।

हुण्डकसंस्थान और असंप्राप्तसृपाटिकासंहननका मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहांपर इनका बन्ध पाया जाता है। आगे अप्रमत्तसंयत तक इनका विध्यात-

[1] अ-काप्रत्योरेतस्य स्थाने 'तत्थ' इति पाठः। [2] अ-काप्रत्योः 'तिण्णिसंकमो' इति पाठः। दुक्खमसुहगदी। संहदि-संठाणदसं णीचापुण्णथिरछक्कं च ॥ वीसण्हं विज्झादं अधापवत्तो गुणो य × × ×। गो. क. ४२२-२३.

असंखेज्जवासाउअतिरिक्ख-मणुसमिच्छाइट्ठीसु वि विज्झादसंकमो चेव, बंधाभावादो। अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति ताव गुणसंकमो, बंधाभावादो। उवरि असंकमो, पडिग्गहाभावादो।

चदुसंठाण-चदुसंघडण-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोद-अप्पसत्थविहायगदीणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सासणसम्माइट्ठि त्ति ताव अधापवत्तसंकमो। उवरिं जाव अप्पमत्तसंजदचरिमसमयो त्ति ताव विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति ताव गुणसंकमो, अप्पसत्थत्तादो। उवरि असंकमो, पडिग्गहाभावादो। एवमपज्जत्तस्स वि। णवरि मिच्छाइट्ठिम्हि चेव एदस्स अधापवत्तसंकमो। अजसकित्तीए अपज्जत्तभंगो। णवरि मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव पमत्तसंजदो त्ति एदिस्से अधापवत्तसंकमो, एदेसु गुणट्ठाणेसु बंधुवलंभादो।

मिच्छत्तस्स विज्झादसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि तिण्णि संकमा[1]। तं जहा— पढमसमयप्पहुडि जाव अंतोमुहुत्तकालं उवसमसम्माइट्ठिम्हि मिच्छत्तस्स गुणसंकमो। खवणाए वि अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति गुण-

संक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं होता। असंख्यातवर्षायुष्क तिर्यंच व मनुष्य मिथ्यादृष्टियोंमें भी उनका विध्यातसंक्रम ही होता है, क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, वहांपर इनके बन्धका अभाव है। आगे उनका संक्रम नहीं होता, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतियोंका अभाव है।

चार संस्थान, चार संहनन, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्र और अप्रशस्त विहायोगति; इनका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादनसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। आगे अप्रमत्तसंयतके अन्तिम समय तक उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, आगे उनका बन्ध नहीं होता। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, वे अप्रशस्त प्रकृतियां हैं। आगे उनका संक्रम नहीं है, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतियोंका अभाव है। इसी प्रकार अपर्याप्त नामकर्मके भी विषयमें कहना चाहिये। विशेष इतना है कि इसका अधःप्रवृत्तसंक्रम केवल मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ही होता है।

अयशकीर्तिकी प्ररूपणा अपर्याप्तके समान है। विशेष इतना है कि मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत तक इसका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, इन गुणस्थानोंमें उसका बन्ध पाया जाता है।

मिथ्यात्व प्रकृतिके विध्यातसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये तीन संक्रम होते हैं। यथा— प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक उपशमसम्यग्दृष्टि जीवके मिथ्यात्वका गुणसंक्रम होता है। क्षपणामें भी अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम स्थितिकाण्डककी

१ अ-काप्रत्योः 'तिण्णिसंकमो' इति पाठः। मिच्छत्ते। विज्झाद-गुणे सव्वं × × × ॥ गो. क. ४२३.

संकमो। चरिमफालीए सव्वसंकमो। उवसमसम्माइट्ठिम्हि य मिच्छत्तस्स विज्झादसंकमो।

वेदगसम्मत्तस्स चत्तारि संकमा अधापवत्तसंकमो उव्वेल्लणसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि। तं जहा— मिच्छत्तं गदसम्माइट्ठिम्हि जाव अंतोमुहुत्तकालं ताव अधापवत्तसंकमो। तदो प्पहुडि जाव पलिदो० असंखे० भागमेत्तकालं ताव उव्वेल्लणसंकमो अंगुलस्स असंखे० भागपडिभागिगो। उव्वेलण[2]चरिमखंडयपढमसमयप्पहुडि ताव गुणसंकमो जाव तस्सेव दुचरिमफालि त्ति। चरिमफालीए सव्वसंकमो।

सम्मामिच्छत्त[3]-देवगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्वी-णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी-वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरंगोवंग-मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-उच्चागोदाणं बारसण्णं पयडीणं पंच संकमा[4]। तं जहा— मिच्छत्तं गदसम्माइट्ठिम्हि अंतोमुहुत्तकालं सम्मामिच्छत्त० अधापवत्तसंकमो। तदो उवरि पलिदो० असंखे० भागमेत्तकालं सम्मामिच्छत्त० उव्वेल्लणसंकमो। चरिमखंडए गुणसंकमो जाव तस्सेव दुचरिमफालि त्ति। चरिमफालीए सव्वसंकमो। दंसणमोहक्खवगअपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि ताव सम्मामिच्छत्तस्स गुणसंकमो जाव चरिमट्ठिदिखंडयस्स दुचरिमफालि त्ति। चरिमफालीए सव्वसंकमो। उवसम-वेदगसम्माइट्ठीसु विज्झादसंकमो

द्विचरम फालि तक उसका गुणसंक्रम होता है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। उपशमसम्यग्दृष्टिके ही मिथ्यात्वका विध्यातसंक्रम भी होता है।

वेदकसम्यक्त्वके अधःप्रवृत्तसंक्रम, उद्वेलनसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये चार संक्रम होते हैं। यथा— मिथ्यात्वको प्राप्त हुए सम्यग्दृष्टिके सम्यक्त्वप्रकृतिका अन्तर्मुहूर्त काल तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। उसके आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रतिभागवाला उसका उद्वेलनसंक्रम होता है। उद्वेलनके अन्तिम काण्डकके प्रथम समयसे लेकर उसकी ही द्विचरम फालि तक उसका गुणसंक्रम होता है। उसकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

सम्यग्मिथ्यात्व, देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग नामकर्म और उच्चगोत्र इन बारह प्रकृतियोंके पांच संक्रम होते हैं। यथा— मिथ्यात्वको प्राप्त सम्यग्दृष्टिके अन्तर्मुहूर्त काल सम्यग्मिथ्यात्वका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। उसके आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक सम्यग्मिथ्यात्वका उद्वेलनसंक्रम होता है। अन्तिम काण्डकमें उसकी ही द्विचरम फालि तक गुणसंक्रम होता है। चरम फालिका सर्वसंक्रम होता है। दर्शनमोहक्षपक अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम स्थितिकाण्डकी द्विचरम फालि तक सम्यग्मिथ्यात्वका गुणसंक्रम होता है। उसकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। उपशमसम्यग्दृष्टि

---

१ अ-काप्रत्योः 'चत्तारिसंकमो' इति पाठः। सम्मे विज्झादपरिहीणा ॥ गो. क. ४२३. २ ताप्रतौ 'उव्वेल्लणसंकमो। अंगुलस्स असंखे० भागपडिभागिगो उव्वेल्लण-' इति पाठः। ३ अ-काप्रत्योः 'मिच्छत्त', ताप्रतौ '[सम्मा] मिच्छत्त' इति पाठः। ४ सम्मविहीणुव्वेल्ले पंचेव य तत्थ होंति संकमणा। गो. क. ४२४.

अंगुलस्स असंखे० भागपडिभागियो।

देवगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्वीणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणछसत्तभागे[1] त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। तत्तो उवरिं पि बंधाभावे वि अधापमत्तसंकमो चेव, पसत्थत्तादो। देव-णेरइएसु विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। एइंदिय-विगलिंदिएसु उव्वेल्लणसंकमो जाव उव्वेल्लणचरिमखंडयमपत्तो त्ति। चरिमखंडए गुणसंकमो जाव तस्सेव दुचरिमफालि त्ति। चरिमफालीए सव्वसंकमो।

वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरंगोवंगाणं देवगइभंगो। णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वीणं पि देवगइभंगो। णवरि मिच्छाइट्ठिम्हि चेव अधापवत्तसंकमो। सासणसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति विज्झादसंकमो। देव-णेरइएसु वि विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। अपुव्वकरणप्पहुडि जाव सगचरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति गुणसंकमो। चरिमफालीए सव्वसंकमो। एइंदिय-विगलिंदिएसु उव्वेल्लणसंकमो। उव्वेल्लणचरिमखंडए गुणसंकमो। तस्सेव चरिमफालीए सव्वसंकमो। एवं पंच संकमा होंति।

मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वीणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्मादिट्ठि

और वेदकसम्यग्दृष्टिके उसका अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रतिभागवाला विध्यातसंक्रम होता है।

देवगति और देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वीका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके सात भागोंमेंसे छठे भाग तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध पाया जाता है। उसके आगे भी बन्धका अभाव होनेपर भी अधःप्रवृत्तसंक्रम ही होता है, क्योंकि, वे प्रशस्त प्रकृतियां हैं। देवों व नारकियोंमें उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीवोंमें उद्वेलनके अन्तिम काण्डकके प्राप्त न होने तक उनका उद्वेलनसंक्रम होता है। अन्तिम काण्डकमें उसीकी द्विचरम फालि तक गुणसंक्रम होता है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकशरीरांगोपांगकी प्ररूपणा देवगतिके समान है। नरकगति और नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वीकी भी प्ररूपणा देवगतिके समान है। विशेष इतना है कि मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ही इनका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। सासादनसम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यातसंक्रम होता है। देवों और नारकियोंमें भी उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। अपूर्वकरणसे लेकर अपने अन्तिम स्थिति-काण्डककी द्विचरम फालि तक उनका गुणसंक्रम और अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। एकेन्द्रियों और विकलेन्द्रियोंमें उनका उद्वेलनसंक्रम होता है। उद्वेलनके अन्तिम काण्डकमें [द्विचरम फालि तक] उनका गुणसंक्रम और उसीकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। इस प्रकार उक्त दो प्रकृतियोंके पांच संक्रम होते हैं।

मनुष्यगति और मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीका मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक

---

१ ताप्रतौ 'भागो' इति पाठः।

त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधुवलंभादो। संजदासंजदप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति विज्झादसंकमो। असंखेज्जवासाउअतिरिक्ख-मणुस्सेसु विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। तेउ-वाउक्काइएसु उव्वेल्लणसंकमो जाव दुचरिमुव्वेल्लणकंडयो[1] त्ति। चरिमुव्वेल्लणखंडए गुणसंकमो। तस्सेव चरिमफालीए सव्वसंकमो।

आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंगाणं अप्पमत्तसंजदप्पहुडि जाव अपुव्वकरणो त्ति ताव अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधुवलंभादो। हेट्ठिमगुणट्ठाणेसु विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। असंजमं गदो आहारसरीरसंतकम्मियो संजदो अंतोमुहुत्तेण उव्वेल्लणमाढवेदि जाव असंजदो जाव असंतकम्मं च अत्थि ताव उव्वेल्लेदि।

संपहि सव्वुव्वेलणपयडीणमुव्वेल्लणकमो वुच्चदे। तं जहा— अधापवत्तट्ठिदिखंडयं पलिदो० असंखे० भागो। तासिं ट्ठिदीणं पढमसमए जमुक्कीरिज्जदि पदेसग्गं तं थोवं। बिदियसमए जमुक्कीरिज्जदि पदेसग्गं तमसंखेज्जगुणं। तदियसमए जमुक्कीरिज्जदि पदेसग्गं तमसंखेज्जगुणं। एवमसंखेज्जगुणवड्ढीए णेयव्वं जाव अंतोमुहुत्तं त्ति। एत्थ गुणगारपमाणं पलिदो० असंखे० भागो।

परपयडीसु जं पदेसग्गं दिज्जदि तं थोवं। जं सत्थाणे दिज्जदि तमसंखेज्जगुणं।

अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध पाया जाता है। संयतासंयतसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यातसंक्रम होता है। असंख्यातवर्षायुष्क तिर्यंचों और मनुष्योंमें उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनमें इनका बन्ध नहीं होता। तेजकायिकों और वायुकायिकोंमें द्विचरम उद्वेलन काण्डक तक उनका उद्वेलनसंक्रम होता है। अन्तिम उद्वेलनकाण्डकमें [द्विचरम फालि तक] गुणसंक्रम और उसीकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

आहारकशरीर और आहारकशरीरांगोपांग नामकर्मोंका अप्रमत्तसंयतसे लेकर अपूर्वकरण तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध पाया जाता है। अधस्तन गुणस्थानोंमें उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं होता। आहारशरीरसत्कर्मिक संयत असंयमको प्राप्त होकर अन्तर्मुहूर्तमें उद्वेलना प्रारम्भ करता है, जब तक वह असंयत है और जब तक सत्कर्मसे रहित है तब तक वह उद्वेलना करता है।

अब सब उद्वेलनप्रकृतियोंकी उद्वेलनाके क्रमकी प्ररूपणा की जाती है। यथा— अधःप्रवृत्तस्थितिकाण्डक पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। उन स्थितियोंका जो प्रदेशाग्र प्रथम समयमें उत्कीर्ण किया जाता है वह स्तोक है। द्वितीय समयमें जो प्रदेशाग्र उत्कीर्ण किया जाता है वह असंख्यातगुणा है। तृतीय समयमें जो प्रदेशाग्र उत्कीर्ण किया जाता है वह असंख्यातगुणा है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त काल तक असंख्यातगुणी वृद्धिके क्रमसे ले जाना चाहिये। यहां गुणकारका प्रमाण पल्योपमका असंख्यातवां भाग है।

अन्य प्रकृतियोंमें जो प्रदेशाग्र दिया जाता है वह स्तोक है। स्वस्थानमें जो प्रदेशाग्र दिया जाता है वह असंख्यातगुणा है। जो प्रदेशाग्र स्वस्थानमें दिया जाता है वह गुणश्रेणिक्रमसे

---

१ अ-काप्रत्योः 'दुचरिममुव्वेलणकंडयो' इति पाठः।

जं सत्थाणे तं गुणसेडीए दिज्जदि, जं परत्थाणे तं पदेसग्गं विसेसहाणीए दिज्जदि। एस विही पढमस्स ट्ठिदिकंडयस्स। जो विही पढमस्स ट्ठिदिखंडयस्स परूविदो सो चेव विही बिदियखंडयप्पहुडि जाव दुचरिमखंडओ त्ति ताव सव्वखंडयाणं परूवेयव्वो। चरिमट्ठिदिखंडयपमाणं पलिदो० असंखे० भागो। तस्स पदेसग्गं सव्वं[1] परत्थाणे चेव दिज्जदि असंखेज्जगुणाए सेढीए। पढमट्ठिदिखंडयस्स ट्ठिदीओ बहुगाओ। बिदियस्स विसेसहीणाओ। तदियस्स ट्ठिदिखंडयस्स ट्ठिदीओ विसेसहीणाओ। एवमणंतरोवणिधाए णेयव्वं जाव दुचरिमट्ठिदिखंडओ त्ति। दुचरिमट्ठिदिखंडयट्ठिदीहिंतो चरिमट्ठिदिखंड-यस्स[2] ट्ठिदीओ असंखे० गुणाओ।

परंपरोवणिधाए पढमट्ठिदिखंडयमुवणिहाय अत्थि काणिचि[3] ट्ठिदिखंडयाणि संखेज्ज-गुणहीणाणि काणिचि असंखे० गुणहीणाणि। तत्थ जं दुचरिमट्ठिदिखंडयमाहारदुगस्स तस्स जं चरिमसमए संकमदि पदेसग्गं परत्थाणे सो जहण्णओ उव्वेल्लणसंकमो। तेण संकममाणेण तिस्से पयडीए ताधे जं सेसयं कम्मं तं पलिदोवमस्स असंखे० भागेण अवहिरिज्जदि। सव्वकम्मं पुण अंगुलस्स असंखे० भागेण अवहिरिज्जदि।

संपहि पयदं परूवेमो— आहारदुगस्स उव्वेल्लणकालब्भंतरे उव्वेल्लणसंकमो। चरिमट्ठिदिखंडए गुणसंकमो। तत्थेव चरिमफालीए सव्वसंकमो।

दिया जाता है और जो प्रदेशाग्र परस्थानमें दिया जाता है वह विशेषहानिके क्रमसे दिया जाता है। यह विधि प्रथम स्थितिकाण्डककी है। जो विधि प्रथम स्थितिकाण्डककी कही गयी है वही विधि द्वितीय काण्डकसे लेकर द्विचरम काण्डक तक सब काण्डकोंकी कहना चाहिये। अन्तिम स्थितिकाण्डकका प्रमाण पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। उसका सब प्रदेशाग्र असंख्यात-गुणित श्रेणिसे परस्थानमें ही दिया जाता है। प्रथम स्थितिकाण्डककी स्थितियां बहुत हैं। द्वितीय स्थितिकाण्डककी स्थितियां विशेष हीन हैं। तृतीय स्थितिकाण्डककी स्थितियां विशेष हीन हैं। इस प्रकार अनन्तरोपनिधासे द्विचरम स्थितिकाण्डक तक ले जाना चाहिये। द्विचरम स्थितिकाण्डककी स्थितियोंसे चरम स्थितिकाण्डककी स्थितियां असंख्यातगुणी हैं।

परम्परोपनिधाकी अपेक्षा प्रथम स्थितिकाण्डक उपनिधामें कितने ही स्थितिकाण्डक संख्यातगुणे हीन हैं और कितने ही असंख्यातगुणे हीन हैं। उनमें जो आहारद्विकका द्विचरम स्थितिकाण्डक है उसका जो प्रदेशाग्र अन्तिम समयमें परस्थानमें संक्रान्त होता है वह जघन्य उद्वेलनासंक्रम है। उसके द्वारा संक्रान्त होता हुआ उक्त प्रकृतिका जो उस समय शेष कर्म है वह पल्योपमके असंख्यातवें भागसे अपहृत होता है। परन्तु सब कर्म अंगुलके असंख्यातवें भागसे अपहृत होता है।

अब प्रकृतकी प्ररूपणा करते हैं— आहारद्विकका उद्वेलनकालके भीतर उद्वेलनसंक्रम होता है। अन्तिम स्थितिकाण्डकमें गुणसंक्रम होता है। उसमें ही अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

१ अ-काप्रत्योः 'सद्दं', ताप्रतौ 'सद्दं (व्वं)' इति पाठः। २ प्रतिषु 'चट्ठिदिखंडयस्स' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'खंडयमुवणिहा य अत्थि। काणिचि' इति पाठः।

उच्चागोदस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सासणसम्माइट्ठि त्ति अधापवत्तसंकमो। उवरि असंकमो, पडिग्गहाभावादो। सत्तमपुढविणेरइएसु विज्झादसंकमो। तेउ-वाउ-काइएसु उव्वेल्लणसंकमो, तत्थ उव्वेल्लणपाओग्गपरिणामाणमुवलंभादो। चरिमुव्वेल्लणखंडए गुणसंकमो। तस्सेव चरिमफालीए सव्वसंकमो।

तिण्णिसंजलण-पुरिसवेदाणमधापवत्तसंकमो सव्वसंकमो चेदि दोण्णि संकमा होंति। तं जहा— तिण्णं संजलणाणं पुरिसवेदस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अणियट्टि त्ति अधापवत्तसंकमो। चरिमखंडयचरिमफालीए एदासिं सव्वसंकमो।

हस्स-रदि-भय-दुगुंछाणं अधापवत्तसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि तिण्णि-संकमा होंति। तं जहा— मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणचरिमसमयो त्ति एदासिमधापवत्तसंकमो। उवरि गुणसंकमा जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति। चरिमफालीए सव्वसंकमो।

ओरालियसरीर-ओरालियसरीरंगोवंग-वज्जरिसह-तित्थयराणमधापवत्तसंकमो विज्झाद-संकमो चेदि दोण्णि संकमा[1]। तं जहा— ओरालियदुग-पढमसंघडणाणं मिच्छाइट्ठि-प्पहुडि जाव असंजदसम्मादिट्ठि त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधदंसणादो। असंखेज्ज-वासाउअतिरिक्ख-मणुस्सेसु विज्झादसंकमो, तत्थ एदासिं बंधाभावादो। तित्थयरस्स

उच्चगोत्रका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादनसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। आगे उसका संक्रम नहीं होता है, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतिका अभाव है। सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें उसका विध्यातसंक्रम होता है। तेजकायिक और वायुकायिक जीवोंमें उसका उद्वेलन-संक्रम होता है, क्योंकि, वहां उद्वेलनके योग्य परिणाम पाये जाते हैं। अन्तिम उद्वेलनकाण्डकमें गुणसंक्रम होता है। उसीकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

तीन संज्वलन और पुरुषवेदके अधःप्रवृत्तसंक्रम और सर्वसंक्रम ये दो संक्रम होते हैं। यथा— तीन संज्वलन कषायों और पुरुषवेदका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरण तक अधःप्रवृत्त-संक्रम होता है। इनके अन्तिम काण्डककी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

हास्य, रति, भय और जुगुप्साके अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये तीन संक्रम होते हैं। यथा— मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक इनका अधःप्रवृत्त-संक्रम होता है। आगे अन्तिम स्थितिकाण्डकको द्विचरम फालि तक गुणसंक्रम होता है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और तीर्थंकर प्रकृतिके अधःप्रवृत्तसंक्रम और विध्यातसंक्रम ये दो संक्रम होते हैं। यथा— औदारिकद्विक और प्रथम संहननका मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां-पर उनका बन्ध देखा जाता है। असंख्यातवर्षायुष्क तिर्यंचों और मनुष्योंमें इनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनमें इनका बन्ध नहीं होता। तीर्थंकर प्रकृतिका असंयतसम्यग्दृष्टिसे लेकर

---

१ अ-काप्रत्योः 'दोण्णिसंकमो' इति पाठः।

असंजदसम्मादिट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणो त्ति ताव अधापवत्तसंकमो । मिच्छाइट्ठिम्हि विज्झादसंकमो, तत्थ बंधाभावादो[1] ।

गुणसंकमेण संकममाणस्स अवहारकालो थोवो । अधापवत्तसंकमेण संकामयंतस्स अवहारकालो असंखेज्जगुणो । विज्झादसंकमेण संकामयंतस्स अवहारकालो असंखे० गुणो । एदमप्पाबहुअं उक्कस्सपदेससंकमभागहाराणं, ण सव्वेसिं; विज्झादसंकमभागहारादो अधापवत्तभागहारस्स विसेसहीणत्तुवलंभादो । एदं कुदो णव्वदे ? पच्चक्खाण-लोभजहण्णसंकमदव्वादो केवलणाणावरणजहण्णसंकमदव्वं विसेसाहियं ति उवरिम-अप्पाबहुगादो । उव्वेल्लणसंकमेण संकामयंतस्स अवहारकालो असंखे० गुणो । एदमप्पा-बहुअं एत्थ अवहारेयव्वं । एवं परूवणा समत्ता ।

एत्तो सामित्तं । तं जहा— मदिआवरणस्स उक्कस्सओ[2] पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो सत्तमादो पुढवीदो मदो तिरिक्खो जादो तदो तस्स आवलियतब्भव-त्थस्स उक्कस्सगो मदिआवरणस्स पदेससंकमो । चदुणाणावरण-चदुदंसणावरण पंचंत-राइयाणं मदिणाणावरणभंगो[3] । णिद्दा-पयलाणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिद-

---

अपूर्वकरण तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है । मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें उसका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां उसका बन्ध नहीं होता ।

गुणसंक्रमके द्वारा संक्रान्त होनेवाले प्रदेशाग्रका अवहारकाल स्तोक है । अधःप्रवृत्त-संक्रमके द्वारा संक्रान्त होनेवाले प्रदेशाग्रका अवहारकाल असंख्यातगुणा है । विध्यातसंक्रमके द्वारा संक्रान्त होनेवाले प्रदेशाग्रका अवहारकाल असंख्यातगुणा है । यह अल्पबहुत्व उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमभागहारोंका है, न कि सब भागहारोंका; क्योंकि, विध्यातसंक्रमभागहारसे अधः-प्रवृत्तसंक्रमभागहार विशेष हीन पाया जाता है ।

शंका— यह कहांसे जाना जाता है ?

समाधान— वह प्रत्याख्यानावरणलोभके जघन्य संक्रमद्रव्यसे केवलज्ञानावरणका जघन्य संक्रमद्रव्य विशेष अधिक है, इस आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्वसे जाना जाता है ।

उसकी अपेक्षा उद्वेलनसंक्रमसे संक्रान्त होनेवाले द्रव्यका अवहारकाल असंख्यातगुणा है । इस अल्पबहुत्वका यहां अवधारण करना चाहिये । इस प्रकार प्ररूपणा समाप्त हुई ।

यहां स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है— मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवीसे मरकर तिर्यंच हुआ है उसके आवली कालवर्ती तद्भवस्थ होनेपर मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । शेष चार ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके स्वामित्वकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । निद्रा और प्रचलाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम

---

१ ताप्रतौ 'तत्थ बंधाभावादो' इत्येतावानयं पाठो नास्ति । २ अप्रतौ 'आवरणउक्कस्सओ' इति पाठः । ३ तत्तो उव्वट्टित्ता आवलिगासमयतब्भवत्थस्स । आवरण-विग्घचोद्दसगोरालियसत्त उक्कोसो ॥ क. प्र. २-७९.

कम्मंसियस्स चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स खवगस्स। थीणगिद्धितियस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसियस्स अणियट्टिखवयस्स सव्वसंकमेण थीणगिद्धितियचरिमफालिं संकामेंतस्स[1]। सादस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो सत्तमादो पुढवीदो मदो तिरिक्खो जादो, ताधे चेव सादं पबद्धं, तप्पाओग्गउक्कस्सियाए सादबंधगद्धाए गदो, पुणो असादं पबद्धं, तस्स आवलियादिक्कंतस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो[2]। असादस्स णिद्दाभंगो।

यहां पदनिक्षेपमें स्वामित्वकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है— मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट वृद्धिके द्वारा वृद्धिको प्राप्त हुआ है, पश्चात् उस वृद्धिसे वृद्धिंगत होकर आवली अतिक्रान्त उसका तथा पूर्व कर्मका भी संक्रम कर रहा है उस सातवीं पृथिवीके नारकीके मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक सर्वोत्कृष्ट कर्मके साथ क्षपणा करता हुआ सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समयमें वर्तमान है उसके मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसका उत्कृष्ट अवस्थान कहांपर होता है ? उसका उत्कृष्ट अवस्थान वृद्धिमें होता है । शेष चार ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है ।

निद्रा और प्रचलाकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? वह गुणितकर्मांशिक अन्तिमसमयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके होती है । उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक जीव प्रथमतः उपशमश्रेणिपर आरूढ होता हुआ अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होकर मरणको प्राप्त हुआ है उसके प्रथमसमयवर्ती देव होनेपर उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । उनके उत्कृष्ट अवस्थानकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके अवस्थानके समान है । स्त्यानगृद्धित्रिककी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? वह सर्वसंक्रम द्वारा संक्रान्त करनेवाले गुणितकर्मांशिकके होती है । उनकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा निद्राके समान

---

१ अप्रतौ 'तं वड्ढिदूण' इति पाठः ।

तहा वत्तव्वं ।

सादस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो कसाए तिखुत्तमुवसामेदूण चउत्थवारमुवसामेंतो चरिमसमयसुहुमसांपराइयो जादो, तदो मदो देवो जादो, तस्स आवलियतब्भवत्थस्स देवस्स उक्क० वड्ढी । एदिस्सेव से काले उक्क० हाणी । अवट्ठाणं णत्थि । असादस्स उक्क० वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो खवगसेडिमारुहिय चरिमसमयसुहुमसांपराइयो जादो तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो उवसमसेडिमारुहिय सुहुमसांपराइयो जादो से काले मदो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी । अवट्ठाणं णत्थि ।

मिच्छत्तस्स उक्क० वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो मिच्छत्तस्स चरिमफालिं सव्वसंकमेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेसु संकामेंतओ तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो गहिदपढमसम्मत्तो सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि उक्कस्सगुणसंकमेण पूरिय से काले विज्झादसंकमं गदो तस्स उक्क० हाणी । उक्कस्समवट्ठाणं कस्स ? जो पुव्वाइदेण सम्मत्तेण गुणिदकम्मंसियो उक्कस्साए[1] जोगवड्ढीए वड्ढिदूण से काले जो समयपबद्धो तदो विसेसुत्तरे जोगट्ठाणे पडिवदिदो, तदो से काले सम्मत्तं

करना चाहिये ।

सातावेदनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक कषायोंको तीन वार उपशमा कर चौथे वार उपशमाता हुआ अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होकर मरणको प्राप्त हो देव हुआ है, उस आवली कालवर्ती तद्भवस्थ देवके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । इसीके अनन्तर कालमें उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । अवस्थान नहीं होता । असातावेदनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक क्षपकश्रेणिपर आरूढ होकर अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक हुआ है उसके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक उपशमश्रेणिपर आरूढ होकर सूक्ष्मसाम्परायिक होता हुआ अनन्तर समयमें मृत्युको प्राप्त हुआ है उसके प्रथम समयवर्ती देव हानेपर असातावेदनीयकी उत्कृष्ट हानि होती है । अवस्थान उसका नहीं होता ।

मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिको सर्वसंक्रम द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वमें संक्रान्त रहा है उसके मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण कर सम्यक्त्व प्रकृति और सम्यग्मिथ्यात्वको उत्कृष्ट गुणसंक्रमके द्वारा पूर्ण करके अनन्तर कालमें विध्यातसंक्रमको प्राप्त हुआ है उसके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसका उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक पूर्व आगत सम्यक्त्वके साथ उत्कृष्ट योगवृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त होकर अनन्तर कालमें जो समयप्रबद्ध है उससे विशेषाधिक योगस्थानमें गिरता है, पश्चात् जो अनन्तर कालमें सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ है,

[1] अ-काप्रत्योः 'उक्कस्सए' इति पाठः ।

पडिवण्णो, तस्स जाधे उक्कस्सिया वड्ढी आवलियमइक्कंता ताधे उक्कस्सिया मिच्छत्तस्स पदेससंकमवड्ढी। तिस्सेव से काले उक्कस्समवट्ठाणं[1]।

सम्मत्तस्स उक्क० वड्ढी कस्स? जो उक्क० कम्मेण मिच्छत्तं गदो, तदो सव्व-रहस्सेण उव्वेल्लणकालेण[2] सम्मत्तमुव्वेल्लेदि, तस्स अपच्छिमट्ठिदिखंडयस्स चरिमसमए उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स? जो उक्कस्सएण कम्मेण मिच्छत्तं गदो तस्स दुसमय-मिच्छाइट्ठिस्स उक्क० हाणी। अवट्ठाणं णत्थि त्ति[3]।

सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सवड्ढि-हाणीणं मिच्छत्तस्स वड्ढि-हाणिभंगो। अव-ट्ठाणं णत्थि[4]।

अणंताणुबंधीणं उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकमेण चरिमफालिं संकामेंतस्स। उक्क० हाणी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो सम्मत्तं पडिवण्णो

उसके जब उत्कृष्ट वृद्धि आवली अतिक्रान्त होती है तब मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमवृद्धि होती है। उसीमें उसका अनन्तर कालमें अवस्थान होता है।

सम्यक्त्व प्रकृतिकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? जो उत्कृष्ट सत्कर्मके साथ मिथ्यात्वको प्राप्त होकर पश्चात् सबसे थोड़े उद्वेलनकालमें सम्यक्त्वकी उद्वेलना करता है उसके अन्तिम स्थितिकाण्डकके अन्तिम समयमें उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो उत्कृष्ट सत्कर्मके साथ मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है उस द्वितीय समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान उसका नहीं है।

सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि और हानिकी प्ररूपणा मिथ्यात्वकी वृद्धि और हानिके समान है। अवस्थान उसका नहीं है।

अनन्तानुबन्धी कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? उसकी उत्कृष्ट वृद्धि सर्वसंक्रम द्वारा अन्तिम फालिको संक्रान्त करनेवाले गुणितकर्मांशिकके होती है। उनकी उत्कृष्ट हानि

१ मिच्छत्तस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स मिच्छत्तक्खवयस्स सव्वसंकामयस्स। उक्कस्सिया हाणी कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स सम्मत्तमुप्पाएदूण गुणसंकमेण संकामिदूण पढमसमयविज्झादसंकामयस्स। उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स? गुणिदकम्मंसिओ पुव्वुप्पण्णेण सम्मत्तेण मिच्छत्तादो सम्मत्तं गदो तं दुसमयसम्माइट्ठिमादिं कादूण जाव आवलियसम्माइट्ठि त्ति एत्थ अण्णदरम्मि समये तप्पाओग्गउक्कस्सेण वड्ढिं कादूण से काले तत्तियं संकामयमाणस्स तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं। क. पा. सु. पृ. ४४५, ५२६–३१.

२ ताप्रतौ 'उव्वेलणकाले [ण]' इति पाठः।

३ सम्मत्तस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? उव्वेल्लमाणयस्स चरिमसमए। उक्कस्सिया हाणी कस्स? गुणिद-कम्मंसियो सम्मत्तमुप्पाएदूण लहुं मिच्छत्तं गओ। तस्स मिच्छाइट्ठिस्स पढमसमए अवत्तव्वसंकमो, विदियसमए उक्कस्सिया हाणी। क. पा. सु. पृ. ४४६, ५३२–३५.

४ सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकामयस्स। उक्कस्सिया हाणी कस्स? उप्पादिदे सम्मत्ते सम्मामिच्छत्तादो सम्मत्ते जं संकामेदि तं पदेसग्गमंगुलस्सासंखेज्जभागपडिभागं। गुणिदकम्मंसिओ सम्मत्तमुप्पाएदूण लहुं चेव मिच्छत्तं गदो जहण्णियाए मिच्छत्तद्धाए पुण्णाए सम्मत्तं पडिवण्णो। तस्स पढमसमयसम्माइट्ठिस्स उक्कस्सिया हाणी। क. पा. सु. पृ. ४४६, ५३६–४०.

तस्स पढमसमयसम्माइट्ठिस्स उक्क० हाणी। उक्कस्समवट्ठाणं मदिआवरणउक्कस्साव-ट्ठाणतुल्लं[1]।

अट्ठण्णं कसायाणं उक्क० वड्ढी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो सव्वसंकमेण चरिम-फालिं संकामेंतओ तस्स उक्क० वड्ढी। दुविहस्स कोहस्स उक्क० हाणी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो उवसमसेढिमारुहिय दुविहे कोहे चरिमसमयअणुवसंते तदो से काले मदो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी। दुविहमाण-माया-लोहाणं हाणीए दुविह-कोहभंगो। अट्ठण्णं कसायाणमुक्कस्समवट्ठाणं मदिआवरणअवट्ठाणतुल्लं[2]।

कोहसंजलणाए उक्क० वड्ढी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो सव्वसंकमेण चरिमफालिं संकामेंतओ तस्स उक्क० वड्ढी। तस्सेव से काले उक्क० हाणी। उक्कस्समवट्ठाणं हाणीए

किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ है उस प्रथम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। उनके उत्कृष्ट अवस्थानका कथन मतिज्ञानावरणके उत्कृष्ट अवस्थानके समान है।

आठ कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक सर्वसंक्रम द्वारा अन्तिम फालिको संक्रान्त कर रहा है उसके आठ कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। दो प्रकार (अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण) क्रोधकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक उपशमश्रेणिपर आरूढ होकर दो प्रकारके क्रोधके अनुपशान्त रहनेके अन्तिम समय पश्चात् अनन्तर कालमें मरणको प्राप्त हुआ है उस प्रथम समयवर्ती देवके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। दो प्रकारके मान, माया और लोभकी हानिकी प्ररूपणा दो प्रकारके क्रोधके समान है। आठ कषायोंके उत्कृष्ट अवस्थानकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके अवस्थानके समान है।

संज्वलन क्रोधकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक सर्वसंक्रम द्वारा अन्तिम फालिको संक्रान्त कर रहा है उसके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। उत्कृष्ट अवस्थान हानिमें करना चाहिये। जैसे संज्वलन क्रोधकी

---

१ अणंताणुबंधीणमुक्कस्सियावड्ढी कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकामयस्स। उक्कस्सिया हाणी कस्स? गुणिदकम्मंसिओ तप्पाओग्गउक्कस्सयादो अधापवत्तसंकमादो सम्मत्तं पडिवज्जिऊण विज्झादसंकामगो जादो। तस्स पढमसमयसम्माइट्ठिस्स उक्कस्सिया हाणी। उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स? जो अधापवत्तसंकमेण तप्पाओग्गु-क्कस्सएण वड्ढिदूण अवट्ठिदो तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं। क. पा. सु. पृ. ४४७, ५४१–४६.

२ अट्ठकसायाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकामयस्स। उक्कस्सिया हाणी कस्स? गुणिदकम्मंसियो पढमदाए कसायउवसामणद्धाए जाधे दुविहस्स कोहस्स चरिमसमयसंकामगो जादो। तदो से काले मदो देवो जादो। तस्स पढमसमयदेवस्स उक्कस्सिया हाणी। एवं दुविहमाण-दुविहमाया-दुविहलोहाणं। णवरि अप्पप्पणो चरिमसमयसंकामगो होदूण से काले मदो देवो जादो। तस्स पढमसमयदेवस्स उक्कस्सिया हाणी। अट्ठण्हं कसायाणमुक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स? अधापवत्तसंकमेण तप्पाओग्गउक्कस्सएण वड्ढियूण से काले अवट्ठिदसंकामगो जादो। तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं। क. पा. सु. पृ. ४४७, ५४७–५४.

कायव्वं[1] । जहा कोहसंजलणाए तहा माण-माया-पुरिसवेद[2]-छण्णोकसायाणं कायव्वं[3] । णवरि छण्णोकसायाणं उक्कस्सिया हाणी चरिमसमयअणुवसंते से काले मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी । चदुणोकसायाणमवट्ठाणं णत्थि । भय-दुगुंछाण-मवट्ठाणं[4] मदिआवरणभंगो ।

इत्थि-णवुंसयवेदाणमुक्क० वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो सव्वसंकमेण चरिम-फालिं संकामेंतओ तस्स उक्कस्सिया वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो

प्ररूपणा की गयी है उसी प्रकार संज्वलन मान, माया, पुरुषवेद और छह नोकषायोंकी प्ररूपणा करना चाहिये । विशेषता इतनी है कि छह नोकषायोंकी उत्कृष्ट हानि उनके अनुपशान्त रहनेके अन्तिम समयके पश्चात् अनन्तर कालमें (जहां वे उपशान्त होनेवाले थे) जो मरणको प्राप्त होकर देव हुआ है, उस प्रथम समयवर्ती देवके होती है । चार नोकषायोंका (हास्य, रति, अरति और शोक) का अवस्थान नहीं है । भय और जुगुप्साके अवस्थानकी प्ररूपणा मति-ज्ञानावरणके समान है ।

विशेषार्थ— यहां संज्वलन लोभके स्वामित्वकी प्ररूपणा नहीं की गयी है (सम्भव है प्रतिलिपिकारकी असावधानीसे वह लिखनेसे रह गयी हो) । उसकी प्ररूपणा कसायपाहुड (चूर्णिसूत्र) में इस प्रकार की गयी है— संज्वलन लोभकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जिस गुणितकर्मांशिक जीवने अल्प कालमें चार वार कषायोंको उपशान्त किया है, तथा जो अन्तिम भवमें दो वार कषायोंको उपशान्त कर क्षपणामें उद्यत हुआ है, उसके जब अकृतअन्तरकरण अवस्थाका अन्तिम समय प्राप्त होता है तब उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक तीन वार कषायोंको उपशान्त कर चौथी वार उनके उपशान्त करनेमें प्रवर्तमान है वह जब अन्तिम समयवर्ती अकृतअन्तरकरण रहनेके अनन्तर समयमें मरणको प्राप्त होकर देव होता है तब उसके देव होनेके पश्चात् एक समय अधिक आवली मात्र कालके वीतनेपर उसकी उत्कृष्ट हानि होती है । उसके उत्कृष्ट अवस्थानकी प्ररूपणा अप्रत्याख्यानावरणके समान है । (देखिये क. पा. सु. पृ. ४४९, ५६३-६७)

स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक सर्व-संक्रमण द्वारा अन्तिम फालिको संक्रान्त कर रहा है उसके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक अन्तिम समयवर्ती उपशामक होकर

१ कोहसंजलणस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? जस्स उक्कस्सओ सव्वसंकमो तस्स उक्कस्सिया वड्ढी । तस्सेव से काले उक्कस्सिया हाणी । णवरि से काले संकमपाओग्गा समयपबद्धा जहण्णा कायव्वा । तं जहा— जेसिं से काले आवलियमेत्ताणं समयपबद्धाणं पदेसग्गं संकामिज्जहिदि ते समयपबद्धा तप्पाओग्गजहण्णा । एदीए परूवणाए सव्वसंकमं संछुहिदूण जस्स से काले पुव्वपरूविदो संकमो तस्स उक्कस्सिया हाणी कोहसंजलणस्स । तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं । क. पा. सु. पृ. ४४८, ५५५-६१.

२ ताप्रतौ 'माण-माय······पुरिसवेद-' इति पाठः ।

३ जहा कोहसंजलणस्स तहा माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं । क. पा. सु. पृ. ४४९, ५६२.

४ अ-काप्रत्योः 'दुगुंछावट्ठाणं' इति पाठः ।

चरिमसमयउवसामओ संतो मदो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी। अवट्ठाणं णत्थि।

किमट्ठं छण्णोकसायाणं णावट्ठाणं? वुच्चदे- बंधाभावकाले ण ताव अवट्ठाणसंकमो अत्थि, अद्धट्ठिदिगलणाए[1] परपयडिसंकमेण च[2] पडिसमयं झिज्जमाणकम्मपदेसाए[3] पयडीए बंधाभावेण अपडिग्गहेण अण्णपयडीहिंतो आगच्छमाणकम्मपोग्गलविरहियाए हाणिसंकमं मोत्तूण[4] अवट्ठाणाणुववत्तीदो। बंधकाले वि णत्थि, वयादो असंखेज्जगुणायदंसणादो[5]। तं जहा— छण्णोकसाएसु अप्पिदपयडीए गलमाणदव्वमेगसमयपबद्धस्स संखेज्जदिभाग-मेत्तं संखेज्जा भागा वा होदि, आगच्छमाणदव्वं पुण कम्मइयवग्गणादो एग-समयपबद्धमेत्तं बंधविरहिदमोहपयडीहिंतो अधापवत्तसंकमेण असंखेज्जसमयपबद्धमेत्तं च दव्वमागच्छदि[6]। तेण बंधकाले वड्ढिसंकमो चेव, णावट्ठियसंकमो[7]।

सगदव्वमधापवत्तसंकमेण बज्झमाणपयडीसु गच्छंतमत्थि त्ति वओ वि असंखेज्ज-समयपबद्धमेत्तो[8] अत्थि त्ति किण्ण वुच्चदे? ण, बंधपयडीदो बंधपयडीसु गच्छंतदव्व-

---

मरणको प्राप्त हुआ है उस प्रथम समयवर्ती देवके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। उनका अवस्थान नहीं है।

शंका— छह नोकषायोंका अवस्थान किसलिये नहीं होता?

समाधान— इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि [यदि उनका अवस्थान सम्भव है तो क्या वह बन्धके अभावकालमें होता है या बन्धकालमें?] बन्धके अभावकालमें तो उनका अवस्थानसंक्रम सम्भव नहीं है, क्योंकि, अद्धस्थितिगलनसे और परप्रकृतिसंक्रमणसे भी प्रतिसमयमें क्षीण होनेवाले कर्मप्रदेशसे संयुक्त तथा बन्धाभावके कारण प्रतिग्रह (अन्य प्रकृतिके द्रव्यका ग्रहण) रहित होनेसे अन्य प्रकृतियोंसे आनेवाले कर्म-पुद्गलोंसे विरहित विवक्षित प्रकृतिके हानिसंक्रमको छोड़कर अवस्थानसंक्रम बनता नहीं है। बन्धकालमें भी वह सम्भव नहीं है, क्योंकि, उस समय व्ययकी अपेक्षा आय असंख्यातगुणी देखी जाती है। वह इस प्रकारसे— उक्त छह नोकषायोंमें विवक्षित प्रकृतिका गलनेवाला द्रव्य एक समयप्रबद्धके संख्यातवें भाग मात्र अथवा संख्यात बहुभाग मात्र होता है, परन्तु उसका आनेवाला द्रव्य कार्मण वर्गणासे एक समयप्रबद्ध मात्र तथा बन्धरहित मोहप्रकृतियोंसे अधःप्रवृत्तसंक्रम द्वारा असंख्यात समय-प्रबद्ध मात्र द्रव्य आता है। इस कारण बन्धकालमें वृद्धिसंक्रम ही होता है, अवस्थान-संक्रम नहीं होता।

शंका— चूंकि अपना द्रव्य अधःप्रवृत्तसंक्रम द्वारा बध्यमान प्रकृतियोंमें जा रहा है, अतएव व्यय भी उनका असंख्यात समयप्रबद्ध मात्र है; ऐसा क्यों नहीं कहते?

समाधान— नहीं, क्योंकि बन्धप्रकृतियोंसे बन्धप्रकृतियोंमें जानेवाले द्रव्यके समान ही

---

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ता प्रतिषु 'अधट्ठिदि' इति पाठः। २ अप्रतावस्य स्थाने 'वि' इति पाठः।
३ अप्रतौ 'छिज्जमाण' इति पाठः। ४ अ-काप्रत्योः 'घेत्तूण' इति पाठः।
५ प्रतिषु 'असंखेज्जगुणपदंसणादो' इति पाठः। ६ ताप्रतौ 'मेत्तं च [दव्वं] आगच्छदि' इति पाठः।
७ मप्रतौ 'णोवट्ठियसंकमो' इति पाठः। ८ अ-काप्रत्योः 'मेत्ता' इति पाठः।

समाणदव्वस्स तेहिंतो आगच्छमाणस्स उवलंभेण वयाभावादो। पदेससंतभुजगाराभावे वि परिणामवसेण संकमभुजगारस्सेव तव्वसेण अवट्ठाणसंकमो अत्थि त्ति किण्ण वुच्चदे ? ण, पडिसेहस्स दव्वणिबंधणावट्ठिदसंकमापडिसेहफलत्तादो ।

पुरिसवेदस्स कधमवट्ठिदसंकमो ? ण, सम्माइट्ठीसु इत्थि-णवंसयवेदेसु बंधाभावेण विज्झादसंकमेण पुरिसवेदे संकामेंतेसु अधट्ठिदिगलणाए गलमाणदव्वेण समाणं इत्थि-णवुंसयवेदेहिंतो आगच्छमाणदव्वादो असंखेज्जगुणं बंधंतेसु तदुवलंभादो। अबज्झमाणमोहपयडिदव्वं पुरिसवेदस्स किण्णागच्छदे ? ण, तस्स सदो णिग्गददव्वाणुसारेणेव आगमुवलंभादो ।

एवं णामस्स सव्वधुवबंधिपयडीणं पि अवट्ठाणपरूवणा कायव्वा । अण्णेण उवएसेण पुण सव्वणामपयडीणं णत्थि अवट्ठिदसंकमो । कुदो ? जसकित्ति-अजसकित्तीणमागम-णिग्गमविसमदाए। तं जहा— जसकित्तीए तुल्लसंतकम्मे णिग्गमादो णिग्गमो तुल्लो वा विसेसुत्तरो वा । आगमो पुण णिग्गमादो संखे० गुणो। अजसकित्तीए वि तुल्लसंतकम्मे णिग्गमादो णिग्गमो तुल्लो वा असंखेज्जदिभागुत्तरो वा । आगमो पुण णिग्गमादो

द्रव्य चूंकि उनसे आनेवाला भी पाया जाता है, अतएव व्ययकी वहां सम्भावना नहीं है ।

शंका— प्रदेशसत्त्वभुजाकारके अभावमें भी परिणामोंके वशसे जैसे भुजाकारसंक्रम होता है, वैसे ही परिणामोंके वशसे अवस्थानसंक्रम होता है, ऐसा क्यों नहीं कहते ?

समाधान— नहीं, क्योंकि इस प्रतिषेधका फल द्रव्यनिबन्धन अवस्थितसंक्रमका प्रतिषेध नहीं है ।

शंका— पुरुषवेदका अवस्थितसंक्रम कैसे होता है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि सम्यग्दृष्टि जीवोंमें बन्धकी सम्भावना न होनेसे स्त्री और नपुंसक वेदोंके विध्यातसंक्रम द्वारा पुरुषवेदमें संक्रान्त होनेपर चूंकि वे अधस्थितिगलनसे गलनेवाले द्रव्यके समान स्त्री और नपुंसक वेदोंसे आनेवाले द्रव्यकी अपेक्षा असंख्यातगुणे द्रव्यको बांधनेवाले होते हैं, अतएव उक्त सम्यग्दृष्टि जीवोंमें पुरुषवेदका अवस्थित संक्रम पाया जाता है ।

शंका— अबध्यमान मोहप्रकृतियोंका द्रव्य पुरुषवेदमें क्यों नहीं आता ?

समाधान— नहीं, क्योंकि उसके अपनेमेंसे जानेवाले द्रव्यके अनुसार ही उनसे आनेवाला द्रव्य पाया जाता है ।

इसी प्रकार नामकर्मका सब ध्रुवबन्धी प्रकृतियोंके भी अवस्थानकी प्ररूपणा करना चाहिये । परन्तु अन्य उपदेशके अनुसार सब नामप्रकृतियोंका अवस्थितसंक्रम नहीं होता । इसका कारण यशकीर्ति और अयशकीर्तिके आने व जानेवाले द्रव्यकी विषमता है । वह इस प्रकारसे— यशकीर्तिके समान सत्कर्ममें निर्गमकी अपेक्षा निर्गम तुल्य अथवा विशेष अधिक होता है । परन्तु आगमन निर्गमनकी अपेक्षा संख्यातगुणा होता है । अयशकीर्तिके भी समान सत्कर्ममें निर्गमसे निर्गम समान अथवा असंख्यातवें भागसे अधिक होता है । परन्तु

---

१ अ-काप्रत्योः 'अवट्ठिदि', ताप्रतौ 'अवट्ठिद' इति पाठः ।

असंखे० भागुत्तरो। तदो धुवबंधीणं णामपयडीणं जदा जसकित्ती बज्झदि तदा आगमो थोवो, णिग्गमो बहुओ। जदा जसकित्ती ण बज्झदि तदा णिग्गमो थोवो, आगमो बहुओ। एदेण कारणेण णामस्स पयडीणं णत्थि अवट्ठाणं। एदेणेव हेदुणा पुरिसवेद-भय-दुगुंछाणं पि अवट्ठाणाभावो परूवेयव्वो। एदेहि दोहि उवदेसेहि भुजगार-पद-णिक्खेव-वड्ढिसंकमेसु सामित्तमप्पाबहुगं कायव्वं।

णिरयगइणामाए उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो सव्वसंकमेण चरिमफालिं संकामेंतओ तस्स उक्कस्सिया वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स? जो गुणिद-कम्मंसियो पढमवारं चेव उवसमसेडिमारूढो चरिमसमयसुहुमसांपराइयो संतो मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी। अवट्ठाणं णत्थि। तिरिक्खगदिणामाए णिरयगइभंगो। मणुसगइणामाए उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? जो सत्तमाए पुढवीए णेरइयो गुणिदकम्मंसियो तेत्तीसं सागरोवमाणि सम्मत्तमणुपालेदूण सव्वणिरुद्धकाले सेसे मिच्छत्तं गदो, तदो उव्वट्टियस्स[1] पढमसमयतिरिक्खस्स उक्कस्सिया पदेससंकम-वड्ढी। मणुसगइणामाए उक्कस्सिया हाणी कस्स? जो णेरइयो गुणिदकम्मंसियो तेत्तीसं सागरोवमाणि सम्मत्तमणुपालेयूण सव्वणिरुद्धकाले सेसे मिच्छत्तं गदो तस्स पढमसमयमिच्छाइट्ठिस्स उक्क० हाणी। अवट्ठाणं णत्थि।

आगम निर्गमकी अपेक्षा असंख्यातवें भागसे अधिक होता है। इस कारण ध्रुवबन्धी नाम-प्रकृतियोंका जब यशकीर्ति बंधती है तब आगम स्तोक और निर्गम बहुत होता है। तथा जब यशकीर्ति नहीं बंधती है तब निर्गम स्तोक और आगम बहुत होता है। इस कारण नामप्रकृतियोंका अवस्थान नहीं है। इसी हेतुसे पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भी अवस्थानके अभावकी प्ररूपणा करना चाहिये। इन दो उपदेशोंके अनुसार भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिसंक्रममें स्वामित्व व अल्पबहुत्वका कथन करना चाहिये।

नरकगति नामकर्मकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक सर्वसंक्रम द्वारा अन्तिम फालिको संक्रान्त कर रहा है उसके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक प्रथम वार ही उपशम श्रेणिपर आरूढ होकर अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होता हुआ मरणको प्राप्त होकर देव हुआ है उस प्रथम समयवर्ती देवके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान उसका नहीं है। तिर्यग्गति नामकर्मकी प्ररूपणा नरकगतिके समान है। मनुष्यगति नामकर्मकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? जो सातवीं पृथिवीका गुणितकर्मांशिक नारकी तेतीस सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर सर्वनिरुद्ध कालके शेष रहनेपर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है, तत्पश्चात् वहांसे निकलकर जो तिर्यंच हुआ है, उस प्रथम समयवर्ती तिर्यंचके उसकी उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमवृद्धि होती है। मनुष्यगति नामकर्मकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो नारकी गुणितकर्मांशिक तेतीस सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर सर्वनिरुद्ध कालके शेष रहनेपर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है उस प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान उसका नहीं है।

१ अ-काप्रत्योः 'उवट्टियस्स', ताप्रतौ 'उवट्टियस्स' इति पाठः।

मणुसगइणामाए सत्तमपुढविणेरइयसम्माइट्ठीहि तेत्तीसं सागरोवमाणि णिरंतरं बद्धाए किमिदि णावट्ठाणं ? जेसिमाइरियाणं णिग्गमाणुसारी आगमो तेसिमहिप्पाएण अत्थि अवट्ठिदसंकमो। जेसिं पुण आइरियाणं णिग्गमाणुसारी आगमो ण होदि, किंतु संकामिज्जमाणपयडिपदेसाणुसारी, तेसिमहिप्पाएण सव्वणामपयडीणं णत्थि अवट्ठाणं।

देवगइणामाए [उक्कस्सिया] वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो असंखेज्ज-वस्साउएसु पूरेदूण दसवस्ससहस्सिएसु देवेसु उववण्णो, तदो चुदो[1] तिरिक्खेसु मणुस्सेसु उववण्णो, तस्स तेसिं पढमसमए वट्टमाणस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो असंखेज्जवस्साउएसु पूरेदूण मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवस्स देवगदिणामाए उक्क० हाणी। जेण उवदेसेण अवट्ठाणं तेण उवदेसेण तिपलिदोवमियस्स तप्पाओग्गउक्कस्सियाए वड्ढीए वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स उक्कस्समवट्ठाणं। मणुसगइणामाए वि णिरयगदीए तेत्तीसं सागरोवमाणि सम्मत्तमणुपालेयूण तत्थ तप्पाओग्गउक्कस्सियाए वड्ढीए वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स उक्कस्समवट्ठाणं। एवं तिरिक्खगदीए सत्तमपुढविणेरइएसु तिरिक्खगदिं चेव णिरंतरं बंधमाणेसु अवट्ठाणं वत्तव्वं।

शंका— सातवीं पृथिवीके नारकी सम्यग्दृष्टियोंके द्वारा तेतीस सागरोपम काल तक निरन्तर मनुष्यगतिके बांधे जानेपर उसका अवस्थान क्यों नहीं होता ?

समाधान— जिन आचार्योंके मतमें निर्गमके समान आगम होता है उनके अभिप्रायके अनुसार उसका अवस्थितसंक्रम होता है। परन्तु जिन आचार्योंके मतमें निर्गमके अनुसार आगम नहीं होता, किन्तु संक्रान्त की जानेवाली प्रकृतियोंके प्रदेशके अनुसार आगम होता है; उनके अभिप्रायके अनुसार सब नामप्रकृतियोंका अवस्थानसंक्रम नहीं होता।

देवगति नामकर्मकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक असंख्यात-वर्षायुष्कोंमें उसको परिपूर्ण करके दस हजार वर्षकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न हुआ है और फिर वहांसे च्युत होकर तिर्यंचों व मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ है उसके उक्त भवोंके प्रथम समयमें वर्तमान होनेपर उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक असंख्यातवर्षायुष्कोंमें उसे पूर्णकर (बांधकर) मरणको प्राप्त हो देव उत्पन्न हुआ है उस प्रथम समयवर्ती देवके देवगति नामकर्मकी उत्कृष्ट हानि होती है। जिस उपदेशके अनुसार अवस्थान होता है उस उपदेशके अनुसार तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट वृद्धिके द्वारा वृद्धिंगत होकर अवस्थानको प्राप्त हुए तीन पल्योपम आयुवाले जीवके उसका उत्कृष्ट अवस्थान होता है। नरकगतिमें तेतीस सागरोपम काल तक सम्यक्त्वको पालकर और वहां तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट वृद्धिके द्वारा वृद्धिंगत होकर अवस्थानको प्राप्त हुए जीवके मनुष्यगति नामकर्मका भी उत्कृष्ट अवस्थान होता है। इसी प्रकार तिर्यंचगतिको ही निरन्तर बांधनेवाले सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें तिर्यंचगति नामकर्मके उत्कृष्ट अवस्थानका कथन करना चाहिये।

१ ताप्रतौ 'तदो [उ] चुदो' इति पाठः।

ओरालियसरीरणामाए उक्क० हाणी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो सत्तमादो पुढवीदो उव्वट्टिदो[1] सण्णिमिच्छाइट्ठीसु उववण्णो, सव्वलहुं सम्मत्ते लद्धे विज्झादसंकमो जादो, तस्स पढमसमयसम्माइट्ठिस्स उक्कस्सिया हाणी। सो चेव जहण्णियाए सम्मत्तद्धाए अंतो देवलोगं गच्छेज्ज, देवलोगं गदस्स ओरालियसरीरस्स अधापवत्तसंकमो जादो, तस्स सव्वरहस्सेण कालेण देवलोगं गदस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० वड्ढी। अवट्ठाणं जहा मणुसगदीए कदं तहा कायव्वं। वेउव्वियसरीरस्स देवगइभंगो। आहारसरीरणामाए उक्क० वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो आहारसरीरं सव्वचिरं पूरेदूण[2] चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेदूण खवेमाणस्स[3] परभवियबंधवोच्छेदेण आवलियं गंतूण उक्कस्सिया वड्ढी। तस्स चेव से काले उक्क० हाणी। अवट्ठाणं णेव अत्थि। एवसद्देण उवदेसा वि पडिसिद्धा। तेजा-कम्मइयाणं उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेदूण खवेमाणओ, तस्स परभवियणामाणं बंधवोच्छेदादो[4] आवलियं गदस्स उक्क० वड्ढी। तस्सेव से काले उक्क० हाणी। अवट्ठाणं[5] उवदेसेण जहा मणुसगइणामाए कदं[6] तहा कायव्वं।

पढमसंठाण-पढमसंघडणाणं उक्क० वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो बे-छा-

औदारिकशरीर नामकर्मकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवीसे निकल कर संज्ञी मिथ्यादृष्टियोंमें उत्पन्न हुआ है तथा जिसके सबलघु कालमें सम्यक्त्वको प्राप्त कर लेनेपर विध्यातसंक्रम हुआ है उस प्रथम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। वही जघन्य सम्यक्त्वकालके भीतर देवलोकको प्राप्त होता है, देवलोकको प्राप्त होनेपर उसके औदारिकशरीरका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, सबलघु कालमें देवलोकको प्राप्त हुए उस प्रथम समयवर्ती देवके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। अवस्थानका कथन जैसे मनुष्यगतिके सम्बन्धमें किया है वैसे यहां भी करना चाहिए। वैक्रियिकशरीरकी प्ररूपणा देवगतिके समान है। आहारशरीर नामकर्मकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक सबसे दीर्घ कालमें आहारकशरीरको पूर्ण कर चार बार कषायोंको उपशमा कर क्षपणामें उद्यत है उसके परभविक नामप्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्तिसे आवली मात्र काल जाकर आहारकशरीरकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान नहीं है। 'एव' शब्दसे यहां उपदेशोंका भी प्रतिषेध किया गया है। तैजस और कार्मण शरीरोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक चार बार कषायोंको उपशमा कर क्षपणामें उद्यत है उसके परभविक नामप्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्तिके पश्चात् आवली मात्र कालके बीतनेपर उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थानकी प्ररूपणा उपदेशके आश्रयसे मनुष्यगति नामकर्मके समान करना चाहिये।

प्रथम संस्थान और प्रथम संहननकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक

---

१ अ-काप्रत्योः 'उवट्टिदो', ताप्रतौ 'अवट्टिदो' इति पाठः। २ अप्रतौ 'पूणेदूण' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'खवेमाणस्स (खवमाणओ तस्स)' इति पाठः। ४ अ-काप्रत्योः 'बंधवोच्छेदा', ताप्रतौ 'बंधवोच्छे [दा-] दो' इति पाठः। ५ ताप्रतौ नोपलभ्यते पदमिदम्। ६ ताप्रतौ 'कयं (दं)' इति पाठः।

वड्ढीयो सम्मत्तमणुपालेयूण कसाए चदुक्खुत्तो उवसामेदूण तदो खवेंतस्स[1] बंधवोच्छादादो आवलियं गदस्स उक्क० वड्ढी। तस्सेव से काले उक्कस्सिया हाणी। अवट्ठाणं जहा मणुसगइणामाए तहा कायव्वं। पंचसंठाण-पंचसंघडणाणं उक्क० वड्ढी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो कसाए अणुवसामेदूण सव्वलहुं खवेंतओ तस्स चरिमसमयसुहुम-सांपराइयस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो उवसमसेडिमारुहिय चरिमसमयसुहुमसांपराइयो होदूण मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्कस्सिया हाणी। अवट्ठाणं णेव अत्थि। जहा तेजा-कम्मइयसरीराणं उक्कस्सवड्ढि-हाणीयो कदाओ तहा[2] सव्वासिं सत्थाणं धुवबंधीणं कायव्वं। अप्पसत्थाणं धुवबंधीणं णामपयडीणं उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो कसाए अणुवसामेदूण सव्वलहुं खवेदि तस्स चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स? जो गुणिद-कम्मंसियो पढमवारं चेव कसाए उवसामेदि सो चरिमसमयसुहुमसांपराइयो होदूण मदो देवो जादो तस्स[3] पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी। अवट्ठाणं जहा मणुसगइणामाए तहा कायव्वं।

चदुण्णमाणुपुव्वीणामाणं वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं सग-सगगइभंगो। अप्पसत्थाण-

दो छयासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर व चार बार कषायोंको उपशमा कर क्षपणामें तत्पर है उसके बन्धव्युच्छित्तिसे आवली मात्र कालके वीतनेपर उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थानकी प्ररूपणा मनुष्यगति नामकर्मके समान करना चाहिये। शेष पांच संस्थानों और पांच संहननोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक कषायोंको न उपशमा कर सर्वलघु कालमें क्षपणा करता हुआ अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होता है उसके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक उपसमश्रेणिपर आरूढ होता हुआ अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होकर मरणको प्राप्त हो देव हो जाता है उस प्रथम समयवर्ती देवके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान नहीं है। जिस प्रकारसे तैजस और कार्मण शरीरोंकी उत्कृष्ट वृद्धि और हानिको किया है उसी प्रकारसे सब प्रशस्त ध्रुवबन्धी नामप्रकृतियोंकी भी वृद्धि और हानिको करना चाहिये। अप्रशस्त ध्रुवबन्धी नामप्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक कषायोंको न उपशमा कर सर्वलघु कालमें उनका क्षय करता है उस अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो गुणितकर्मांशिक प्रथम वार ही कषायोंको उपशमाता है वह अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होकर मरणको प्राप्त हो जब देव होता है तब उस प्रथम समयवर्ती देवके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थानका कथन मनुष्यगति नामकर्मके समान करना चाहिये।

चार आनुपूर्वी नामप्रकृतियोंकी वृद्धि, हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा अपनी अपनी

१ ताप्रतौ खवेंतस्स '(खवेंतओ तस्स)' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'तहा' इत्येतत्पदं नास्ति।

३ अ-काप्रत्योः 'सांपराइयो जादो तस्स', ताप्रतौ 'सांपराइयो जादो [मदो-] तस्स' इति पाठः।

मद्धुवबंधिणामपयडीणं अप्पसत्थधुवबंधिणामपयडिभंगो। णवरि अवट्ठाणं णत्थि। परघाद-उस्सास-पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-सुभगादेज्ज-सुस्सराणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो बे-छावट्ठीओ सम्मत्तमणुपालेदूण चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेदूण तदो खवेंतस्स[1] परभवियणामाणं बंधवोच्छेदादो आवलियं गदस्स उक्कस्सिया वड्ढी। तस्सेव से काले उक्क० हाणी। अवट्ठाणं जहा मणुसगइणामाए तहा कायव्वं। आदावुज्जोवणामाणं उक्क० वड्ढी सव्वसंकमे दादव्वा। उक्क० हाणी कस्स ? जो गुणिद-कम्मंसियो पढमदाए [कसाए] उवसामेदूण चरिमसमयसुहुमसांपराइयो संतो मदो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्क० हाणी। अवट्ठाणं णेव अत्थि। अप्पसत्थविहायगइ-अथिर-असुभ-अजसकित्तीणं उक्क० वड्ढी हाणी वा जहा अप्पसत्थाणं संठाणाणं कदा तहा कायव्वा। थिर-जसकित्ति-सुभाणं एदासिं तिण्णं णामपयडीणं उक्क० वड्ढी कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेदूण तदो खवेदि तस्स खवेमाणस्स परभवियणामाणं बंधादो[2] आवलियमदिक्कंतस्स उक्क० वड्ढी। तस्सेव से काले उक्क० हाणी। णवरि जसकित्तीए परभविबंधवोच्छेदचरिमसमए उक्क० वड्ढी। चउत्थीए

गतिके समान है। अप्रशस्त अध्रुवबन्धी नामप्रकृतियोंकी प्ररूपणा अप्रशस्त ध्रुवबन्धी नाम-प्रकृतियोंके समान है। विशेषता इतनी है कि उनका अवस्थान नहीं है। परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, सुभग, आदेय और सुस्वर; इनकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक दो छ्यासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर व चारवार कषायोंको उपशमा कर पश्चात् क्षपणामें प्रवृत्त होता है तब उसके परभविक नामकर्मोंकी बन्ध-व्युच्छित्तिसे आवली मात्र काल जाकर उक्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसके ही अनन्तर कालमें उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थानकी प्ररूपणा मनुष्यगति नामकर्मके समान करना चाहिये। आतप और उद्योत नामकर्मोंकी उत्कृष्ट वृद्धिको सर्वसंक्रममें देना चाहिये। इनकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक प्रथमतः कषायोंको उपशमा कर अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होता हुआ मरणको प्राप्त हो [देव होता है] उस प्रथम समयवर्ती देवके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान है ही नहीं। अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर, अशुभ और अयशकीर्ति इनकी उत्कृष्ट वृद्धि और हानिकी प्ररूपणा जैसे अप्रशस्त संस्थानोंकी की गयी है वैसे करना चाहिये। स्थिर, यशकीर्ति और शुभ इन तीन नामप्रकृतियोंको उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो गुणितकर्मांशिक चार वार कषायोंको उपशमा कर तत्पश्चात् क्षपणा करता है उस क्षपणा करनेवालेके परभविक नामकर्मोंके बन्धसे आवली मात्र काल जाकर उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। विशेष इतना है कि यशकीर्तिकी उत्कृष्ट वृद्धि परभविक नामप्रकृतियोंके बन्धव्युच्छेदके अन्तिम समयमें होती है। चतुर्थ उपशामनामें

१ ताप्रतौ 'खवेंतस्स (खवेंतओ तस्स)' इति पाठः।
२ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'बंधवोच्छेदाभावादो' इति पाठः।

उवसामणाए मदचरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स देवेसुप्पज्जिय समयाहियावलियादिक्कस्स उक्कस्सिया[1] हाणी। अवट्ठाणं णेव अत्थि।

णीचागोदस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स खवयस्स। उक्क० हाणी कस्स? उवसामओ चरिमसमयसुहुमसांपराइयो मदो संतो जो देवो जादो तस्स पढमसमए उक्क० हाणी। अवट्ठाणं णेव अत्थि। उच्चागोदस्स वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं मणुसगइभंगो। एवमुक्कस्ससामित्तं समत्तं।

मदिआवरणस्स जहण्णिया वड्ढी कस्स? जो जहण्णएण संतकम्मेण चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेदूण एइंदिएसु गदो तत्थ जाधे बंधो च णिज्जरा च हुसमो तस्स ताधे जहण्णिया वड्ढी अवट्ठाणं वा होदि। सेसचदुणाणावरण-णवदंसणावरण-पंचंतराइयाणं मदिणाणावरणभंगो। सादस्स जह० वड्ढी कस्स? जो जहण्णेण संतकम्मेण कसाए अणुवसामेदूण[2] संजमासंजम-संजमगुणसेडीहि बहुक्खुत्तो[3] कम्मं खवेदूण एइंदिएसु गदो, तत्थ सव्वचिरं कालं जोगजवमज्झस्स हेट्ठा बंधिदूण सव्वमहंतीयो असादबंधगद्धाओ कादूण तदो जं तं सव्वचिरं कालं जोगजवमज्झस्स हेट्ठा बंधिदाओ तस्स कालस्स पज्जवसाणबंधगद्धाए तिस्से अपच्छिमाए सादबंधगद्धाए समऊणाए आवलियासेसाए णिज्जरादो किंचि विसेसुत्तरो बंधो जादो, तदो जाधे असादबंधो तदो बिदियसमए

मरणको प्राप्त हुए अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके देवोंमें उत्पन्न होकर एक समय अधिक आवली मात्र कालके बीतनेपर उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान है ही नहीं।

नीचगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है? वह अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक मरणको प्राप्त होकर देव हो जाता है उसके प्रथम समयमें उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। अवस्थान है ही नहीं। उच्चगोत्रकी वृद्धि, हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा मनुष्यगतिके समान है। इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ।

मतिज्ञानावरणकी जघन्य वृद्धि किसके होती है? जो जघन्य सत्कर्मके साथ चार बार कषायोंको उपशमा कर एकेन्द्रियोंमें गया है उसके वहां जब बन्ध और निर्जरा दोनों समान होते हैं तब उसकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान होता है। शेष चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीयकी जघन्य वृद्धि किसके होती है? जो जघन्य सत्कर्मके साथ कषायोंको न उपशमा कर संयमासंयम और संयम गुणश्रेणियों द्वारा बहुत बार कर्मका क्षयकर एकेन्द्रियोंमें गया है और वहांपर सबसे दीर्घ काल तक योगयवमध्यके नीचे बांधकर सबसे बड़े असातबन्धककालोंको करके पश्चात् जिस सर्वचिर कालके द्वारा योगयवमध्यके नीचे बन्ध किया है उस कालके अन्तिम बन्धककालमें उस अन्तिम सातबन्धककालमें एक समय कम आवलीके शेष रहनेपर निर्जराकी अपेक्षा बन्ध कुछ

१ अ-काप्रत्योः 'समयाहियावलियादिउक्कस्सउक्कस्सिया', ताप्रतौ 'समयाहियावलियाहि [उक्कस्स] उक्कस्सिया' इति पाठः।

२ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'उवसामेदूण' इति पाठः। ३ काप्रतौ 'चदुक्खुत्तो' इति पाठः।

जहण्णिया वड्ढी सादस्स। जिस्से असादबंधाए जह० वड्ढी णिप्फण्णा तं चेव असादस्स बंधद्धं दीहं बंधिऊण तिस्से चरिमसमए जह० हाणी सादस्स। अवट्ठाणं णत्थि। जहा सादस्स तहा असादस्स। णवरि चदुक्खुत्तो कसाया उवसामेयव्वा। जाओ च सादं जहण्णं कुणमाणेण असादबंधगद्धाओ कदाओ, ताओ चेव असादस्स जहण्णं कुणमाणेण सादबंधगद्धाओ कायव्वाओ।

मिच्छत्तस्स जहण्णिया वड्ढी कस्स ? जस्स तप्पाओग्गजहण्णमिच्छत्तसंतकम्मस्स अवट्ठाणं होज्ज तस्स मिच्छत्तस्स जह० वड्ढी हाणी वा अवट्ठाणं वा होज्ज। सम्मत्तस्स जह० वड्ढी कस्स ? जो जहण्णएण कम्मेण सम्मत्तं लहिदूण बे-छावट्ठीयो अणुपालिदूण पडिवदिदो, सव्वमहंतेण उव्वेल्लणकालेण उव्वेल्लमाणस्स अपच्छिमस्स ट्ठिदिखंडयस्स पढमसमए जहण्णिया वड्ढी। दुचरिमट्ठिदिखंडयस्स चरिमसमए जहण्णिया हाणी। अवट्ठाणं णत्थि। सम्मामिच्छत्तस्स सम्मत्तभंगो।

अणंताणुबंधीणं जहण्णिया वड्ढी कस्स ? अभवसिद्धियपाओग्गेण जहण्णेण कम्मेण जो आगदो संजमासंजम-संजमगुणसेढीहि कम्मं खवेदूण कसाए अणुवसामेदूण एइंदिएसु गदो, तस्स जम्हि योगासेगकम्मस्स (?) अवट्ठाणं होदि तम्हि जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं [वा] होज्ज। एसो ताव एक्को उवदेसो। अण्णेण उवएसेण अणंताणुबंधीणं

विशेष अधिक हो जाता है, तत्पश्चात् जब असाताका बन्ध होता है तब उसके द्वितीय समयमें सातावेदनीयकी जघन्य वृद्धि होती है। जिस असातबन्धककालमें जघन्य वृद्धि उत्पन्न हुई है उसी दीर्घ असातबन्धककालमें बांधकर उसके अन्तिम समयमें सातावेदनीयकी जघन्य हानि होती है। सातावेदनीयका अवस्थान नहीं है। जैसे सातावेदनीयकी प्ररूपणा की गयी है वैसे ही असाता-वेदनीयकी भी प्ररूपणा करना चाहिये। विशेष इतना है कि चार वार कषायोंको उपशमाना चाहिये। इसके अतिरिक्त सातावेदनीयको जघन्य करनेवाले जीवके द्वारा जो असाताबन्धककाल किये गये हैं वे ही असातावेदनीयको जघन्य करनेवालेके द्वारा साताबन्धककाल कराने चाहिये।

मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? तत्प्रायोग्य जघन्य मिथ्यात्वसत्कर्म युक्त जिस जीवके अवस्थानसंक्रम होता है उसके मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान होता है। सम्यक्त्व प्रकृतिकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ सम्यक्त्वको प्राप्त कर व उसका दो छयासठ सागरोपम काल तक पालन करके च्युत होता हुआ सबसे महान् उद्वेलन-कालके द्वारा उद्वलना कर रहा है उसके अन्तिम स्थितिकाण्डकके प्रथम समयमें उसकी जघन्य वृद्धि होती है। द्विचरम स्थितिकाण्डकके अन्तिम समयमें उसकी जघन्य हानि होती है। अवस्थान नहीं है। सम्यग्मिथ्यात्वकी प्ररूपणा सम्यक्त्वके समान है।

अनन्तानुबन्धी कषायोंकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? जो अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य जघन्य कर्मके साथ आकर संयमासंयम व संयम गुणश्रेणियोंके द्वारा कर्मका क्षय कर तथा कषायोंको न उपशमा कर एकेन्द्रियोंमें गया है उसके जिस जघन्य योगमें सत्कर्मका अवस्थान होता है उसमें उनकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान होता है। यह एक उपदेश है। दूसरे उपदेशके

जह० हाणी कस्स ? जो जहण्णएण कम्मेण चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेऊण तदो संजोएदूण बे-छावट्ठीयो सम्मत्तमणुपालिय अणंताणुबंधीणं विसंजोयणाए उवट्ठिदो तस्स अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए जहण्णिया हाणी। एरिसो चेव बे-छावट्ठीयो अणुपालेदूण मिच्छत्तं गदो तस्स पढमसमयमिच्छाइट्ठिस्स जह० वड्ढी। अवट्ठाणं णत्थि। एसो बिदियो उवदेसो।

बारसण्णं कसायाणं जेण उवएसेण अवट्ठाणमत्थि तेण उवदेसेण उच्चदे — जहण्णियाणि संतकम्माणि काऊण एइंदियं गदस्स जम्हि जहण्णयस्स संतकम्मस्स अवट्ठाणं होदि तम्हि जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं वा होज्ज। एवं भय-दुगुंछा-पुरिस-वेदाणं। हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं जहण्णवड्ढि-हाणीयो जहा सादासादाणं कदाओ तहा कायव्वाओ।

इत्थिवेदस्स जहण्णिया हाणी कस्स ? जो जहण्णएण कम्मेण चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेयूण बे-छावट्ठीयो सम्मत्तमणुपालेदूण से काले मिच्छत्तं गाहदि त्ति तस्स जहण्णिया हाणी। तस्स चेव से काले पढमसमयमिच्छाइट्ठिस्स जहण्णिया वड्ढी। अवट्ठाणं णेव अत्थि। णवुंसयवेदस्स इत्थिवेदभंगो। णवरि पुव्वमेव तिण्णि पलिदोवमाणि तिपलिदोवमेसु अच्छिय तदो पच्छा बे-छावट्ठीओ सम्मत्तमणुपालेदव्वो।

अनुसार अनन्तानुबन्धी कषायोंकी जघन्य हानि किसके होती है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ चार वार कषायोंका उपशमाकर फिर संयोजन कर दो छयासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन करके अनन्तानुबन्धी कषायोंकी विसंयोजनामें उद्यत होता है उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें उनकी जघन्य हानि होती है। ऐसा ही जो जीव दो छयासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है उस प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके उनकी जघन्य वृद्धि होती है। अवस्थान उनका नहीं है। यह दूसरा उपदेश है।

जिस उपदेशके अनुसार अवस्थान है उस उपदेशके अनुसार बारह कषायोंकी प्ररूपणा करते हैं— जघन्य सत्कर्मोंको करके एकेन्द्रिय भवको प्राप्त हुए जीवके जहांपर जघन्य सत्कर्मका अवस्थान होता है वहां उनकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान होता है। इसी प्रकार भय, जुगुप्सा और पुरुषवेदकी प्ररूपणा करना चाहिये। हास्य, रति, अरति और शोककी जघन्य वृद्धि और हानि जैसे साता व असाता वेदनीयकी की गयी हैं वैसे करनी चाहिये।

स्त्रीवेदकी जघन्य हानि किसके होती है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ चार वार कषायोंको उपशमा कर व दो छयासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर अनन्तर कालमें मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाला है उसके उसकी जघन्य हानि होती है। अनन्तर कालमें मिथ्यात्वको प्राप्त हुए उसी प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके उसकी जघन्य वृद्धि होती है। अवस्थान नहीं है। नपुंसकवेदकी प्ररूपणा स्त्रीवेदके समान है। विशेष इतना है कि पहिले ही तीन पल्योपमकाल तक तीन पल्योपम प्रमाण आयुवाले जीवोंमें रहकर पीछे दो छयासठ सागरोपम तक सम्यक्त्वका पालन कराना चाहिये।

णिरयगइणामाए जह० हाणी कस्स ? एइंदियकम्मेण जहण्णएण णिरयगइणाममंतोमुहुत्तं संजोएदूण तदो बावीससागरोवट्ठिदिणिरयं गदो, बावीससागरोवमाणं अंतोमुहुत्ते सेसे सम्मत्तं पडिवण्णो, मदो मणुसो जादो, एक्कत्तीससागरोवमट्ठिदिं देवगदिं गदो, अंतोमुहुत्तं उववण्णो मिच्छत्तं गदो, एक्कत्तीससागरोवमेसु अंतोमुहुत्ते सेसेसु[1] सम्मत्तं पडिवण्णो, बे-छावट्ठीयो अणुपालेदूण सोधम्मकप्पम्हि मिच्छत्तं गदो संतो एइंदिए गदो, तदो सव्वमहंतेण उव्वेल्लणकालेण उव्वेल्लमाणस्स दुचरिमउव्वेलणखंडयस्स चरिमसमए जहण्णिया हाणी। तस्सेव से काले जह० वड्ढी।

मणुसगइणामाए जह० वड्ढी कस्स ? जो एइंदियकम्मेण वस्सपुधत्तेण अणुत्तरवेमाणिएसु देवेसु उववण्णो, तस्स तप्पाओग्गजहण्णसंतकम्मस्स जम्हि अवट्ठाणं होदि तम्हि जह० वड्ढी हाणी अवट्ठाणं वा होदि। देवगइणामाए जहण्णवड्ढि[2]-हाणि- अवट्ठाणाणि कस्स ? [जो] एइंदियकम्मेण तिपलिदोवमिएसु उववण्णो तस्स जाधे तप्पाओग्गजहण्णएण कम्मेण अवट्ठाणं होज्ज तम्हि जह० वड्ढी हाणी अवट्ठाणं वा। तिरिक्खगइणामाए जहण्णिया हाणी कस्स ? जो जहण्णएण कम्मेण तिपलिदोवमिएसु उववण्णो, अंतोमुहुत्ते सेसे सम्मत्तं पडिवण्णो, तदो देवेसु पलिदोवमपुधत्ताउट्ठिदिएसु उववण्णो,

नरकगति नामकर्मकी जघन्य हानि किसके होती है ? जो जघन्य एकेन्द्रिय योग्य कर्मके साथ अन्तर्मुहूर्त काल तक नरकगति नामकर्मका संयोजन करके पश्चात् बाईस सागरोप आयुवाले नरकको प्राप्त हुआ है, बाईस सागरोपमोंमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त होकर मरा व मनुष्य हुआ है, पश्चात् इकतीस सागरोपम स्थितिवाली देवगतिको प्राप्त होकर उत्पन्न होनेके पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है, फिर इकतीस सागरोपमोंमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ है, दो छयासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर सौधर्म कल्पमें मिथ्यात्वको प्राप्त होता हुआ एकेन्द्रियमें गया है, और तत्पश्चात् जो सबसे महान उद्वेलनकाल द्वारा उद्वेलना कर रहा है; उसके द्विचरम उद्वेलनकाण्डकके अन्तिम समयमें नरकगति नामकर्मकी जघन्य हानि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उसकी जघन्य वृद्धि होती है।

मनुष्यगति नामकर्मकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? जो एकेन्द्रिय योग्य कर्मके साथ वर्षपृथक्त्वमें अनुत्तर विमानवासी देवोंमें उत्पन्न हुआ है उसके तत्प्रायोग्य जघन्य सत्कर्मका जहां अवस्थान होता है वहां उसकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान होता है। देवगति नामकर्मकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान किसके होते हैं ? जो एकेन्द्रिय योग्य सत्कर्मके साथ तीन पल्योपम आयुवालोंमें उत्पन्न हुआ है उसके जब तत्प्रायोग्य जघन्य सत्कर्मके साथ अवस्थान होता है तब उसकी जघन्य वृद्धि हानि और अवस्थान होता है। तिर्यग्गति नामकर्मकी जघन्य हानि किसके होती है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ तीन पल्योपम आयुवालोंमें उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ है, तत्पश्चात् पल्योपमपृथक्त्व आयुस्थिति-

१ काप्रतौ 'अंतोमुहुत्तेसु सेसेसु', ताप्रतौ 'अंतोमुहुत्तसेसेसु' इति पाठः।

२ अ-काप्रत्योः 'णामाए दीहणवड्ढी', ताप्रतौ 'णामाए वड्ढि' इति पाठः।

अपडिवदिदेण सम्मत्तेण मणुस्सेसु गदो, तदो अपडिवदिदेण एक्कत्तीससागरोवमिएसु देवेसु उववण्णो, अंतोमुहुत्तमुववण्णो मिच्छत्तं गदो, अंतोमुहुत्तावसेसे सम्मत्तं पडिवण्णो, बे-छावट्ठीयो[1] अणुपालेदूण जाधे चरिमसमयसम्माइट्ठी ताधे जहण्णिया हाणी। तस्सेव से काले जहण्णिया वड्ढी। तिरिक्खगइणामाए अवट्ठाणं णेव अत्थि। बे-छावट्ठीयो सम्मत्तमणुपालिय तदो खवणाए अहिमुहचरिमसमयअधापवत्तकरणं मोत्तूण जहण्णिया हाणी केण कारणेण चरिमसमयसम्माइट्ठिस्स कीरदि त्ति वुत्ते वुच्चदे— बे-छावट्ठीयो सम्मत्तमणुपालेदूण जो तत्तो खवेदि तस्स उक्कस्सिया सम्मत्तद्धा थोवा, बे छावट्ठीयो सम्मत्तमणुपालेदूण जो मिच्छत्तं गच्छदि तस्स सम्मत्तद्धा विसेसाहिया। एदेण कारणेण चरिमसमयसम्माइट्ठिस्स जहण्णिया तिरिक्खगइणामाए हाणी कदा, चरिमसमयअधापवत्तकरणे[2] ण कदा।

सव्वेसिं धुवबंधियाणं णामाणं जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि कस्स? तप्पाओग्ग-जहण्णाणि कम्माणि कादूण जम्हि अवट्ठाणं कम्मस्स होज्ज तम्हि वड्ढी हाणी अवट्ठाणं वा जहण्णयं होदि। वेउव्वियसरीर-पढमसंठाण-पढमसंघडण-परघाद-उस्सास-पसत्थ-विहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-सुभग-आदेज्ज-सुस्सरणामाणं जहण्णिया वड्ढी

वाले देवोंमें उत्पन्न हुआ है, पुनः अप्रतिपतित सम्यक्त्वके साथ मनुष्योंमें गया है, तत्पश्चात् अप्रतिपतित सम्यक्त्वके साथ इकतीस सागरोपम प्रमाण आयुवाले देवोंमें उत्पन्न हुआ है, वहां उत्पन्न होनेके पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है, अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर पुनः सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ है, तथा जो दो छ्यासठ सागरोपम काल तक उसका पालन कर जब अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टि होता है तब उसके तिर्यग्गति नामकर्मकी जघन्य हानि होती है। उसीके अनन्तर कालमें उसकी जघन्य वृद्धि होती है। तिर्यग्गति नामकर्मका अवस्थान नहीं है।

शंका— दो छ्यासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन कर तत्पश्चात् क्षपणाके अभिमुख अन्तिम समयवर्ती अधःप्रवृत्तकरणको छोड़कर अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके किस कारणसे उसकी जघन्य हानि की जाती है?

समाधान— दो छ्यासठ सागरोपम तक सम्यक्त्वका पालन कर पश्चात् जो क्षपणा करता है उसका उत्कृष्ट सम्यक्त्वकाल स्तोक होता है, परन्तु दो छ्यासठ सागरोपम तक सम्यक्त्वका पालन कर पश्चात् जो मिथ्यात्वको प्राप्त होता है उसका सम्यक्त्वकाल विशेष अधिक होता है। इस कारण अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके तिर्यग्गति नामकर्मकी जघन्य हानि की गयी है और अन्तिम समयवर्ती अधःप्रवृत्तकरणके वह नहीं की गयी है।

सब ध्रुवबन्धी नामप्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान किसके होते हैं? तत्प्रायोग्य जघन्य कर्मोंको करके जहांपर कर्मका अवस्थान होता है वहां पर उनकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान होते हैं। वैक्रियिकशरीर, प्रथम संस्थान, प्रथम संहनन, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, सुभग, आदेय और सुस्वर नामकर्मोंकी

---

१ ताप्रतौ 'पडिवण्णो, [मि] वे छावट्ठीयो' इति पाठः।

२ ताप्रतौ 'हाणी। केण' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'करणेण' इति पाठः।

कस्स ? जत्थ एदेसिं कम्माणं तप्पाओग्गजहण्णाणं जहण्णमवट्ठाणं होज्ज तत्थ जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं वा होज्ज । अप्पसत्थविहायगइ-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साहारण-सरीर-दूभग-अणादेज्ज-दुस्सराणं णवुंसयवेदभंगो । णीचागोदस्स वि णवुंसयवेदभंगो । उच्चागोदस्स मणुसगइभंगो । एवं जहण्णसामित्तं समत्तं ।

अप्पाबहुअं । तं जहा— मदिआवरणस्स उक्कस्समवट्ठाणं थोवं । वड्ढी विसेसाहिया, भिण्णसामित्तादो । हाणी असंखेज्जगुणा । सेसचदुणाणावरण-चदुदंसणावरण-पंचंतराइयाणं मदिणाणावरणभंगो । णिद्दा-पयलाणं उक्कस्समवट्ठाणं थोवं । हाणी असंखेज्ज-गुणा । वड्ढी असंखेज्जगुणा । थीणगिद्धितियस्स णिद्दाभंगो । सादस्स उक्कस्सिया हाणी थोवा । वड्ढी विसेसाहिया । असादस्स उक्कस्सिया हाणी थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा ।

मिच्छत्तस्स उक्कस्समवट्ठाणं [थोवं] । हाणी असंखे० गुणा । वड्ढी असंखे० गुणा । सम्मत्तस्स उक्क० वड्ढी थोवा, उव्वेलणकंडयचरिमसमए जादत्तादो । उक्क० हाणी असंखे० गुणा, दुसमयमिच्छाइट्ठिस्स जादत्तादो । अवट्ठाणं णत्थि । सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सिया हाणी थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा । अणंताणुबंधीणं उक्कस्समवट्ठाणं थोवं । हाणी असंखे० गुणा । वड्ढी असंखे० गुणा । अट्ठण्णं कसायाणमुक्कस्समवट्ठाणं थोवं । हाणी असंखे० गुणा । वड्ढी असंखे०गुणा । तिण्णं संजलणाणं पुरिसवेदस्स य उक्क०

जघन्य वृद्धि किसके होती है ? जहांपर इन तत्प्रायोग्य जघन्य कर्मोंका जघन्य अवस्थान होता है वहांपर उनकी जघन्य वृद्धि, हानि व अवस्थान होता है । अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारणशरीर, दुर्भग, अनादेय और दुस्वर प्रकृतियोंकी प्ररूपणा नपुंसकवेदके समान है । नीचगोत्रकी भी प्ररूपणा नपुंसकवेदके समान है । उच्चगोत्रकी प्ररूपणा मनुष्यगतिके समान है । इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

अल्पबहुत्वका कथन करते हैं । वह इस प्रकार है— मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है । वृद्धि विशेष अधिक है, क्योंकि, उसका स्वामी भिन्न है । हानि असंख्यातगुणी है । शेष चार ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । निद्रा और प्रचलाका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है । हानि असंख्यातगुणी है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । स्त्यानगृद्धि आदि तीनकी प्ररूपणा निद्राके समान है । सातावेदनीयकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । वृद्धि विशेष अधिक है । असाताकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । वृद्धि असंख्यातगुणी है ।

मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है । हानि असंख्यातगुणी है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । सम्यक्त्व प्रकृतिकी उत्कृष्ट वृद्धि स्तोक है, क्योंकि, वह उद्वेलनकाण्डकके अन्तिम समयमें होती है । उत्कृष्ट हानि असंख्यातगुणी है, क्योंकि, वह द्वितीय समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होती है । अवस्थान नहीं है । सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । अनन्तानुबन्धी कषायोंका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है । हानि असंख्यातगुणी है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । आठ कषायोंका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है । हानि असंख्यातगुणी है । वृद्धि असंख्यातगुणी

वड्ढी थोवा। उक्क० हाणी अवट्ठाणं च विसेसाहियं। लोभसंजलणाए उक्कस्समवट्ठाणं थोवं। हाणी असंखे० गुणा। वड्ढी विसेसा०। छण्णं णोकसायाणमुक्क० हाणी थोवा। वड्ढी असंखे० गुणा०। अवट्ठाणं णत्थि। इत्थि-णवुंसयवेदाणं हस्स-रदिभंगो।

णिरयगइणामाए उक्क० हाणी थोवा। वड्ढी असंखे०गुणा। एवं तिरिक्खगइणामाए। दोण्णमवट्ठाणं णत्थि। मणुसगइणामाए उक्कस्समवट्ठाणं थोवं। वड्ढी असंखे० गुणा। हाणी विसेसा०। देवगइणामाए उक्कस्समवट्ठाणं थोवं। वड्ढी असंखे० गुणा। हाणी विसेसा०। जहा देवगइणामाए तहा जादिणाम-आणुपुव्वीणामाणं च। ओरालियसरीर-णामाए उक्कस्समवट्ठाणं थोवं। वड्ढी असंखे० गुणा। हाणी विसेसा०। वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं देवगइभंगो। आहारसरीरणामाए उक्क० हाणी थोवा। वड्ढी विसेसा०। तेजा-कम्मइयसरीराणं सव्वासिं चेव धुवबंधिणामाणं उक्कस्समवट्ठाणं थोवं। हाणी असंखे० गुणा। वड्ढी विसेसा०। वज्जरिसहणारायणसंघडणणामाए उक्कस्समवट्ठाणं थोवं। वड्ढी असंखेज्जगुणा। हाणी विसेसा०। समचउरससंठाण-परघाद-उस्सास-पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-सुभगादेज्ज-सुस्सराणमुक्कस्समवट्ठाणं थोवं। हाणी असंखे० गुणा। वड्ढी विसेसा०। पंचसंठाण-पंचसंघडण-अथिर-अजस-कित्ति-असुभ-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अप्पसत्थविहायगदीणं उक्क० हाणी थोवा। वड्ढी

है। तीन संज्वलन कषायों और पुरुषवेदकी उत्कृष्ट वृद्धि स्तोक है। उत्कृष्ट हानि और अवस्थान विशेष अधिक हैं। संज्वलन लोभका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है। हानि असंख्यातगुणी है। वृद्धि विशेष अधिक है। छह नोकषायोंकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है। वृद्धि असंख्यातगुणी है। अवस्थान नहीं है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी प्ररूपणा हास्य और रतिके समान है।

नरकगति नामकर्मकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है। वृद्धि असंख्यातगुणी है। इसी प्रकार तिर्यंचगति नामकर्मकी प्ररूपणा है। अवस्थान दोनोंका नहीं है। मनुष्यगति नामकर्मका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है। वृद्धि असंख्यातगुणी है। हानि विशेष अधिक है। देवगति नामकर्मका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है। वृद्धि असंख्यातगुणी है। हानि विशेष अधिक है। जैसे देवगति नामकर्मकी प्ररूपणा की गयी है वैसे ही जाति नामकर्मों और आनुपूर्वी नामकर्मोंकी भी करना चाहिये। औदारिकशरीर नामकर्मका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है। वृद्धि असंख्यातगुणी है। हानि विशेष अधिक है। वैक्रियिकशरीर व उसके आंगोपांग, बन्धन एवं संघात नामकर्मोंकी प्ररूपणा देवगतिके समान है। आहारकशरीर नामकर्मकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है। वृद्धि विशेष अधिक है। तैजस व कार्मण शरीरों तथा सब ही ध्रुवबन्धी नामप्रकृतियोंका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है। हानि असंख्यातगुणी है। वृद्धि विशेष अधिक है। वज्रर्षभनाराचसंहनन नामकर्मका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है। वृद्धि असंख्यातगुणी है। हानि विशेष अधिक है। समचतुरस्र-संस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, सुभग, आदेय और सुस्वर इनका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है। हानि असंख्यातगुणी है। वृद्धि विशेष अधिक है। पांच संस्थान, पांच संहनन, अस्थिर, अयशकीर्ति, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और अप्रशस्त विहायोगति; इनकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है। वृद्धि असंख्यातगुणी है। अवस्थान नहीं

असंखे० गुणा । अवट्ठाणं णत्थि । अप्पसत्थाणं धुवबंधीणमुक्कस्समवट्ठाणं थोवं । हाणी असंखे० गुणा । वड्ढी असंखे० गुणा । णिरयगइ-तिरिक्खगइपाओग्गणामाणं आदा-वुज्जोवाणं च उक्क० हाणी थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा । णीचागोदस्स गुणसंकमेण उक्क० हाणी थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा । उच्चागोदस्स उक्क० हाणी सत्तमाए पुढवीए पढमसमयणेरइयस्स हाणी[1] थोवा । तस्स चेव उव्वट्टियस्स[2] पढमसमयतिरिक्खस्स णीचागोदस्स बंधमाणयस्स उक्क० वड्ढी विसे०, णेरइयस्स सम्माइट्ठीसु संचिदत्तादो । उच्च-णीचाणमवट्ठाणं णत्थि । एवमुक्कस्सप्पाबहुअं समत्तं ।

णाणावरणपंचयस्स जहण्णवड्ढी हाणी अवट्ठाणं सरिसं । णवदंसणावरण-मिच्छत्त-सोलसकसाय-भय-दुगुंछा-पुरिसवेद-पंचंतराइयाणं जह० वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च तिण्णि वि तुल्लाणि । सादस्स जह० हाणी थोवा । वड्ढी विसेसाहिया । अवट्ठाणं णत्थि । असादस्स सादभंगो । सम्मत्तस्स जह० हाणी थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा । सम्मामिच्छ० सम्मत्तभंगो । हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं जह० हाणी थोवा । वड्ढी विसेसा० । अवट्ठाणं णत्थि । इत्थि-णवुंसयवेदाणं जह० हाणी थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा । अवट्ठाणं णत्थि ।

णिरयगइणामाए जह० हाणी थोवा । वड्ढी असंखे० गुणा । तिरिक्खगइणामाए

है । अप्रशस्त ध्रुवबन्धी प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अवस्थान स्तोक है । हानि असंख्यातगुणी है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । नरकगति और तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्मों तथा आतप और उद्योत नामकर्मोंकी भी उत्कृष्ट हानि स्तोक है । वृद्धि असंख्यातगुणी है ।

नीचगोत्रकी गुणसंक्रमके द्वारा उत्कृष्ट हानि स्तोक है । वृद्धि असंख्यातगुणी है । उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट हानि सातवीं पृथिवीके प्रथम समयवर्ती नारकीके होती है, जो स्तोक है । वहांसे निकलकर नीचगोत्रको बांधनेवाले उसी प्रथम समयवर्ती तिर्यंचके उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है, जो हानिसे विशेष अधिक है; क्योंकि, वह नारक सम्यग्दृष्टियोंमें संचित है । उच्च और नीच गोत्रोंका अवस्थान नहीं है । इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

पांच ज्ञानावरण प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान सदृश हैं । नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, पुरुषवेद और पांच अन्तराय प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं । सातावेदनीयकी जघन्य हानि स्तोक है । वृद्धि विशेष अधिक है । अवस्थान नहीं है । असातावेदनीयके प्रकृत अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है । सम्यक्त्व प्रकृतिकी जघन्य हानि स्तोक है और वृद्धि उससे असंख्यातगुणी है । सम्यग्मिथ्यात्वकी प्ररूपणा सम्यक्त्व प्रकृतिके समान है । हास्य, रति, अरति और शोक इनकी जघन्य हानि स्तोक व वृद्धि उससे विशेष अधिक है । अवस्थान नहीं है । स्त्री और नपुंसक वेदोंकी जघन्य हानि स्तोक व वृद्धि असंख्यातगुणी है । अवस्थान नहीं है ।

नरकगति नामकर्मकी जघन्य हानि स्तोक व वृद्धि असंख्यातगुणी है । तिर्यंचगति

१ ताप्रतौ '[हाणी]' इति पाठः । २ प्रतिषु 'उवट्ठियस्स' इति पाठः ।

जह० हाणी थोवा। वड्ढी असंखे० गुणा। मणुसगइणामाए जह० वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च तुल्लं। एवं देवगदीए। ओरालिय-वेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीर-तप्पाओग्ग-बंधण-संघाद-अंगोवंग-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-उवघाद-परघाद-उस्सास-पसत्थ-विहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-णिमिणणामाणं जह० वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च तुल्लं।

णीचागोदस्स जह० हाणी थोवा। वड्ढी असंखे० गुणा। अवट्ठाणं णत्थि। उच्चागोदस्स जह० हाणी थोवा। वड्ढी असंखे० गुणा। अवट्ठाणं णत्थि। एवं पदेससंकमे[1] पदणिक्खेवो समत्तो।

पदेससंकमो वड्ढिसंकमो कायव्वो। तं जहा— मदिणाणावरणस्स अत्थि असंखेज्जभागवड्ढि-असंखेज्जभागहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा। सेसपदाणि णत्थि। सेसचदुणाणावरणीय-चदुदंसणावरणीय-पंचंतराइयाणं मदिणाणावरणभंगो। णिद्दा-पलयाणं अत्थि असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-असंखेज्जगुणवड्ढि-असंखेज्जगुणहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्व-संकमा। थीणगिद्धितियस्स अत्थि असंखेज्जभागवड्ढि-असंखेज्जभागहाणी। संखेज्ज-भागवड्ढि-संखेज्जगुणवड्ढीयो वि अत्थि, मिच्छत्तं गदसम्माइट्ठिम्मि थीणगिद्धितिय-संतादो अण्णपयडीहिंतो[2] आगयदव्वस्स संखेज्जभाग-गुणब्भहियस्स वि उवलंभादो। अत्थि

नामकर्मकी जघन्य हानि स्तोक और वृद्धि उससे असंख्यातगुणी है। मनुष्यगति नामकर्मकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान तीनों समान हैं। इसी प्रकार देवगतिके सम्बन्धमें भी कहना चाहिये। औदारिक, वैक्रियिक, तैजस व कार्मण शरीर, उनके योग्य बन्धन, संघात व आंगोपांग, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण; इन नामप्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान तीनों तुल्य हैं।

नीचगोत्रकी जघन्य हानि स्तोक व वृद्धि असंख्यातगुणी है। अवस्थान नहीं है। उच्चगोत्रकी जघन्य हानि स्तोक व वृद्धि असंख्यातगुणी है। अवस्थान नहीं है। इस प्रकार प्रदेशसंक्रममें पदनिक्षेप समाप्त हुआ।

प्रदेशसंक्रममें वृद्धिसंक्रमका कथन करते हैं। यथा— मतिज्ञानावरणके असंख्यात-भागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, अवस्थान और अवक्तव्य ये चार संक्रमपद हैं। शेष पद नहीं हैं। शेष चार ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय और पांच अन्तराय कर्मोंकी प्ररूपणा मतिज्ञाना-वरणके समान है। निद्रा और प्रचलाके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यात-गुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य ये संक्रमपद हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानि संक्रम हैं। संख्यातभागवृद्धि और संख्यातगुणवृद्धि पद भी हैं, क्योंकि, मिथ्यात्वको प्राप्त हुए सम्यग्दृष्टिमें स्त्यानगृद्धि आदि तीनोंके सत्त्वकी अपेक्षा अन्य प्रकृतियोंसे आया हुआ द्रव्य संख्यातभाग अधिक व संख्यातगुणा अधिक भी पाया

१ अ-काप्रत्योः 'पदेससंकमो' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'संतादो। अण्णपयडीहिंतो' इति पाठः।

असंखे० गुणवड्ढि-हाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा। सादस्स अत्थि असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-अवत्तव्वसंकमा। सेसाणि पदाणि णत्थि। असादस्स असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-असंखे० गुणवड्ढी-असंखे० गुणहाणि-अवत्तव्वसंकमा अत्थि। सेसपदाणि[1] णत्थि। मिच्छत्तस्स असंखे० भागवड्ढि-हाणि-असंखेज्जगुणवड्ढि-असंखे० गुणहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा अत्थि। सेसाणि पदाणि णत्थि। सम्मामिच्छत्तस्स अत्थि असंखे० भागवड्ढि-हाणि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणहाणि-अवत्तव्वसंकमा। सेसाणि पदाणि णत्थि। सम्मत्तस्स असंखे० भागहाणि-असंखे० गुणवड्ढि-हाणि-अवत्तव्वसंकमा अत्थि। सेसपदाणि णत्थि। अणंताणुबंधीणं अत्थि असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-संखे० भागवड्ढि-संखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा[2]। सेसाणि पदाणि णत्थि। अट्ठण्णं कसायाणं अत्थि असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा। सेसपदाणि णत्थि। तिण्णं संजलणाणं अत्थि असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-संखे० भागवड्ढि-संखे० भागहाणि-संखे० गुणवड्ढि-संखे० गुणहाणि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा। लोभसंजलणाए अत्थि असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा। सेसाणि पदाणि णत्थि।

जाता है। उनके असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य संक्रम हैं।

सातावेदनीयके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवक्तव्य संक्रम हैं। शेष पद नहीं हैं। असातावेदनीयके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य संक्रम हैं। उसके शेष पद नहीं हैं। मिथ्यात्वके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य संक्रम हैं। शेष पद नहीं हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य संक्रम हैं। शेष पद नहीं हैं। सम्यक्त्व प्रकृतिके असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य संक्रम हैं। शेष पद नहीं हैं।

अनन्तानुबन्धी क्रोधादिकोंके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य संक्रम हैं। शेष पद नहीं हैं। आठ कषायोंके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य संक्रम हैं। शेष पद नहीं हैं। तीन संज्वलन कषायोंके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य संक्रमपद हैं। संज्वलन लोभके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, अवस्थान और

---

१ अप्रतौ 'विसेसपदाणि', काप्रतौ त्रुटितोऽत्र पाठः, ताप्रतौ [वि] सेसपदाणि' इति पाठः।

२ ताप्रतौ 'अवत्तव्व-अवट्ठाणसंकमा' इति पाठः।

हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं असादभंगो । पुरिसवेदस्स कोधसंजलणभंगो । इत्थि-णवुंसयवेदाणं अत्थि असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-संखे० भागवड्ढि-संखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणहाणि-अवत्तव्वसंकमा । सेसपदाणि णत्थि । भय-दुगुंछाणं अत्थि असंखे० भागवड्ढि-असंखे० भागहाणि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा । सेसपदाणि णत्थि[1] ।

णिरयगइणामाए अत्थि असंखे० भागवड्ढि-संखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० भागहाणि-असंखे० गुणहाणि-अवत्तव्वसंकमा । तिरिक्खगइणामाए अत्थि असंखे० भागवड्ढि-संखे० भागवड्ढि-संखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० भागहाणि-असंखे० गुणहाणि-अवत्तव्वसंकमा । मणुस्सगइणामाए अत्थि असंखे० भागवड्ढि-संखे० भागवड्ढि-संखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० भागहाणि-असंखे० गुणहाणि-अवत्तव्वसंकमा । सेसपदाणि णत्थि । देवगइणामाए अत्थि असंखे० भागवड्ढि-संखे० भागवड्ढि-संखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणवड्ढि-असंखे० भागहाणि-संखे० गुणहाणि-अवट्ठाण-अवत्तव्वसंकमा । सेसं जाणिदूण वत्तव्वं । एवं संकमे त्ति समत्तमणियोगद्दारं ।

अवक्तव्य संक्रम पद हैं । शेष पद नहीं हैं ।

हास्य, रति, अरति और शोककी प्ररूपणा असातावेदनीयके समान है । पुरुषवेदकी प्ररूपणा संज्वलन क्रोधके समान है । स्त्री और नपुंसक वेदोंके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य संक्रमपद हैं । शेष पद नहीं हैं । भय और जुगुप्साके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य संक्रमपद हैं । शेष पद नहीं हैं ।

नरकगति नामकर्मके असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य संक्रमपद हैं । तिर्यग्गति नामकर्मके असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य संक्रमपद हैं । मनुष्यगति नामकर्मके असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातभागहानि असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य संक्रमपद हैं । शेष पद नहीं हैं । देवगति नामकर्मके असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातभागहानि, संख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्य संक्रमपद हैं । शेष कथन जानकर करना चाहिये । इस प्रकार संक्रम अनुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

---

१ क. पा. सु. पृ. ४५६, ६२५-३१.

लेस्साणियोगद्दारं

असुर-सुर-णरवरोरग-मुणिदविंदेहि वंदिए चलणे[1]।
णमियूण अरस्स तदो लेस्साणियोगं परूवेमो ॥ १ ॥

एत्थ लेस्सा णिक्खिविदव्वा, अण्णहा पयदलेस्सावगमाणुववत्तीदो। तं जहा— णामलेस्सा ट्ठवणलेस्सा दव्वलेस्सा भावलेस्सा चेदि लेस्सा चउव्विहा। लेस्सा-सद्दो णामलेस्सा। सब्भावासब्भावट्ठवणाए[2] ट्ठविदव्वं ट्ठवणलेस्सा। दव्वलेस्सा दुविहा आगमदव्वलेस्सा णोआगमदव्वलेस्सा चेदि। आगमदव्वलेस्सा सुगमा। णोआगमदव्वलेस्सा तिविहा जाणुगसरीर-भविय [-तव्वदिरित्तणोआगमदव्वलेस्साभेएण। जाणुगसरीर-भविय] णोआगमदव्वलेस्साओ सुगमाओ। तव्वदिरित्तदव्वलेस्सा पोग्गलक्खंधाणं चक्खिदियगेज्झो वण्णो। सो छव्विहो किण्णलेस्सा णीललेस्सा काउलेस्सा तेउलेस्सा पम्मलेस्सा सुक्कलेस्सा चेदि। तत्थ भमरंगार-कज्जलादीणं किण्णलेस्सा। णिंब-कदली-दावपत्तादीणं णीललेस्सा। छार-खर-कवोदादीणं काउलेस्सा। कुंकुम-जवाकुसुम-कुसुंभादीणं तेउलेस्सा। तडवड-पउमकुसुमादीणं पम्मलेस्सा। हंस-बलायादीणं सुक्कलेस्सा। वुत्तं च—

असुरेन्द्र, सुरेन्द्र, नरेन्द्र, नागेन्द्र और मुनीन्द्र इनके समूहोंके द्वारा वन्दित ऐसे अर जिनेन्द्रके चरणोंको नमस्कार करके लेश्या अनुयोगद्वारकी प्ररूपणा करते हैं ॥ १ ॥

यहां लेश्याका निक्षेप करना चाहिये, क्योंकि, उसके विना प्रकृत लेश्याका अवगम नहीं हो सकता। उसका निक्षेप इस प्रकार है— नामलेश्या, स्थापनालेश्या, द्रव्यलेश्या और भावलेश्या इस प्रकार लेश्या चार प्रकारकी है। उनमें 'लेश्या' यह शब्द नामलेश्या कहा जाता है। सद्भावस्थापना और असद्भावस्थापना रूपसे जो लेश्याकी स्थापना की जाती है वह स्थापनालेश्या है। द्रव्यलेश्या दो प्रकारकी है— आगमद्रव्यलेश्या और नोआगमद्रव्यलेश्या। इनमें आगमद्रव्यलेश्या सुगम है। नोआगमद्रव्यलेश्या ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यलेश्याके भेदसे तीन प्रकारकी है। इनमें ज्ञायकशरीर और भावी नोआगमद्रव्यलेश्यायें सुगम हैं। चक्षु इन्द्रियके द्वारा ग्रहण करने योग्य पुद्गलस्कन्धोंके वर्णको तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यलेश्या कहते हैं। वह छह प्रकारकी है— कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, तेजलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या। उनमें कृष्णलेश्या भ्रमर, अंगार और कज्जल आदिके होती है। नीम, कदली और दावके पत्ते आदिके नीललेश्या होती है। छार, खर और कबूतर आदिके कापोतलेश्या जानना चाहिये। कुंकुम, जपाकुसुम और कसूम कुसुम आदिकी लेश्या तेजलेश्या कहलाती है। तडवडा और पद्म पुष्पादिकोंके पद्मलेश्या होती है। हंस और बलाका आदिकी शुक्ललेश्या अनुभूत है। कहा भी है—

---

१ ताप्रतौ 'चरणे' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः 'भावासब्भाव' इति पाठः।

किण्णं भमरसवण्णा णीला पुण णीलिगुणियसंकासा।
काऊ कवोदवण्णा तेऊ तवणिज्जवण्णाभा ॥ १ ॥
पम्मा पउमसवण्णा सुक्का पुण कासकुसुमसंकासा।
किण्णादिदव्वलेस्सावण्णविसेसा गुणेयव्वा ॥ २ ॥

भावलेस्सा दुविहा आगम-णोआगमभेएण। आगमभावलेस्सा सुगमा। णोआगमभावलेस्सा मिच्छत्तासंजम-कसायाणुरंजियजोगपवुत्ती कम्मपोग्गलादाणणिमित्ता, मिच्छत्तासंजम-कसायजणिदसंसकारो त्ति वुत्तं होदि। एत्थ णेगमणयवत्तव्वएण णोआगमदव्व-भावलेस्साए पयदं। तत्थ ताव दव्वलेस्सावण्णणं कस्सामो— जीवेहि अपडिगहिदपोग्गलक्खंधाणं किण्ण-णील-काउ-तेउ-पम्म-सुक्कसण्णिदाओ छलेस्साओ होंति। अणंतभागवड्ढि-असंखे० भागवड्ढि-संखे० भागवड्ढि-संखे० गुणवड्ढि-असंखे० गुणवड्ढि-अणंतगुणवड्ढिकमेण असंखे० लोगमेत्तवण्णभेदेण पोग्गलेसु ट्ठिदेसु किमट्ठं छच्चेव लेस्साओ त्ति एत्थ णियमो कीरदे? ण एस दोसो, पज्जवणयप्पणाए लेस्साओ असंखे०-लोगमेत्ताओ, दव्वट्ठियणयप्पणाए पुण लेस्साओ छच्चेव होंति।

संपहि एदासिं छण्णं लेस्साणं सरीरमस्सिदूण परूवणं कस्सामो। तं जहा— तिरिक्खजोणियाणं सरीराणि छलेस्साणि— काणिचि किण्णलेस्सियाणि काणिचि णील-

---

कृष्णलेश्या भ्रमरके सदृश, नीललेश्या नील गुणवालेके सदृश, कापोतलेश्या कबूतर जैसे वर्णवाली, तेजलेश्या सुवर्ण जैसी प्रभावाली, पद्मलेश्या पद्मके वर्ण समान, और शुक्ललेश्या कासके फूलके समान होती है। इन कृष्ण आदि द्रव्यलेश्याओंको क्रमसे उक्त वर्णविशेषों रूप जानना चाहिये ॥ १-२ ॥

आगम और नोआगमके भेदसे भावलेश्या दो प्रकारकी है। इनमें आगमभावलेश्या सुगम है। कर्म-पुद्गलोंके ग्रहणमें कारणभूत जो मिथ्यात्व, असंयम और कषायसे अनुरंजित योगप्रवृत्ति होती है उसे नोआगमभावलेश्या कहते हैं। अभिप्राय यह है कि मिथ्यात्व, असंयम और कषायसे उत्पन्न संस्कारका नाम नोआगमभावलेश्या है। यहां नैगम नयके कथनकी अपेक्षा नोआगम द्रव्यलेश्या और भावलेश्या प्रकृत हैं। उनमें पहिले द्रव्यलेश्याका वर्णन करते हैं— जीवोंके द्वारा अप्रतिगृहीत पुद्गलस्कन्धोंकी कृष्ण, नील, कापोत, तेज, पद्म और शुक्ल संज्ञावाली छह लेश्यायें होती हैं।

शंका— अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धिके क्रमसे असंख्यात लोक प्रमाण वर्णोंके भेदसे पुद्गलोंके स्थित रहनेपर 'छह ही लेश्यायें हैं' ऐसा नियम किसलिये किया जाता है?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि यद्यपि पर्यायार्थिक नयकी विवक्षासे लेश्यायें असंख्यात लोक मात्र हैं, परन्तु द्रव्यार्थिक नयकी विवक्षासे वे लेश्यायें छह ही होती हैं।

अब शरीरका आश्रय करके इन छह लेश्याओंकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— तिर्यंच योनिवाले जीवोंके शरीर छहों लेश्यावाले होते हैं— कितने ही शरीर कृष्णलेश्यावाले,

लेस्सियाणि काणिचि काउ० काणिचि तेउ० काणिचि पम्म० काणिचि सुक्कलेस्सियाणि त्ति[1]। तिरिक्खजोणिणीणं मणुस्साणं मणुस्सिणीणं च छच्चेव लेस्साओ। देवाणं मूलणिव्वत्तणादो तेउ-पम्म-सुक्काणि त्ति तिलेस्साणि सरीराणि, उत्तरणिव्वत्तणादो छलेस्साणि सरीराणि। देवीणं मूलणिव्वत्तणादो तेउलेस्साणि सरीराणि, उत्तरणिव्वत्तणादो छलेस्साणि। णेरइयाणं किण्णलेस्साणि। पुढविकाइयाणं छलेस्साणि। आउकाइयाणं सुक्कलेस्साणि। अगणिकाइयाणं तेउलेस्साणि। वाउकाइयाणं काउलेस्साणि। वणप्फदिकाइयाणं छलेस्साणि। सव्वेसिं सुहुमाणं सरीराणि काउलेस्साणि। जहा बादरपज्जत्ताणं तहा बादर-अपज्जत्ताणं[2]। ओरालियसरीराणि छलेस्साणि। वेउव्वियं मूलणिव्वत्तणादो किण्णलेस्सियं तेउले० पम्मले० सुक्कले० वा। तेजइयं तेउले०[3]। कम्मइयं सुक्कलेस्सियं। सरीरेसु सव्ववण्णपोग्गलेसु संतेसु कधमेदस्स सरीरस्स एसा चेव लेस्सा होदि त्ति णियमो? ण एस दोसो, उक्कट्ठवण्णं पडुच्च तण्णिद्देसादो। तं जहा— कालयवण्णुक्कट्ठं जं सरीरं तं

कितने ही नीललेश्यावाले, कितने ही कापोतलेश्यावाले, कितने ही तेजलेश्यावाले, कितने ही पद्मलेश्यावाले, और कितने ही शुक्ललेश्यावाले होते हैं। तिर्यंच योनिमतियों, मनुष्यों और मनुष्यनियोंके भी छहों लेश्यायें होती हैं। देवोंके शरीर मूल निर्वतनाकी अपेक्षा तेज, पद्म और शुक्ल इन तीन लेश्याओंसे युक्त होते हैं। परन्तु उत्तर निर्वतनाकी अपेक्षा उनके शरीर छहों लेश्याओंसे संयुक्त होते हैं। देवियोंके शरीर मूल निर्वतनाकी अपेक्षा तेजलेश्यासे संयुक्त होते हैं, परन्तु उत्तर निर्वतनाकी अपेक्षा वे छहों लेश्याओंमेंसे किसी भी लेश्यासे संयुक्त होते हैं। नारकियोंके शरीर कृष्णलेश्यासे युक्त होते हैं। पृथिवीकायिकोंके शरीर छहों लेश्याओंमें किसी भी लेश्यासे संयुक्त होते हैं। अप्कायिक जीवोंके शरीर शुक्ललेश्यावाले होते हैं। अग्निकायिक जीवोंके शरीर तेजलेश्यासे युक्त होते हैं। वायुकायिकोंके शरीर कापोत-लेश्यावाले तथा वनस्पतिकायिकोंके शरीर छहों लेश्यावाले होते हैं। सब सूक्ष्म जीवोंके शरीर कापोतलेश्यासे संयुक्त होते हैं। बादर अपर्याप्तोंके शरीर बादर पर्याप्तोंके समान लेश्यावाले होते हैं। औदारिकशरीर छह लेश्या युक्त होते हैं। वैक्रियिकशरीर मूलनिर्वतनाकी अपेक्षा कृष्णलेश्या, तेजलेश्या, पद्मलेश्या अथवा शुक्ललेश्यासे संयुक्त होता है। तैजसशरीर तेजलेश्यावाला तथा कार्मणशरीर शुक्ललेश्यावाला होता है।

शंका— शरीर तो सब वर्णवाले पुद्गलोंसे संयुक्त होते हैं; फिर इस शरीरकी यही लेश्या होती है, ऐसा नियम कैसे हो सकता है?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि उत्कृष्ट वर्णकी अपेक्षा वैसा निर्देश किया

१ अप्रतौ 'सुक्कलेस्सिया त्ति' इति पाठः।

२ णिरया किण्हा कप्पा भावाणुगया हु तिसुर-णर-तिरिये। उत्तरदेहे छक्कं भोगे रवि-चंद-हरिदंगा ॥ बादर-आउ तेऊ सुक्का तेऊ य वाउकायाणं। गोमुत्त-मुग्गवण्णा कमसो अव्वत्तवण्णो य ॥ सव्वेसिं सुहुमाणं कावोदा सव्वविग्गहे सुक्का। सव्वो मिस्सो देहो कवोदवण्णो हवे णियमा ॥ गो. जी. ४९५–९७.

३ ताप्रतौ 'तेउलेस्सियं तेजइयं' इति पाठः।

किण्णलेस्सियं। णीलवण्णुक्कट्ठं जं तं णीललेस्सियं। लोहियवण्णुक्कट्ठं जं सरीरं तं तेउलेस्सियं। हालिद्दवण्णुक्कट्ठं पम्मलेस्सियं। सुक्किलवण्णुक्कट्ठं सुक्कलेस्सियं। एदेहि वण्णेहि वज्जिय वण्णंतरावण्णं काउलेस्सियं।

संपहि य लेस्सावंतचक्खुप्पासदव्वस्स गुणाणमप्पाबहुअं कीरदे। तं जहा— किण्णलेस्सदव्वस्स सुक्किलगुणा थोवा, हालिद्दया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा, णीलया अणंतगुणा, कालया अणंतगुणा। णीललेस्सदव्वस्स सुक्किलगुणा थोवा, हालिद्दया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा, कालया अणंतगुणा, णीलया अणंतगुणा। काउलेस्सिए तिण्णिवियप्पा। तं जहा— सुक्किला थोवा, हालिद्दया अणंतगुणा, कालया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा, णीलया अणंतगुणा। बिदियवियप्पो उच्चदे— सुक्किला थोवा, कालया अणंतगुणा, हालिद्दया अणंतगुणा, णीलया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा। तदियवियप्पो उच्चदे— कालया थोवा, सुक्किला अणंतगुणा, णीलया अणं० गुणा, हालिद्दया अणंतगु०, लोहिदया अणंतगुणा। तेउलेस्सिएसु कालगुणा थोवा, णीलया अणंतगुणा, सुक्किला अणंतगुणा, हालिद्दया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा। पम्माए तिण्णिवियप्पा। त[1] जहा— कालया थोवा, णीलया अणंतगुणा, सुक्किलया अणंतगुणा,

गया है। यथा— जिस शरीरमें श्याम वर्णकी उत्कृष्टता है वह कृष्णलेश्या युक्त कहा जाता है। जिसमें नील वर्णकी प्रधानता है वह नीललेश्यावाला, लोहित-वर्णकी प्रधानता युक्त जो शरीर है वह तेजलेश्यावाला, हरिद्रा वर्णकी उत्कर्षता युक्त शरीर पद्मलेश्यावाला, तथा शुक्ल वर्णकी प्रधानता युक्त शरीर शुक्ललेश्यावाला कहा जाता है। इन वर्णोंको छोड़कर वर्णान्तरको प्राप्त हुए शरीरको कापोतलेश्यावाला समझना चाहिये।

अब चक्षुसे ग्रहण किये जानेवाले लेश्यायुक्त द्रव्यके गुणोंके अल्पबहुत्वको बतलाते हैं। यथा— कृष्णलेश्यायुक्त द्रव्यके शुक्ल गुण स्तोक, हारिद्र गुण अनन्तगुण, लोहित गुण अनन्तगुणे, नील गुण अनन्तगुणे, और श्याम गुण अनन्तगुणे होते हैं। नीललेश्यायुक्त द्रव्यके शुक्ल गुण स्तोक, हारिद्र गुण अनन्तगुणे, लोहित गुण अनन्तगुणे, श्याम गुण अनन्तगुणे, और नील गुण अनन्तगुणे होते हैं।

कापोतलेश्यावालेके विषयमें तीन विकल्प हैं। यथा —उसके शुक्ल गुण स्तोक हैं, हारिद्र गुण अनन्तगुणे हैं, श्याम गुण अनन्तगुणे हैं, लोहित गुण अनन्तगुणे हैं, और नील गुण अनन्तगुणे हैं। द्वितीय विकल्पका कथन करते हैं— शुक्ल गुण स्तोक हैं, श्याम गुण अनन्तगुणे हैं, हारिद्र गुण अनन्तगुणे हैं, नील गुण अनन्तगुणे हैं, और लोहित गुण अनन्तगुणे हैं। तृतीय विकल्पका कथन करते हैं— श्याम गुण स्तोक हैं, शुक्ल गुण अनन्तगुणे हैं, नील गुण अनन्तगुणे हैं, हारिद्र गुण अनन्तगुणे हैं, और लोहितगुण अनन्तगुणे हैं।

तेजलेश्यावालोंमें श्याम गुण स्तोक, नील गुण अनन्तगुणे, शुक्ल गुण अनन्तगुणे, हारिद्र गुण अनन्तगुणे, और लोहित गुण अनन्तगुणे होते हैं। पद्मलेश्यावालेके विषयमें तीन विकल्प हैं। यथा— प्रथम विकल्पके अनुसार श्याम गुण स्तोक, नील गुण अनन्तगुणे, शुक्ल

१ अ-काप्रत्योः 'वियप्पा जहा' इति पाठः।

लोहिदया अणंतगुणा, हालिद्दया अणंतगुणा, बिदियवियप्पो उच्चदे— कालया थोवा, णीलया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा, सुक्किलया अणंतगुणा, हालिद्दया अणंतगुणा। तदियवियप्पो वुच्चदे। तं जहा— कालया थोवा, णीलया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा, हालिद्दया अणंतगुणा, सुक्किला अणंतगुणा[1]। णादिविकत्थेण गारेण एगा सुक्कुक्कदा[2] पम्मा (?)। सुक्काए[3] एक्को वियप्पो, तं जहा— कालया थोवा, णीलया अणंतगुणा, लोहिदया अणंतगुणा, हालिद्दया अणंतगुणा। सुक्किला वियट्ठेण अणंतगुणा। एवं किण्णाए एक्को वियप्पो, णीलाए एक्को, काऊए तिण्णि, तेऊए एक्को, पम्माए तिण्णि, सुक्काए एक्को। काउलेस्सा णियमा दुट्ठाणिया, सेसाओ लेस्साओ दुट्ठाण-तिट्ठाण-चदुट्ठाणियाओ। एवं दव्वलेस्सा परूविदा।

संपहि भावलेस्सा वुच्चदे। तं जहा— मिच्छत्तासंजम-कसाय-जोगजणिदो जीवसंसकारो भावलेस्सा णाम। तत्थ जो तिव्वो सा काउलेस्सा। जो तिव्वयरो सा णीललेस्सा। जो तिव्वतमो सा किण्णलेस्सा। जो मंदो सा तेउलेस्सा। जो मंदयरो सा पम्मलेस्सा। जो मंदतमो सा सुक्कलेस्सा। एदाओ छप्पि लेस्साओ अणंतभागवड्ढि-असंखे०भागवड्ढि-संखे०भागवड्ढि-संखे०गुणवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढि-

---

गुण अनन्तगुणे, लोहित गुण अनन्तगुणे, और हारिद्र गुण अनन्तगुणे होते हैं। द्वितीय विकल्पके अनुसार श्याम गुण स्तोक, नील गुण अनन्तगुणे, लोहित गुण अनन्तगुणे, शुक्ल गुण अनन्तगुणे, और हारिद्र गुण अनन्तगुणे होते हैं। तृतीय विकल्पके अनुसार श्याम गुण स्तोक, नील गुण अनन्तगुणे, लोहित गुण अनन्तगुणे, हारिद्र गुण अनन्तगुणे, और शुक्ल गुण अनन्तगुणे होते हैं। अन्तमें गौर वर्णकी विशेषता होनेसे तीसरे विकल्पमें इसे शुक्लोत्कृष्ट कहते हैं।

शुक्ललेश्याके विषयमें एक विकल्प है। यथा— श्याम गुण स्तोक हैं, नील गुण अनन्तगुणे हैं, लोहित गुण अनन्तगुणे हैं, हारिद्र गुण अनन्तगुणे हैं, और शुक्ल उत्कटगुण अनन्तगुणे हैं। इस प्रकार कृष्णलेश्याके एक, नीललेश्याके एक, कापोतके तीन, तेजके एक, पद्मके तीन और शुक्लके एक; इतने इन द्रव्यलेश्याओंके विषयमें अल्पबहुत्वके विकल्प हैं।

कापोतलेश्या नियमसे द्विस्थानिक तथा शेष लेश्यायें द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक व चतुःस्थानिक हैं। इस प्रकार द्रव्य लेश्याकी प्ररूपणा की गयी है।

अब भावलेश्याका कथन करते हैं। यथा— मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योगसे उत्पन्न हुए जीवके संस्कारको भावलेश्या कहते हैं। उसमें जो तीव्र संस्कार है उसे कापोतलेश्या, उससे जो तीव्रतर संस्कार है उसे नीललेश्या, और जो तीव्रतम संस्कार है उसे कृष्णलेश्या कहा जाता है। जो मन्द संस्कार है उसे तेजलेश्या, जो मन्दतर संस्कार है उसे पद्मलेश्या, और जो मन्दतम संस्कार है उसे शुक्ललेश्या कहते हैं। इन छहों लेश्याओंमेंसे प्रत्येक अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्त-

---

१ काप्रतौ 'सुक्किला वियट्ठेण अणंतगुणा' इति पाठः। २ मप्रतौ 'सुक्कुक्कदा' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'सुक्कुक्कदा। (?) पम्मा-सुक्काए' इति पाठः।

अणंतगुणवड्ढिकमेण पादेक्कं[1] छट्ठाणपदिदाओ।

काउलेस्सा णियमा दुट्ठाणिया, सेसाओ लेस्साओ दुट्ठाण-तिट्ठाण-चदुट्ठाणियायो।

एत्थ तिव्व-मंददाए अप्पाबहुअं। तं जहा— सव्वमंदाणुभागं जहण्णयं काउट्ठाणं। णीलाए जहण्णयमणंतगुणं। किण्णाए जहण्णयमणंतगुणं। तेऊए जहण्णयमणंतगुणं। पम्माए जहण्णयमणंतगुणं। सुक्काए जहण्णयमणंतगुणं। काऊए उक्कस्सयमणंतगुणं। णीलाए उक्कस्सयमणंतगुणं। किण्णाए उक्कस्सयमणंतगुणं। तेऊए उक्कस्सयमणंतगुणं। पम्माए उक्कस्सयमणंतगुणं। सुक्काए उक्कस्सयमणंतगुणं। एवं लेस्से त्ति समत्तमणियोगद्दारं।

गुणवृद्धिके क्रमसे छह स्थानोंमें पतित है।

कापोतलेश्या नियमसे द्विस्थानिक तथा शेष लेश्यायें द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक व चतुस्थानिक हैं।

यहां तीव्रता और मन्दताका अल्पबहुत्व इस प्रकार है— कापोतका जघन्य स्थान सबसे मन्द अनुभागसे संयुक्त है। नीललेश्याका जघन्य स्थान उससे अनन्तगुणा है। कृष्णलेश्याका जघन्य स्थान अनन्तगुणा है। तेजलेश्याका जघन्य स्थान अनन्तगुणा है। पद्मलेश्याका जघन्य स्थान अनन्तगुणा है। शुक्ललेश्याका जघन्य स्थान अनन्तगुणा है। कापोतका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। नीलका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। कृष्णका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। तेजका उत्कृष्ट स्थान अनतगुणा है। पद्मका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। शुक्लका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। इस प्रकार लेश्या-अनुयोद्वार समाप्त हुआ।

---

१ प्रतिषु 'पादेक्क' इति पाठः।

१४

लेस्साकम्माणियोगद्दारं

कुंथुमहंतं संथुवमणंतणाणं[1] अणाइ-मज्झंतं ।
णमिऊण लेस्सयम्मं अणियोगं वण्णइस्सामो ।। १ ।।

[लेस्साओ] किण्णादियाओ[2], तासिं कम्मं[3] मारण-विदारण-चूरणादि[4]किरिया-विसेसो, तं लेस्सायम्मं वत्तइस्सामो । तं जहा— किण्णलेस्साए परिणदजीवो णिद्दयो कलहसीलो रउद्दो अणुबद्धवेरो चोरो चप्पलओ पारदारियो[5] महु-मांस-सुरापसत्तो जिणसासणे अदिण्णकण्णो असंजमे मेरु व्व अविचलियसरूवो होदि । वुत्तं च—

चंडो ण मुवइ वेरं भंडणसीलो य धम्मदयरहिओ ।
दुट्ठो ण य एइ वसं किण्णाए संजुओ जीवो[6] ।। १ ।।

दावण्णादिसु पादवविवज्जियं णिव्विण्णाणं[7] णिब्बुद्धिं[8] माण-मायबहुलं णिद्दालुअं सलोहं हिंसादिसु मज्झिमज्झवसायं कुणइ णीललेस्सा । वुत्तं च—

मंदो बुद्धीहीणो णिव्विण्णाणी य विसयलोलो य ।
माणी मायी य तहा आलस्सो चेव भेज्जो[9] य ।। २ ।।

इन्द्रादिकोंसे संस्तुत, अनन्तज्ञानी, महान् और आदि मध्य व अन्तसे रहित ऐसे कुंथु जिनेन्द्रको नमस्कार करके लेश्याकर्म अनुयोगद्वारका कथन करते हैं ।। १ ।।

लेश्यायें कृष्णादिक हैं; उनका कर्म जो मारण, विदारण और चोरी आदि क्रियाविशेष रूप है वह लेश्याकर्म कहलाता है ; उस लेश्याकर्मका कथन करते हैं । वह इस प्रकार है— कृष्ण-लेश्यासे परिणत जीव निर्दय, झगड़ालु, रौद्र, वैरकी परम्परासे संयुक्त, चोर, असत्यभाषी, पर-दाराका अभिलाषी, मधु मांस व मद्यमें आसक्त, जिनशासनके श्रवणमें कानको न देनेवाला, और असंयममें मेरुके समान स्थिर स्वभाववाला होता है । कहा भी है—

कृष्णलेश्यासे संयुक्त जीव तीव्रक्रोधी, वैरको न छोड़नेवाला, गाली देने रूप स्वभावसे सहित, दयाधर्मसे रहित, दुष्ट, और दूसरोंके वशमें न आनेवाला होता है ।। १ ।।

नीललेश्या जीवको दावण्ण आदिकोंमें पादवसे रहित (?), विवेक रहित, बुद्धिविहीन, मान व मायाकी अधिकतासे सहित, निद्रालु, लोभसंयुक्त, और हिंसादि कर्मोंमें मध्यम अध्यवसायसे युक्त करती है । कहा भी है—

जीव नीललेश्याके वशमें होकर मन्द, बुद्धिविहीन, विवेकसे रहित, विषयलोलुप,

---

१ प्रतिषु 'संथुवमणंतगुणाणं' इति पाठः । २ ताप्रतौ 'किण्णदियाओ' इति पाठः ।
३ प्रतिषु 'कम्माणं' इति पाठः । ४ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-का-ताप्रतिषु 'चोरणादि' इति पाठः ।
५ प्रतिषु 'पारारियो' इति पाठः । ६ गो. जी. ५०८.
७ अ-काप्रत्योः 'णिव्विण्णाण', ताप्रतौ 'णिव्विण्णाणी' इति पाठः । ८ अ-काप्रत्योः 'णिब्बुद्धि', ताप्रतौ 'णिब्बुद्धी' इति पाठः । ९ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-का-ताप्रतिषु 'चेव भुज्जो' इति पाठः ।

णिद्दावंचणबहुलो धणधण्णे[1] होइ तिव्वसण्णाओ
णीलाए लेस्साए वसेण जीवो हु पारंभो[2] ॥ ३ ॥

किण्णलेस्साए वुत्तसव्वकज्जेसु जहण्णुज्जमं[3] काउलेस्सा कुणइ । वुत्तं च—

रूसइ णिंदइ अण्णे दूसइ बहुसो य सोय-भयबहुलो ।
असुअइ परिहवइ परं पसंसइ य अप्पयं बहुसो ॥ ४ ॥

ण य पत्तियइ परं सो अप्पाणं पि व परे वि मण्णंतो ।
तूसइ[4] अहित्थुवंतो ण य जाणइ हाणि-वड्ढीयो ॥ ५ ॥

मरणं पत्थेइ रणे देइ सुबहुअं पि थुव्वमाणो[5] दु ।
ण गणइ कज्जमकज्जं काऊए पेरियो जीवो[6] ॥ ६ ॥

अहिंसयं महु-मांस-सुरासेवावज्जियं[7] सच्चमइं चत्तचोरियं-परयारं[8] एदेसु कज्जेसु जहण्णुज्जमं जीवं तेउलेस्सा कुणइ । वुत्तं च—

जाणइ कज्जमकज्जं सेयमसेयं च सव्वसमपासी ।
दय-दाणरओ मउओ तेऊए कीरए जीवो[9] ॥ ७ ॥

अभिमानी, मायाचारी, आलसी, अभेद्य, निद्रा (या निन्दा) व धोखेबाजीमें अधिक, धन-धान्यमें तीव्र अभिलाषा रखनेवाला, तथा अधिक आरम्भको करनेवाला होता है ॥ २-३ ॥

कापोतलेश्या जीवको कृष्णलेश्याके सम्बन्धमें ऊपर कहे गये समस्त कार्योंमें जघन्य उद्यमशील करती है । कहा भी है—

यह जीव कापोतलेश्यासे प्रेरित होकर रुष्ट होता है; दूसरोंकी निन्दा करता है, उन्हें बहुत प्रकारसे दोष लगाता है, प्रचुर शोक व भयसे संयुक्त होता है, दूसरोंसे असूया (ईर्षा) करता है, परका तिरस्कार करता है, अपनी अनेक प्रकारसे प्रशंसा करता है, वह अपने ही समान दूसरोंको भी समझता हुआ अन्यका कभी विश्वास नहीं करता है, अपनी प्रशंसा करनेवालोंसे संतुष्ट होता है, हानि-लाभको नहीं जानता है, युद्धमें मरणकी प्रार्थना करता है, दूसरोंके द्वारा प्रशंसित होकर उन्हें बहुतसा पारितोषिक देता है, तथा कर्तव्य और अकर्तव्यके विवेकसे रहित होता है ॥ ४-६ ॥

तेजलेश्या अहिंसक, मधु मांस व मद्यके सेवनसे रहित, सत्यबुद्धि तथा चोरी व परदाराका त्यागी; इन कार्योंमें जीवको जघन्य उद्यमवाला करती है । कहा भी है—

तेजलेश्या जीवको कर्तव्य-अकर्तव्य तथा सेव्य-असेव्यका जानकार, समस्त जीवोंको समान समझनेवाला, दया-दानमें लवलीन, और सरल करतो है ॥ ७ ॥

---

१ प्रतिषु 'वणवण्णो' इति पाठः । २ गो. जी. ५०९-१०.
३ अ-काप्रत्योः 'जहण्णुजुमं' इति पाठः । ४ अप्रतौ 'तूसहि' इति पाठः ।
५ अ-काप्रत्योः 'धुव्वमाणो' इति पाठः । ६ गो. जी. ५११-१३.
७ ताप्रतौ 'मांससेवासुरावज्जियं' इति पाठः । ८ प्रतिषु 'सच्चमइच्चत्तचोरिय' इति पाठः ।
९ गो. जी. ५१४.

अहिंसादिसु कज्जेसु जीवस्स मज्झिमुज्जमं[1] पम्मलेस्सा कुणइ। वुत्तं च—

चाई भद्दो[2] चोक्खो उज्जुवकम्मो य खमइ बहुअं पि।
साहु-गुरुपूजणरओ पम्माए परिणओ जीवो[3] ॥ ८ ॥

अहिंसाइसु कज्जेसु तिव्वुज्जमं सुक्कलेस्सा कुणइ। वुत्तं च—

ण य कुणइ पक्खवायं ण वि य[4] णिदाणं समो य सव्वेसु।
णत्थि य राग-द्दोसा[5] णेहो वि य सुक्कलेस्साए[6] ॥ ९ ॥

एवं दव्वलेस्साए वि कज्जाणं परूवणा जाणिदूण कायव्वा। एवं लेस्सायम्मे त्ति समत्तमणियोगद्दारं।

पद्मलेश्या जीवको उपर्युक्त अहिंसादि कार्योंमें मध्यम उद्यम करनेवाला करती है। कहा भी है—

पद्मलेश्यामें परिणत जीव त्यागी, भद्र, चोखा (पवित्र), ऋजुकर्मा (निष्कपट), भारी अपराधको भी क्षमा करनेवाला तथा साधुपूजा व गुरुपूजामें तत्पर रहता है ॥ ८ ॥

शुक्लेश्या उक्त अहिंसादि कार्योंमें तीव्र उद्यमशील करती है। कहा भी है—

शुक्ललेश्याके होनेपर जीव न पक्षपात करता है और न निदान भी करता है, वह सब जीवोंमें समान रहकर राग, द्वेष व स्नेहसे रहित होता है ॥ ९ ॥

इसी प्रकार द्रव्यलेश्याके कार्योंकी भी प्ररूपणा जानकर करना चाहिये। इस प्रकार लेश्या-कर्म अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

---

१ अ-काप्रत्योः 'मज्झिमुज्जुमं' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः 'भंडो' इति पाठः। ३ गो. जी. ५१५. तत्थ 'खवइ' इत्येतस्य स्थाने 'खमदि' इति पाठः। ४ अ-काप्रत्योः 'ण रि य' इति पाठः। ५ अ-काप्रत्योः 'रागं दोसा', ताप्रतौ 'रागं दोसो' इति पाठः। ६ गो. जी. ५१६.

१५

लेस्सापरिणामाणियोगद्दारं

अहिणंदणमहिवंदिय अहिणंदियतिहुवणं सुहत्तीए ।
लेस्सपरिणामसण्णियमणियोगं वण्णइस्सामो ॥१॥

लेस्सापरिणामे त्ति अणियोगदारं काओ लेस्साओ[1] केण सरूवेण काए वड्ढीए हाणीए वा परिणमंति त्ति जाणावणट्ठमागयं । किण्णलेस्साए ताव परिणमणविहाणं वुच्चदे । तं जहा— किण्णलेस्सियो संकिलिस्समाणो ण अण्णं संकमदि, सट्ठाणे चेव छट्ठाणपदिदेण ठाणसंकमणेण वड्ढदि[2] । किं छट्ठाणपदिदत्तं ? जत्तो ठाणादो संकिलिट्ठो तत्तो ट्ठाणादो अणंतभागब्भहिया असंखेज्जभागब्भहिया संखेज्जभागब्भहिया संखेज्जगुणब्भहिया असंखेज्ज-गुणब्भहिया अणंतगुणब्भहिया वा लेस्सा होज्ज, एदं छट्ठाणपदिदत्तं । विसुज्झमाणो सट्ठाणे अणंतभागहाणि-असंखे०भागहाणि-संखे० भागहाणि-संखे० गुणहाणि-असंखे० गुणहाणि-अणंतगुणहाणि त्ति छट्ठाणपदिदेण हायदि, णीललेस्साए अणंतगुणहीणेण संकमदि । एवं किण्णलेस्सस्स संकिलेसमाणस्स एक्को वियप्पो किण्णलेस्सवड्ढीए ।

तीनों लोकोंको आनन्दित करनेवाले अभिनन्दन जिनेन्द्रकी अतिशय भक्तिपूर्वक वन्दना करके 'लेश्यापरिणाम' संज्ञावाले अनुयोगद्वारका वर्णन करते हैं ॥ १ ॥

कौन लेश्यायें किस स्वरूपसे और किस वृद्धि अथवा हानिके द्वारा परिणमन करती हैं, इस बातके ज्ञापनार्थ 'लेश्यापरिणाम' अनुयोगद्वार प्राप्त हुआ है । उनमें पहिले कृष्णलेश्याके परिणमनविधानका कथन करते हैं । यथा— कृष्णलेश्यावाला जीव संक्लेशको प्राप्त होता हुआ अन्य लेश्यामें परिणत नहीं होता है, किन्तु षट्स्थानपतित स्थानसंक्रमण द्वारा स्वस्थानमें ही वृद्धिको प्राप्त होता है ।

शंका—षट्स्थानपतितका क्या स्वरूप है ?

समाधान—जिस स्थानसे संक्लेशको प्राप्त हुआ है उस स्थानसे अनन्तभाग अधिक, असंख्यातभाग अधिक, संख्यातभाग अधिक, संख्यातगुणी अधिक, असंख्यातगुणी अधिक और अनन्तगुणी अधिक लेश्याका होना; इसका नाम षट्स्थानपतित है ।

उक्त कृष्णलेश्यावाला जीव विशुद्धिको प्राप्त होता हुआ अनन्तभागहानि, असंख्यातभाग-हानि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणहानि, असंख्यातगुणहानि और अनन्तगुणहानि; इस प्रकार षट्स्थानपतित स्वरूपसे स्वस्थानमें हानिको प्राप्त होता है । वही अनन्तगुणहानिके द्वारा नीललेश्यारूपसे परिणत होता है । इस प्रकार संक्लेशको प्राप्त होनेवाले कृष्णलेश्या युक्त

---

१ ताप्रतौ 'काउलेस्साओ' इति पाठः । २ संकमणं सट्ठाण-परट्ठाणं होदि किण्ण-सुक्काणं । वड्ढीसु हि सट्ठाणं उभयं हाणिम्मि सेस उभये वि ॥ लेस्साणुक्कस्सादो वरहाणी अवरगादवरवड्ढी । सट्ठाणे अवरादो हाणी णियमा परट्ठाणे ॥ संकमणे छट्ठाणा हाणिसु वड्ढीसु होंति तण्णामा । परिमाणं च य पुव्वं उत्तकमं होदि सुदणाणे ॥ गो. जी. ५०३-५०५ ॥

विसुज्झमाणस्स दो वियप्पा— किण्णलेस्सहाणीए एक्को, णीललेस्ससंकमे बिदियो[1] चेव। एवं किण्णलेस्सस्स परिणमणविहाणं समत्तं।

संपहि णीललेस्सस्स वुच्चदे— णीललेस्सादो संकिलिस्संतो णीललेस्सं छट्ठाणपदिदेण वड्ढिसंकमट्ठाणेण संकमेइ[2], अधवा किण्णलेस्सं अणंतगुणवड्ढिकमेण परिणमदि। एवं संकिलेसंतस्स दो वियप्पा। णीललेस्सादो[3] विसुज्झंतो णीललेस्साए छट्ठाणपदिदाए हाणीए हायदि, काउलेस्साए अणंतगुणहीणहाणीए[4] वि हायमाणो परिणमदि। एवं णीललेस्सादो विसुज्झमाणस्स दो वियप्पा। एवं णीललेस्सस्स परिणमणविहाणं समत्तं।

काउलेस्सस्स वुच्चदे। तं जहा— काउलेस्सियो संकिलिस्संतो सट्ठाणे अणियमेण[5] छट्ठाणपदिदाए वड्ढीए वड्ढदि, णीललेस्साए अणंतगुणवड्ढीए णियमेण परिणमदि। एवं संकिलिस्संतस्स दो वियप्पा। काउलेस्सियो विसुज्झमाणो सट्ठाणे छट्ठाणपदिदाए हाणीए हायदि, तेउलेस्सिए अणंतगुणहीणहाणीए परिणमदि। एवं विसुज्झमाणस्स दो वियप्पा। काउलेस्सस्स संकमणविहाणं समत्तं।

तेउलेस्सिओ[6] संकिलिस्संतो सत्थाणे छट्ठाणपदिदाए हाणीए हायदि, काउलेस्साए

जीवका कृष्णलेश्याकी वृद्धि द्वारा एक विकल्प होता है। उसीके विशुद्धिको प्राप्त होनेपर दो विकल्प होते हैं— कृष्णलेश्याकी हानिसे एक, और नीललेश्याके संक्रममें दूसरा विकल्प होता है। इस प्रकार कृष्णलेश्यावाले जीवका परिणमनविधान समाप्त हुआ।

अब नीललेश्यावाले जीवके परिणमनविधानका कथन करते हैं— नीललेश्यासे संक्लेशको प्राप्त होता हुआ षट्स्थानपतित वृद्धिसंक्रमस्थानके द्वारा नीललेश्यामें ही संक्रमण करता है। अथवा वह अनन्तगुणवृद्धिके क्रमसे कृष्णलेश्यामें परिणत होता है। इस प्रकार संक्लेशको प्राप्त होनेपर दो विकल्प होते हैं। नीललेश्यासे विशुद्धिको प्राप्त होनेवाला षट्स्थानपतित हानिके द्वारा नीललेश्याकी हानिको प्राप्त होता है। वही अनन्तगुणहीन हानिके द्वारा हानिको प्राप्त होता हुआ कापोतलेश्या रूपसे परिणत होता है। इस प्रकार नीललेश्यासे विशुद्धिको प्राप्त होनेवालेके दो विकल्प हैं। इस प्रकार नीललेश्यावालेका परिणमनविधान समाप्त हुआ।

कापोतलेश्यावालेके परिणमनका विधान कहते हैं। यथा— कापोतलेश्यावाला संक्लेशको प्राप्त होता हुआ अनियमसे षट्स्थानपतित वृद्धिके द्वारा वृद्धिगत होता है। वही अनन्तगुणवृद्धिके द्वारा नियमसे नीललेश्यामें परिणत होता है। इस प्रकार संक्लेशको प्राप्त हुए कापोतलेश्यायुक्त जीवके दो विकल्प हैं। कापोतलेश्यावाला विशुद्धिको प्राप्त होता हुआ षट्स्थानपतित हानिके द्वारा स्वस्थानमें हानिको प्राप्त होता है। वही अनन्तगुणहीन हानि द्वारा तेजलेश्यामें परिणत होता है। इस प्रकार विशुद्धिको प्राप्त होते हुए कापोतलेश्यावालेके दो विकल्प हैं। कापोतलेश्यावालेके संक्रमणका विधान समाप्त हुआ।

तेजलेश्यावाला जीव संक्लेशको प्राप्त होकर षट्स्थानपतित हानिके द्वारा स्वस्थानमें

---

१ अ-काप्रत्योः 'बिदिया' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः 'संकमे' इति पाठः। ३ अ-काप्रत्योः 'णीललेस्सा' इति पाठः। ४ अ-काप्रत्योः 'हीणाहाणीए' इति पाठः। ५ ताप्रतौ 'अ णियमेण' इति पाठः। ६ अ-काप्रत्योः 'तेउलेस्सिए' इति पाठः।

अणंतगुणहीणहाणीए परिणमइ। एवं तेउलेस्सस्स संकिलिस्संतस्स दो वियप्पा। तेउ-लेस्सिओ विसुज्झमाणो सत्थाणे छट्ठाणपदिदाए वड्ढीए वड्ढदि, पम्मलेस्साए अणंत-गुणवड्ढीए परिणमइ। एवं तेउलेस्सस्स परिणमणविहाणं समत्तं।

संपहि पम्मलेस्साए वुच्चदे। तं जहा— पम्मलेस्सियो विसुज्झमाणो सत्थाणे छट्ठाणपदिदाए वड्ढीए वड्ढदि, सुक्कलेस्साए अणंतगुणवड्ढीए परिणमदि। संकिलिस्समाणओ पम्मलेस्सिओ सट्ठाणे छट्ठाणपदिदाए हाणीए हायदि, तेउलेस्साए अणंतगुणहाणीए हायदि। एवं पम्मलेस्सस्स परिणमणविहाणं समत्तं।

सुक्कलेस्साए उच्चदे। तं जहा— सुक्कलेस्सियो संकिलिस्समाणो सत्थाणे छट्ठाण-पदिदाए हाणीए हायदि, पम्मलेस्साए अणंतगुणहीणहाणीए परिणमइ। एवं संकिलिस्संतस्स दो वियप्पा। सुक्कलेस्सियो विसुज्झमाणो सट्ठाणे छट्ठाणपदिदाए वड्ढीए वड्ढदि, अण्णलेस्ससंकमो णत्थि। सुक्कलेस्सस्स विसुज्झमाणस्स एक्को चेव वियप्पो। एवं सुक्कलेस्साए परिणमणविहाणं समत्तं।

संकम-पडिग्गहाणं जहण्णुक्कस्सयाणं तिव्व-मंददाए एत्थ अप्पाबहुअं कायव्वं।

हीनताको प्राप्त होता है, वही अनन्तगुणहीन हानिके द्वारा कापोतलेश्यासे परिणत होता है। इस प्रकार संक्लेशको प्राप्त होनेवाले तेजलेश्या युक्त जीवके दो विकल्प हैं। तेजलेश्यायुक्त जीव विशुद्धिको प्राप्त होता हुआ षट्स्थानपतित वृद्धिके द्वारा स्वस्थानमें वृद्धिको प्राप्त होता है, वही अनन्तगुणवृद्धिके द्वारा पद्मलेश्यासे परिणत होता है। [इस प्रकार विशुद्धिको प्राप्त होनेवाले तेजलेश्यायुक्त जीवके दो विकल्प हैं।] इस प्रकार तेजलेश्यायुक्त जीवके परिणमनका विधान समाप्त हुआ।

अब पद्मलेश्याके परिणमनविधानका कथन करते हैं। यथा— पद्मलेश्यायुक्त जीव विशुद्धिको प्राप्त होता हुआ षट्स्थानपतित वृद्धिके द्वारा स्वस्थानमें वृद्धिको प्राप्त होता है, वही अनन्तगुणवृद्धिके द्वारा शुक्ललेश्यासे परिणत होता है। संक्लेशको प्राप्त होनेवाला पद्मलेश्या संयुक्त जीव षट्स्थानपतित हानिके द्वारा स्वास्थानमें हीनताको प्राप्त होता है, वही अनन्तगुणी हानिके द्वारा तेजलेश्यामें जाकर हीनताको प्राप्त होता है। इस प्रकार पद्मलेश्यावालेके परिणमन-का विधान समाप्त हुआ।

शुक्ललेश्याके परिणमनविधानका कथन करते हैं। यथा— शुक्ललेश्यावाला संक्लेशको प्राप्त होता हुआ षट्स्थानपतित हानिके द्वारा स्वास्थानमें हानिको प्राप्त होता है, वही अनन्तगुणहीन हानिके द्वारा पद्मलेश्यासे परिणत होता है। इस प्रकार संक्लेशको प्राप्त होते हुए शुक्ललेश्यायुक्त जीवके दो विकल्प हैं। शुक्ललेश्यायुक्त जीव विशुद्धिको प्राप्त होता हुआ षट्स्थानपतित वृद्धिके द्वारा स्वास्थानमें वृद्धिको प्राप्त होता है, उसका अन्य लेश्यामें संक्रम नहीं होता। विशुद्धिको प्राप्त होते हुए शुक्ललेश्यावालेका एक ही विकल्प है। इस प्रकार शुक्ललेश्याका परिणमनविधान समाप्त हुआ।

यहां तीव्र-मंदताकी अपेक्षा जघन्य व उत्कृष्ट संक्रम और प्रतिग्रहके अल्पबहुत्वका कथन करते

तं जहा— ताणि किण्ण-णीललेस्साओ पडुच्च वुच्चदे। णीलाए जहण्णयं लेस्सट्ठाणं थोवं। किण्णादो जम्हि णीलाए पडिघेप्पदि तं णीलाए जहण्णयं पडिग्गहट्ठाणमणंतगुणं। किण्णाए जहण्णयं संकमट्ठाणं जहण्णयं च किण्णट्ठाणं दो वि तुल्लाणि अणंतगुणाणि। णीलाए जहण्णयं संकमट्ठाणमणंतगुणं। किण्णाए जहण्णयं पडिग्गहट्ठाणमणंतगुणं। णीलाए उक्कस्सयं पडिग्गहट्ठाणमणंतगुणं। किण्णाए उक्कस्सयं संकमट्ठाणमणंतगुणं। णीलाए उक्कस्सयं संकमट्ठाणं उक्कस्सयं णीलट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि अणंतगुणाणि। किण्णाए उक्कस्सयं पडिग्गहट्ठाणमणंतगुणं। उक्कस्सयं किण्णलेस्सट्ठाणमणंतगुणं। एवं किण्ण-णीलाणं संकम-पडिग्गहे[1]प्पाबहुअं समत्तं।

एत्तो णील-काऊणं संकम-पडिग्गहाणमप्पाबहुअं वुच्चदे। तं जहा— जहा किण्ण-णीलाणं तहा काउ-णीलाणं वत्तव्वं। णवरि काउलेस्समादिं कादूण वत्तव्वं। एवं णील-काउसंकम-पडिग्गहप्पाबहुअं समत्तं।

संपहि काउ-तेउलेस्साओ पडुच्च अप्पाबहुअं वुच्चदे। तं जहा— काऊए जहण्णओ संकमो जहण्णट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि थोवाणि। तेऊए जहण्णयं ठाणं जहण्णो च संकमो तुल्लो अणंतगुणो। काऊए जहण्णयं पडिग्गहट्ठाणमणंतगुणं। तेऊए जहण्णओ पडिग्गहो अणंतगुणो। काऊए उक्कस्सयं संकमट्ठाणमणंतगुणं। तेऊए उक्कस्सयं संकम-

---

हैं। वह इस प्रकार है— उनका कथन कृष्ण व नील लेश्याओंके आश्रयसे करते हैं। नीललेश्याका जघन्य लेश्यास्थान स्तोक है। नीललेश्याके जिस स्थानमें कृष्णलेश्यासे प्रतिग्रहण होता है वह नीललेश्याका जघन्य प्रतिग्रहस्थान उससे अनन्तगुणा है। कृष्णका जघन्य संक्रमस्थान और जघन्य कृष्णस्थान दोनों ही तुल्य व अनन्तगुणे हैं। नीलका जघन्य संक्रमस्थान अनन्तगुणा है। कृष्णका जघन्य प्रतिग्रहस्थान अनन्तगुणा है। नीलका उत्कृष्ट प्रतिग्रहस्थान अनन्तगुणा है। कृष्णका उत्कृष्ट संक्रमस्थान अनन्तगुणा है। नीलका उत्कृष्ट संक्रमस्थान और उत्कृष्ट नीलस्थान दोनों ही तुल्य व अनन्तगुणे हैं। कृष्णका उत्कृष्ट प्रतिग्रहस्थान अनन्तगुणा है। उत्कृष्ट कृष्णलेश्यास्थान अनन्तगुणा है। इस प्रकार कृष्ण और नील लेश्याओंके संक्रम और प्रतिग्रहका अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

यहां नील और कापोत लेश्याओंके संक्रम और प्रतिग्रहके अल्पबहुत्व कथन करते हैं। यथा— जैसे कृष्ण और नील लेश्याओंके सम्बन्धमें कथन किया है वैसे ही कापोत और नील लेश्याओंके सम्बन्धमें भी कथन करना चाहिये। विशेषता इतनी है कि कापोतलेश्याको आदि करके यह कथन करना चाहिये। इस प्रकार नील और कापोत लेश्याओंके संक्रम-प्रतिग्रहका अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

अब कापोत और तेज लेश्याओंके आश्रयसे उक्त अल्पबहुत्वका कथन करते हैं। यथा— कापोतलेश्याका जघन्य संक्रम और जघन्य स्थान दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं। तेजलेश्याका जघन्य स्थान और जघन्य संक्रम दोनों तुल्य व उनसे अनन्तगुणे हैं। कापोतका जघन्य प्रतिग्रहस्थान अनन्तगुणा है। तेजका जघन्य प्रतिग्रहस्थान अनन्तगुणा है। कापोतका उत्कृष्ट संक्रमस्थान अनन्तगुणा है। तेजका उत्कृष्ट संक्रमस्थान अनन्तगुणा है। कापोतका उत्कृष्ट प्रति-

---

१ अ-काप्रत्योः 'संकमदिपडिग्गह' ताप्रतौ संकम [दि] पडिग्गह' इति पाठः।

ट्ठाणमणंतगुणं। काऊए उक्कस्सओ पडिग्गहो अणंतगुणो। तेऊए उक्कस्सओ पडिग्गहो अणंतगुणो। काऊए उक्कस्सयं ट्ठाणमणंतगुणं। तेऊए उक्कस्सयं ट्ठाणमणंतगुणं। एवं तेउ-काऊणं संकम-पडिग्गहप्पाबहुअं समत्तं।

तेउ-पम्माणं संकम-पडिग्गहप्पाबहुअं वुच्चदे। तं जहा— तेऊए जहण्णयं ट्ठाणं थोवं। तेऊए जहण्णओ पडिग्गहो अणंतगुणो। पम्माए जहण्णयं ट्ठाणं संकमो च दोण्णि वि तुल्लाणि अणंतगुणाणि। तेऊए जहण्णयं संकमट्ठाणमणंतगुणं। पम्माए जहण्णओ पडिग्गहो अणंतगुणो। तेऊए उक्कस्सओ पडिग्गहो अणंतगुणो। पम्माए उक्कस्सओ संकमो अणंतगुणो। तेऊए उक्कस्सओ संकमो उक्कस्सयं च ट्ठाणमणंतगुणं। पम्माए उक्कस्सओ पडिग्गहो अणंतगुणो। पम्माए उक्कस्सयं ट्ठाणमणंतगुणं। एवं तेउ-पम्माणं संकम-पडिग्गहप्पाबहुअं समत्तं।

संपहि पम्म-सुक्काणं वुच्चदे। तं जहा— पम्माए जहण्णयं ठाणं थोवं। पम्माए जहण्णओ पडिग्गहो अणंतगुणो। सुक्काए जहण्णओ संकमो जहण्णयं ठाणं च दोण्णि वि तुल्लाणि अणंतगुणाणि। पम्माए जहण्णओ संकमो अणंतगुणो। सुक्काए जहण्णओ पडिग्गहो अणंतगुणो। पम्माए उक्कस्सओ पडिग्गहो अणंतगुणो। सुक्काए उक्कस्सओ संकमो अणंतगुणो। पम्माए उक्कस्सयं ट्ठाणं संकमो च अणंतगुणो। सुक्काए उक्कस्सओ पडिग्गहो अणंतगुणो। उक्कस्सयं सुक्कलेस्सट्ठाणमणंतगुणं। एवं ति-चदु-पंच-छसंजोगाणं पि जाणिदूण अप्पाबहुअं कायव्वं। एवं लेस्सपरिणामे त्ति समत्तमणियोगद्दारं।

ग्रहस्थान अनन्तगुणा है। तेजका उत्कृष्ट प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। कापोतका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। तेजका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। इस प्रकार तेज और कापोत लेश्याओंके संक्रम और प्रतिग्रहका अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

तेज और पद्म लेश्याओंके संक्रम व प्रतिग्रहके अल्पबहुत्वका कथन करते हैं। यथा— तेजका जघन्य स्थान स्तोक है। तेजका जघन्य प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। पद्मका जघन्य स्थान और संक्रम दोनों ही तुल्य व अनन्तगुणे हैं। तेजका जघन्य संक्रमस्थान अनन्तगुणा है। पद्मका जघन्य प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। तेजका उत्कृष्ट प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। पद्मका उत्कृष्ट संक्रम अनन्तगुणा है। तेजका उत्कृष्ट संक्रम और उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। पद्मका उत्कृष्ट प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। पद्मका उत्कृष्ट स्थान अनन्तगुणा है। इस प्रकार तेज और पद्म लेश्याओंके संक्रम-प्रतिग्रहका अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

अब पद्म और शुक्ल लेश्याओंके प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करते हैं। यथा— पद्मका जघन्य स्थान स्तोक है। पद्मका जघन्य प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। शुक्लका जघन्य संक्रम और जघन्य स्थान दोनों ही तुल्य व अनन्तगुणे हैं। पद्मका जघन्य संक्रम अनन्तगुणा है। शुक्लका जघन्य प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। पद्मका उत्कृष्ट प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। शुक्लका उत्कृष्ट संक्रम अनन्तगुणा है। पद्मका उत्कृष्ट स्थान और संक्रम अनन्तगुणा है। शुक्लका उत्कृष्ट प्रतिग्रह अनन्तगुणा है। उत्कृष्ट शुक्ललेश्यास्थान अनन्तगुणा है। इस प्रकार तीन, चार, पांच और छह संयोगोंके भी अल्पबहुत्वका कथन जानकर करना चाहिये। इस प्रकार लेश्यापरिणाम अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

१६

सादासादाणियोगद्दारं

अजियं जियसयलविभुं परमं जय-जीयबंधवं णमिउं ।
सादासादणियोगं समासदो वण्णइस्सामो ॥१॥

सादासादे त्ति अणियोगद्दारस्स पंच अणियोगद्दाराणि । तं जहा— समुक्कित्तणा अट्ठपदं पदमीमांसा सामित्तं अप्पाबहुअं चेदि । समुक्कित्तणा त्ति जं पदं तस्स विहासा । तं जहा— एयंतसादं अणेयंतसादं एयंतअसादं अणेयंतअसादं च अत्थि । समुक्कित्तणा गदा ।

अट्ठपदं । तं जहा— जं कम्मं सादत्ताए बद्धं असंछुद्धं अपडिच्छुद्धं सादत्ताए वेदिज्जदि तमेयंतसादं । तव्वदिरित्तं अणेयंतसादं । जं कम्मं असादत्ताए बद्धं असंछुद्धं अपडिच्छुद्धं असादत्ताए वेदिज्जदि तमेयंतअसादं । तव्वदिरित्तमणेयंतअसादं । एवं अट्ठपदं गदं ।

पदमीमांसा । तं जहा— एयंतसादमत्थि उक्कस्सयमणुक्कस्सयं जहण्णमजहण्णयं च । एवं सेसाणं पि वत्तव्वं । पदमीमांसा[1] गदा ।

जिन्होंने समस्त विभुओंपर विजय प्राप्त कर ली है और जो जगत्‌के जीवोंके हितैषी हैं उन उत्कृष्ट अजित जिनेन्द्रको नमस्कार करके संक्षेपमें सातासातअनुयोगद्वारका वर्णन करते हैं ॥ १ ॥

'सातासात' इस अनुयोगद्वारके पांच अवान्तर अनुयोगद्वार हैं । यथा— समुत्कीर्तना, अर्थपद, पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व । समुत्कीर्तना यह जो पद है उसकी विभाषा बतलाते हैं । यथा— एकान्तसात, अनेकान्तसात, एकान्तअसात और अनेकान्तअसात है । समुत्कीर्तना समाप्त हुई ।

अर्थपदका कथन इस प्रकार है— सातास्वरूपसे बांधा गया जो कर्म संक्षेप व प्रतिक्षेपसे रहित होकर सातास्वरूपसे वेदा जाता है उसका नाम एकान्तसात है । इससे विपरीत अनेकान्तसात है । जो कर्म असातास्वरूपसे बांधा जाकर संक्षेप व प्रतिक्षेपसे रहित होकर असातास्वरूपसे वेदा जाता है उसका नाम एकान्तअसात है । इससे विपरीत अनेकान्तअसात कहा जाता है । इस प्रकार अर्थपद समाप्त हुआ ।

पदमीमांसाका कथन इस प्रकार है— एकान्तसात उत्कृष्ट है, अनुत्कृष्ट है, जघन्य है और अजघन्य भी है । इसी प्रकार शेष अनेकान्तसात आदिके सम्बन्धमें भी कहना चाहिये । इस प्रकार पदमीमांसा समाप्त हुई ।

---

१ ताप्रतौ 'एवं मामांसा' इति पाठः ।

सामित्तं । तं जहा— उक्कस्समयमेयंतसादं कस्स होदि ? अभवसिद्धियपाओग्गे पयदं । जो सत्तमाए पुढवीए णेरइयो गुणिदकम्मंसियो तत्तो उव्वाट्टिदो[1] संतो सव्वलहुं एक्कत्तीससागरोवमट्ठिदियं देवलोगं गच्छिहिदि । किं कारणं ? तस्स सादवेदयद्धाओ सव्वमहंतीयो बहुआओ च भविस्संति । तदो जो एवं देवलोगे भविस्सो सत्तमाए पुढवीए णेरइयो तस्स चरिमसमयणेरइयस्स उक्कस्सयमेयंतसादं । अणेयंतसादमुक्कस्सयं कस्स ? जो सत्तमाए पुढवीए णेरइयो बादरपुढविकाइएसु तसकाइएसु च कम्मं गुणेदूण आगदो, तस्स पुण जो अधापवत्तसंकमेण असंकमस्स अवहारकालो तत्तियमेत्तं जीविदव्वस्स सेसं, सो च तं जीविदव्वसेसं सव्वमसादो भविस्सदि, तस्स पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागसेसाउअस्स णेरइयस्स उक्कस्सयमणेयंतसादं । उक्कस्सयमेयंतअसादं[2] कस्स ? जारिसस्स[3] णेरइयस्स उक्कस्सयमणेयंतं सादं कदं तारिसस्सेव णेरइयस्स उक्कस्सयमेयंतअसादं । णवरि णाणत्तं बादरकाइएसु[4] अच्छिदो वा ण वा । उक्कस्सयमणेयंतअसादं कस्स ? जस्स उक्कस्सयमेयंतअसादं तस्सेव उक्कस्सयमणेयंतअसादं । णवरि बादरकाइएसु तसकाइएसु च कम्मं गुणेदूण णिरयगइं पवेसेदव्वो । तस्स देवलोगभाविस्स चरिमसमयणेरइयस्स उक्कस्सयमणेयंतं असादं ।

स्वामित्वका कथन किया जाता है । यथा— उत्कृष्ट एकान्तसात किसके होता है ? यहां अभव्यसिद्धिकप्रायोग्य प्रकृत है । जो सातवीं पृथिवीका नारकी गुणितकर्मांशिक वहांसे निकल कर सर्वलघु कालमें इकतीस सागरोपम आयुस्थितिवाले देवलोकको प्राप्त होगा उसके होता है ।

शंका— इसका कारण क्या है ?

समाधान— इसका कारण यह है कि उसके सातावेदककाल सबसे महान् और बहुत होंगे।

इसलिये जो इस प्रकारके देवलोकमें होनेवाला सातवीं पृथिवीका नारकी है उस अन्तिम समयवर्ती नारकीके उत्कृष्ट एकान्तसात होता है । उत्कृष्ट अनेकान्तसात किसके होता है ? जो सातवीं पृथिवीका नारकी बादर पृथिवीकायिकों और त्रसकायिकोंमें कर्मको गुणित करके (गुणितकर्मांशिक होकर) आया है, उसका जो अधःप्रवृत्तसंक्रमसे असंक्रमका अवहारकाल है उतना मात्र जीवन शेष है, वह उस शेष सब जीवन पर्यन्त सातासे रहित होगा, उस पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र शेष आयुवाले नारकीके उत्कृष्ट अनेकान्तसात होता है । उत्कृष्ट एकान्तअसात किसके होता है ? जिस प्रकारके नारकीके उत्कृष्ट अनेकान्तसात किया गया है उसी प्रकारके ही नारकीके उत्कृष्ट एकान्तअसात होता है । विशेष इतना है वह बादरकायिकोंमें रह भी सकता और नहीं भी । उत्कृष्ट अनेकान्तअसात किसके होता है ? जिसके उत्कृष्ट एकान्तअसात होता है उसीके उत्कृष्ट अनेकान्तअसात होता है । विशेष इतना है कि बादरकायिकोंमें और त्रसकायिकोंमें कर्मको गुणित करके उसे नरकगतिमें प्रविष्ट कराना चाहिये । देवलोकमें उत्पन्न होनेवाले उसी अन्तिम समयवर्ती नारकीके उत्कृष्ट अनेकान्तअसात होता है ।

१ प्रतिषु 'उवट्टिदो' इति पाठः । २ अ-काप्रत्योः 'मेयंतसादं' इति पाठः । ३ अप्रतौ 'जाविसस्स', ताप्रतौ 'जावि (रि) सस्स' इति पाठः । ४ अ-काप्रत्योः 'णाणत्तबादरं' इति पाठः ।

जहण्णयमेयंतं सादं[1] कस्स ? जो पढमसमयो णेरइयो सव्वजहण्णएण जोगेण सादं बंधदि, जत्तियमेत्तो अधापवत्तसंकमेण असंकमस्स अवहारकालो उक्कस्सओ तत्तो समऊणं कालं[2] असादो होहिदि त्ति तदो जं तस्स तइया पढमसमयसादस्स अधाट्ठिदियमुदयमेहिदि[3] तप्पढमसमयणेरइयस्स जहिण्णयमेयंतसादं[4]। जहण्णयमणेयंतसादं कस्स ? जो सुहुमसंतकम्मेण जहण्णएण तसेसु उववण्णो, तत्थ पढमसमयतब्भवत्थमादिं कादूण सव्वचिरमसादं बंधिदूण तस्स चरिमसमयअसादबंधयस्स जहण्णयमणेयंतसादं। सो च पुण तं चरिमसमयअसादबंधमादिं कादूण सव्वरहस्सेण कालेण एक्कत्तीससागरोवमाउट्ठिदिदेवगदिं गाहिदि। तत्थ सव्वमहंतीओ सव्वबहुगीओ च सादवेदगद्धाओ भविस्संति। जहण्णयं एयंतं असादं कस्स ? जस्स जहण्णयं अणेयंतसादं तस्स चेव जहण्णयमेयंतअसादं भाणिदव्वं। णवरि असादेण जहण्णएण तसेसु उववण्णो, तत्थ च सादबंधयद्धमुक्कस्सयं बंधिदूण चरिमसमयसादबंधगो जादो, तस्स जहण्णयमेयंतअसादं। जहण्णयमणेयंतमसादं कस्स ? एदस्स चेव, सुहुमेहि जहण्णएण असादकम्मेण आगदो तसेसु उववण्णो, उक्कस्सयं सादबंधयद्धं बंधिदूण जो चरिमसमयसादबंधओ जादो, तस्स जहण्णयमणेयंतअसादं। सो च पुण सव्वलहुं णिरयं गाहिदि, तत्थ पलिदोवमपुधत्तं वा चिरयरयं[5] वा असादो होहिदि, तदो तारिसस्स तिस्से पढम-

जघन्य एकान्तसात किसके होता है ? जो प्रथम समयवर्ती नारकी सर्वजघन्य योगसे साताको बांधता है, जितना मात्र अधःप्रवृत्तसंक्रमसे असंक्रमका उत्कृष्ट अवहारकाल है उससे एक समय कम काल साता रहित होगा, इसलिये उस प्रथम समयवर्ती असातके उस समय जो अधःस्थिति उदयप्राप्त होगी उसके प्रथम समयवर्ती नारकीके जघन्य एकान्तसात होता है। जघन्य अनेकान्तसात किसके होता है ? जो जघन्य सूक्ष्म सत्कर्मके साथ त्रसोंमें उत्पन्न हुआ है, वहां प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थको आदि करके सर्वाचिर काल असाताको बांधता है उस अन्तिम समयवर्ती असातबन्धकके जघन्य अनेकान्तसात होता है। वह भी उस अन्तिम समय रूप असातबन्धको आदि करके सर्वलघु कालमें इकतीस सागरोपम आयुस्थितियुक्त देवगतिको प्राप्त होगा। वहां सबसे महान् और सबसे अधिक सातवेदककाल होंगे। जघन्य एकान्तअसात किसके होता है ? जिसके जघन्य अनेकान्तसात होता है उसीके जघन्य एकान्तअसात कहना चाहिये। विशेष इतना है कि जघन्य असातके साथ त्रसोंमें उत्पन्न हुआ है और वहां उत्कृष्ट असातबन्धककाल तक उत्कृष्ट बन्ध करके अन्तिम समयवर्ती असातबन्धक हुआ है उसके जघन्य एकान्तअसात होता है। जघन्य अनेकान्तअसात किसके होता है ? वह इसीके होता है— सूक्ष्म योग्य जघन्य असातकर्मके साथ आकर, त्रसोंमें उत्पन्न होकर व उत्कृष्ट सातबन्धककाल तक बन्ध करके जो अन्तिम समयवर्ती सातबन्धक हुआ है उसके जघन्य अनेकान्तअसात होता है। वह सर्वलघु कालमें नारक भवको प्राप्त करेगा, वहां पल्योपमपृथक्त्व काल अथवा चिरतर काल तक साता रहित होगा, इसलिये उक्त प्रकारके जीवके उस प्रथम सातबन्धक कालके

१ ताप्रतौ '-मेयंतसादं' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'समऊणकालं' इति पाठः। ३ अ-काप्रत्योः 'अधाविदिय-' इति पाठः। ४ अ-काप्रत्योः 'जहण्णिया-' इति पाठः। ५ ताप्रतौ 'विरयरयं' इति पाठः।

सादबंधगद्धाए चरिमसमए जहण्णयमणेयंतअसादं । एवं अभवसिद्धियपाओग्गे सामित्तं गदं ।

भवसिद्धियपाओग्गे एयंतसादमुक्कस्सयं कस्स ? जो सत्तमादो पुढवीदो सव्वलहुं मणुसगइमागदो, सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदो, चरिमसमयभवसिद्धियो वि संतो सादवेदगो होहिदि, तस्स चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स उक्कस्सयमेयंतसादं । उक्कस्सयमेयंतमसादं कस्स ? एरिसयस्सेव चरिमभवमणुस्सस्स चरिमे असादबंधे च चरिमसमयअसादबंधयस्स । सो च पुण चरिमसमयभवसिद्धियट्ठाणे असादवेदओ होदि । उक्कस्सयमणेयंतं सादं कस्स ? चरिमसमयभवसिद्धियस्स सादवेदयस्स । उक्कस्सयमणेयंतं असादं कस्स ? गुणिदकम्मंसियस्स चरिमसमयभवसिद्धियस्स असादवेदयस्स । जहण्णयाणि[1] सामित्ताणि जहा अभवसिद्धियस्स तारिसाणि चेव । एवं सामित्तं गदं ।

पदेसग्गस्स[2] पमाणाणुगमो— अभवसिद्धियस्स उक्कस्सं पि एयंतसादं एयंतअसादं वा समयपबद्धस्स असंखेज्जपलिदोवमवग्गमूलभागो । भवसिद्धियस्स उक्कस्सयमेयंतसादं एयंतअसादं[3] च समयपबद्धा अंतोमुहुत्तमेत्ता, जवमज्झसमयपबद्धा च अवहारकालमेत्ता । एवं पमाणपरूवणा गदा ।

अन्तिम समयमें जघन्य अनेकान्तअसात होता है । इस प्रकार अभव्यसिद्धिक प्रायोग्यके आश्रयसे स्वामित्वका कथन समाप्त हुआ ।

भव्यसिद्धिकप्रायोग्यके आश्रयसे उत्कृष्ट एकान्तसात किसके होता है ? जो सातवीं पृथिवीसे सर्वलघु कालमें मनुष्यगतिमें आकर और सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होकर अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक भी होता हुआ सातवेदक होगा उस अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके उत्कृष्ट एकान्तसात होता है । उत्कृष्ट एकान्तअसात किसके होता है ? वह ऐसे ही अन्तिम भववाले (चरमशरीरी) मनुष्यके अन्तिम असातबन्धमें अन्तिम समयवर्ती असातबन्धक होनेपर होता है । वह भी अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक स्थानमें असातवेदक होता है । उत्कृष्ट अनेकान्तसात किसके होता है ? वह सातवेदक अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिकके होता है । उत्कृष्ट अनेकान्तअसात किसके होता है ? वह गुणितकर्मांशिक अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक असातवेदकके होता है । जघन्य स्वामित्व जैसे अभव्यसिद्धिकके कहे गये हैं वैसे ही भव्यसिद्धिके भी हैं । इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

प्रदेशाग्रके प्रमाणानुगमकी प्ररूपणा की जाती है— अभव्यसिद्धिकका उत्कृष्ट एकान्तसात और एकान्तअसात समयप्रबद्धके असंख्यात पल्योपम वर्गमूल प्रमाण है । भव्यसिद्धिकके उत्कृष्ट एकान्तसात और एकान्तअसात समयप्रबद्ध अन्तर्मुहूर्त मात्र हैं । यवमध्यसमयप्रबद्ध अवहारकाल मात्र हैं । प्रमाणप्ररूपणा समाप्त हुई ।

---

१ ताप्रतौ 'जहण्णयावि (णि)' इति पाठः । २ ताप्रतौ 'पदेसस्स' इति पाठः ।
३ ताप्रतौ 'एयंतं असादं इति पाठः ।

एत्तो अभवसिद्धियपाओग्गे अप्पाबहुअं कायव्वं । तं जहा— सव्वत्थोवमुक्कस्सय-मेयंतं सादं । एयंतं असादं असंखेज्जगुणं । अणेयंतं असादं असंखे० गुणं ।

णिरयगईए तिरिक्खेसु तिरिक्खिणीसु मणुस्सेसु मणुस्सिणीसु देवेसु देवीसु च एइंदिय-बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदिएसु उक्कस्सअप्पाबहुअस्स ओघभंगो ।

सव्वत्थोवं जहण्णयमेयंतमादं । एयंतअसादमसंखेज्जगुणं । अणेयंतसादं असंखे० गुणं । अणेयंतअसादं संखे० गुणं । सव्वासु गदीसु सव्वेसु एइंदिएसु[1] ओघभंगो । एवमभवसिद्धियपाओग्गे अप्पाबहुअं समत्तं ।

भवसिद्धियपाओग्गे उक्कस्सए अप्पाबहुअं । तं जहा— सव्वत्थोवमुक्कस्सयं एयंतसादं । एयंतअसादं संखेज्जगुणं । अणेयंतअसादं असंखे० गुणं । अणेयंतसादं विसेसाहियं ।

णिरयगईए उक्कस्सयमेयंतसादं थोवं । एयंतअसादं संखेज्जगुणं । अणेयंतसादम-संखे० गुणं । अणेयंतअसादं संखे० गुणं । मणुसगईवज्जासु[2] सव्वासु गदीसु एइंदिएसु च णिरयगइभंगो । मणुस्सेसु मणुसिणीसु ओघभंगो । जहा अभवसिद्धियपाओग्गे जहण्णयं तहा[3] भवसिद्धियपाओग्गे वि जहण्णयं कायव्वं ।

यहां अभव्यसिद्धिकप्रायोग्यके आश्रयसे अल्पबहुत्व करते हैं । यथा— उत्कृष्ट एकान्त-सात सबसे स्तोक है । एकान्तअसात उससे असंख्यातगुणा है । अनेकान्तअसात असंख्यात-गुणा है ।

नरकगतिमें, तिर्यंचोंमें, तिर्यंचनियोंमें, मनुष्योंमें, मनुष्यनियोंमें, देवोंमें, देवियोंमें, तथा एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय व चतुरिन्द्रिय जीवोंमें उत्कृष्ट अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा ओघके समान है ।

जघन्य एकान्तसात सबसे स्तोक है । एकान्तअसात उससे असंख्यातगुणा है । अनेकान्तसात असंख्यातगुणा है । अनेकान्तअसात संख्यातगुणा है ।

सब गतियों और सब एकेन्द्रियोंमें जघन्य अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा ओघके समान है । इस प्रकार अभव्यसिद्धिक प्रायोग्यके आश्रित अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

भव्यसिद्धिकप्रायोग्यके आश्रयसे अल्पबहुत्वका कथन करते हैं । वह इस प्रकार है— उत्कृष्ट एकान्तसात सबसे स्तोक है । एकान्तअसात संख्यातगुणा है । अनेकान्तअसात असंख्यातगुणा है । अनेकान्तसात विशेष अधिक है ।

नरकगतिमें उत्कृष्ट एकान्तसात सबसे स्तोक है । एकान्तअसात संख्यातगुणा है । अनेकान्तसात असंख्यातगुणा है । अनेकान्तअसात संख्यातगुणा है । मनुष्यगतिको छोड़कर शेष सब गतियोंमें और एकेन्द्रियोंमें नरकगतिके समान प्ररूपणा है । मनुष्यों और मनुष्यनियोंमें ओघके समान प्ररूपणा है । जघन्य अल्पबहुत्व जैसे अभव्यसिद्धिकप्रायोग्यके विषयमें किया गया है वैसे ही भव्यसिद्धिक प्रायोग्यके विषयमें भी करना चाहिये ।

१ ताप्रतौ 'सव्वेसु इंदिएसु' इति पाठः । २ अ-काप्रत्योः 'मणुसगईए' इति पाठः ।
३ अप्रतौ 'तम्हा' इति पाठः ।

